सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.0 न्यू | 25.5 अधि |
| धर्मशाला | 16.8 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,802 |
| निफ्टी | 24,013 |
| सोना 1,45,000 | चांदी 2,31000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 20 जून 2026 | 6 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 172, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129 62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

## न्यूज शॉर्ट्स

### अमेरिका में घोड़ा-गाड़ी हादसे में पठानकोट के युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट।** अमेरिका घूमने गए पठानकोट के इंदिरा कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय छात्र रोमांच महाजन की न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में घोड़ा-गाड़ी हादसे में मौत हो गई। परिवार के साथ सैर के दौरान हुए इस हादसे ने उनकी खुशियों को



मातम में बदल दिया। जानकारी के अनुसार, रोमांच अपने परिवार के साथ पारंपरिक हॉर्स कैरिज में सेंट्रल पार्क की सैर कर रहा था, तभी घोड़ा अचानक बेकाबू हो गया और तेज रफ्तार में दौड़ने लगा। इस दौरान बग्गी दूसरी गाड़ी से टकराकर पलट गई। हादसे में रोमांच गंभीर रूप से घायल हो गया और सिर में गहरी चोट लगने के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त उसके माता-पिता भी मौके पर मौजूद थे।

### काला हिरण मामले में अगली सुनवाई अब एक जुलाई को

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अभिनेता सलमान खान की ओर से फिल्म 'काला हिरणः द बैटल फॉर लेगेसी' की रिलीज पर रोक लगाने संबंधी याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई एक जुलाई तक टाल दी है। सुनवाई के दौरान फिल्म निर्माताओं ने अदालत को बताया कि उन्हें याचिका की पूरी प्रति नहीं मिली है। इस पर अदालत ने सलमान खान के वकील को सभी पक्षों को याचिका की पूर्ण कॉपी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सलमान खान का आरोप है कि फिल्म में उनके नाम, छवि और व्यक्तित्व से मिलते-जुलते तत्वों का बिना अनुमति उपयोग किया गया है, जो उनके पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन है। उन्होंने फिल्म की रिलीज, प्रचार और डिजिटल स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने की मांग की है। फिल्म के टीजर और पोस्टर में दिखाए गए किरदार को लेकर भी विवाद बना हुआ है, जिसे सलमान खान से प्रेरित बताया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### ममता-अभिषेक बनर्जी को अदालत की अवमानना के आरोप में नोटिस

**एजेंसी, कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी और पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी को अदालत की अवमानना के आरोप में नोटिस जारी किया है। मामला पिछले वर्ष 21 जुलाई को आयोजित शहीद रैली से जुड़ा है, जिसमें कोलकाता की प्रमुख सड़क बंद किए जाने का आरोप है। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि रैली के दौरान हाई कोर्ट के 2018 के उस आदेश का उल्लंघन हुआ, जिसमें किसी भी बड़ी सड़क को पूरी तरह बंद न करने के निर्देश दिए गए थे। न्यायमूर्ति अरिजीत बंद्योपाध्याय और न्यायमूर्ति अपूर्व सिन्हा की खंडपीठ ने नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई तय की है। (अनंत ज्ञान)

### पीएम मोदी ने राहुल गांधी को दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को उनके जन्मदिन के मौके पर शुक्रवार को शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ एवं लंबी उम्र की कामना की। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं। उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं। (अनंत ज्ञान)

# ग्रीन हाइड्रोजन पर रिसर्च करें एचपीयू के शोधार्थी : सीएम सुक्खू

## 10.09 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित आधुनिक मल्टी फैकल्टी भवन की दी सौगात

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र को नई दिशा देने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय से भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में शोध को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते समय में नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी दक्षता ही युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगी।



एचपीयू में विकास परियोजनाओं की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री ने 10.09 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित आधुनिक मल्टी फैकल्टी भवन का उद्घाटन किया। इस भवन में तीन शैक्षणिक मंजिलों के साथ कंप्यूटर-कम-सीबीटी लैब और पार्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने नवनिर्मित सीबीटी लैब का भी लोकार्पण किया, जिससे अब शिमला जिला सहित आसपास के क्षेत्रों के युवा विभिन्न कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर में ही दे सकेंगे। इस सुविधा से लगभग 250 अभ्यर्थी एक साथ लाभान्वित होंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 8.25 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले नए पांच मंजिला अकादमिक ब्लॉक का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि बढ़ती छात्र संख्या और आधुनिक शिक्षा की आवश्यकताओं को देखते हुए अतिरिक्त कक्षाओं और शैक्षणिक संसाधनों का विस्तार बेहद जरूरी है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन की विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा संस्थानों को मजबूत बनाने के लिए हरसंभव सहयोग जारी रखेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय राज्य का गौरवशाली शिक्षण संस्थान है और वे स्वयं भी इसके छात्र रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विश्वविद्यालय के विकास के लिए प्रतिवर्ष लगभग 150 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान कर रही है, जिससे आधारभूत ढांचे, डिजिटल परिवर्तन और शैक्षणिक उत्कृष्टता को नई मजबूती मिल रही है।

### ग्रीन हाइड्रोजन से आत्मनिर्भर बनने की ओर हिमाचल

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा नालागढ़ में राज्य की पहली ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल देश को लगभग 90 हजार करोड़ रुपए मूल्य की पारिस्थितिकी सेवाएं प्रदान करता है, लेकिन राजस्व घाटा अनुदान में संभावित कमी राज्य के लिए चुनौती बन सकती है। इसके बावजूद सरकार उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग और दूरदर्शी नीतियों के माध्यम से हिमाचल को आत्मनिर्भर, आर्थिक रूप से सशक्त और देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

# ईरान-अमेरिका पीस डील के बाद इसराइल ने लेबनान पर किया हमला,18 की मौत

**एजेंसी, वॉशिंगटन/तेहरान**

ईरान-अमेरिका के बीच वीरवार रात पीस पर दस्तखत हुए। इसके एक दिन बाद इसराइल ने लेबनान पर हमला किया जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है। पीस डील की शर्तों के मुताबिक इसराइल को लेबनान पर हमले रोकने थे लेकिन पीएम नेतन्याहू ने इससे इनकार कर दिया था।

इसराइली सेना ने दावा किया है कि उसने वीरवार रात से अब तक दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में 80 से ज्यादा ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं, जिनमें हिजबुल्लाह के दर्जनों लड़ाके मारे गए हैं।

दूसरी ओर हिजबुल्लाह के हमले में दक्षिणी लेबनान में 4 इसराइली सैनिकों की मौत हो गई है। इससे नाराज होकर इसराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन गवीर ने तीखा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पूरा लेबनान जलना चाहिए।

आज अमेरिका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड में बातचीत होनी थी जो रद्द हो गई है। अमेरिकी मीडिया एक्सियोस के मुताबिक, इसकी वजह इसराइल के लेबनान पर लगातार हमला हो सकता है।



### नेतन्याहू की चेतावनी- हिजबुल्लाह को चुकानी होगी बहुत भारी कीमत

**इसराइली** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हिजबुल्लाह को अपने हमले की बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह बयान दक्षिणी लेबनान में विस्फोटक हमले में चार इसराइली सैनिकों के मारे जाने के बाद आया है। नेतन्याहू ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि हिजबुल्लाह के आपराधिक हमले और संघर्षविराम के खुले उल्लंघन के बाद मैंने वीरवार रात ही सेना को हिजबुल्लाह पर जोरदार हमला करने का निर्देश दिया था।

सीएनएन ने भी एक डिप्लोमैट के हवाले से बताया कि ईरान ने कहा है कि अमेरिका पहले लेबनान पर हमले रुकने की गारंटी दे, तभी आगे की बातचीत होगी। अमेरिका-ईरान समझौते के बाद कुल 25 कमर्शियल जहाज होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरे। अल जजीरा के मुताबिक, 18 अप्रैल के बाद यह पहला मौका है जब एक ही दिन में इतनी बड़ी संख्या में जहाजों ने इस रास्ते का इस्तेमाल किया। (अनंत ज्ञान)

# नीट अभ्यर्थियों को एचआरटीसी बसों में मिलेगी मुफ्त यात्रा सुविधा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नीट-2026 की तैयारी में जुटे हजारों विद्यार्थियों के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार और एचआरटीसी ने बड़ी राहत प्रदान की है। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट-2026 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने और परीक्षा के बाद घर लौटने के लिए एचआरटीसी की साधारण बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा विद्यार्थियों की यात्रा को आसान, सुरक्षित और आर्थिक रूप से राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई है।



जानकारी के अनुसार 21 जून, 2026 को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र को पहचान, निवास स्थान और परीक्षा केंद्र के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत कर इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। निशुल्क यात्रा की यह व्यवस्था अभ्यर्थी के निवास स्थान से परीक्षा केंद्र तक एक बार जाने और एक बार वापस लौटने के लिए मान्य होगी। यह विशेष रियायत 20 जून से 22 जून तक प्रभावी रहेगी। एचआरटीसी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा केवल निगम की साधारण बस सेवाओं में ही उपलब्ध होगी।

# हिमाचल के मैदानी इलाकों में फिर बढ़ी गर्मी, शिमला में बरसे बादल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून से पहले मौसम के मिले-जुले तेवर देखने को मिल रहे हैं। शुक्रवार को अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ रहने से मैदानी इलाकों में गर्मी और उमस बढ़ गई, जबकि शिमला में शाम को हुई हल्की बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने 20 से 22 जून तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में आंधी, बारिश और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना जताई गई है।



शुक्रवार को ऊना प्रदेश का सबसे गर्म क्षेत्र रहा, जहां अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं शिमला में 25 डिग्री और केलांग में सबसे कम 17.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। बीते 24 घंटों के दौरान चंबा के सलूणी में सबसे अधिक 31 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा संगड़ाह, राजगढ़, धर्मशाला, जोत और कोटखाई में भी अच्छी वर्षा हुई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में प्री-मानसून गतिविधियां और तेज होंगी तथा 25 जून के आसपास दक्षिण-पश्चिम मानसून के हिमाचल में प्रवेश करने की संभावना है। किसानों, बागवानों और यात्रियों को मौसम को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# हिमाचल के जंगल बन सकते हैं 22,600 करोड़ की हरित अर्थव्यवस्था का आधार

अनंत ज्ञान

◆ **एआई आधारित फॉरेस्ट इंटेलिजेंस रिपोर्ट में वन संसाधनों के बड़े आर्थिक अवसरों का खुलासा**

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरण संरक्षण के साथ अब हरित अर्थव्यवस्था का बड़ा केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। एआई आधारित फॉरेस्ट इंटेलिजेंस प्रणाली और नई अध्ययन रिपोर्ट में राज्य के जंगलों से 22,600 करोड़ रुपए तक की हरित जैव-अर्थव्यवस्था की संभावनाएं सामने आई हैं।

हिमाचल प्रदेश वन विभाग और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के भारतीय लोक नीति संस्थान द्वारा तैयार रिपोर्ट 'क्राउडिंग ग्रीन वेल्थ टुवड्र्स ए फ्यूचर-रेडी पीपुल्स फॉरेस्ट इकोनॉमी इन हिमाचल प्रदेश' का विमोचन मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत, आईएसबी के कार्यकारी निदेशक प्रो. अश्विनी छात्रे और पर्यावरण विभाग के निदेशक डॉ. पुष्पेंद्र राणा ने किया। रिपोर्ट में पहली बार सैटेलाइट इमेजिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और फील्ड डेटा को जोड़कर राज्य के वन संसाधनों का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया गया है।

अध्ययन में चार प्रमुख क्षेत्रों-जंगली फल एवं स्वास्थ्य उत्पाद, चीड़ की सूखी पत्तियों से ईको-कोल, खैर आधारित उद्योग और बांस आधारित उत्पाद में बड़े आर्थिक अवसर बताए गए हैं।

अधिकारियों के अनुसार एआई और सैटेलाइट तकनीक से वन क्षेत्रों की रियल-टाइम निगरानी संभव होगी, जिससे वनाग्नि नियंत्रण और जलवायु वित्त पोषण के नए अवसर भी मिलेंगे।

# फतेहपुर में अवैध लकड़ी से भरे 8 वाहन जब्त

## सीआईए टीम की बड़ी कार्रवाई, जंगलों की लूट पर उठे कई बड़े सवाल

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** फतेहपुर के बडूखर-रियाली क्षेत्र में सीआईए नूरपुर की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लकड़ी से लदे सात बोलेरो वाहन और एक ट्रक को कब्जे में लिया है। ये वाहन पंजाब की ओर जा रहे थे।

सूत्रों के अनुसार लंबे समय से क्षेत्र में जंगलों में अवैध कटान और लकड़ी तस्करी की गतिविधियां चलने की चर्चाएं थीं। कार्रवाई के बाद पूरे नेटवर्क को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, जिससे जंगलों की हरियाली को नुकसान पहुंचता रहा। सीआईए की कार्रवाई के बाद वन विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर नियमित निगरानी होती, तो इस तरह की तस्करी पर रोक लगाई जा सकती थी।



फतेहपुर में जब्त किए अवैध लकड़ी से भरे वाहन। अनंत ज्ञान

एसपी कुलभूषण वर्मा ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान वाहनों को रोका गया, लेकिन चालक लकड़ी से जुड़े वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। सभी वाहनों के खिलाफ थाना फतेहपुर में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस कथित तस्करी नेटवर्क में कौन-कौन शामिल है।

### नीट-यूजी याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा और उससे जुड़ी चिंताओं पर दायर याचिकाओं की तत्काल सुनवाई से शुक्रवार को इनकार कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि परीक्षा से जुड़े सभी मामले पहले से ही न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष लंबित हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के समक्ष परीक्षार्थियों की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने मामले का उल्लेख करते हुए जल्द सुनवाई का आग्रह किया। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि नीट से संबंधित सभी याचिकाओं पर न्यायमूर्ति नरसिम्हा की पीठ ही विचार करेगी और इसमें किसी तरह की जल्दबाजी की आवश्यकता नहीं है। (अनंत ज्ञान)




**रोमांच** — गोबिंदसागर के ऊपर सीखेंगे आपातकालीन उड़ान तकनीकें, अंतरराष्ट्रीय एसआईवी कोर्स के लिए बुकिंग शुरू

# बंदलाधार में फिर होगी उड़ान, एसआईवी पैराग्लाइडिंग कोर्स की तैयारी तेज

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** बिलासपुर की बंदलाधार एक बार फिर आसमान में रोमांच की नई उड़ान भरने को तैयार है। मानसून प्रतिबंध खत्म होते ही यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के एसआईवी (सिमुलेशन डी 'इंसिडेंट एन वोल ) पैराग्लाइडिंग कोर्स शुरू होंगे, जिनके लिए अभी से बुकिंग आने लगी है। देश की चुनिंदा और हिमाचल की सबसे महत्वपूर्ण एक्रो पैराग्लाइडिंग साइट्स में शुमार बंदलाधार न केवल साहसिक खेलों का प्रमुख केंद्र बन रही है, बल्कि स्थानीय पर्यटन और अर्थव्यवस्था के लिए भी नई उम्मीदें जगा रही है। इस वर्ष दो प्रतिष्ठित पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण संस्थानों—पीजी गुरुकुल और टेंपल पायलट स्कूल—ने पहले ही अपनी



उड़ान भरते पैरा ग्लाइडर पायलट।

बुकिंग सुनिश्चित कर दी है।

प्रदेश सरकार द्वारा मानसून के दौरान सुरक्षा कारणों से 15 जुलाई से 15 सितंबर तक साहसिक पर्यटन गतिविधियों पर रोक लगाई जाती है। इसके बाद मौसम अनुकूल होते ही बंदलाधार में पैराग्लाइडिंग और एसआईवी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

बंदलाधार को देश की चुनिंदा एक्रो और एसआईवी पैराग्लाइडिंग साइट्स में गिना जाता है। यहां की भौगोलिक बनावट, उड़ान के लिए अनुकूल वायु प्रवाह और नीचे फैला विशाल गोबिंदसागर जलाशय इसे विशेष बनाता है। यही वजह है कि हर वर्ष हिमाचल, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक, दिल्ली और विदेशों से भी पायलट यहां प्रशिक्षण लेने पहुंचते हैं।

बंदला पैराग्लाइडिंग साइट को राज्य स्तर पर साहसिक पर्यटन गतिविधियों के लिए स्वीकृति प्राप्त है तथा इसे प्रदेश के उभरते एडवेंचर टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं पर्यटन कारोबारी संजू

**स्थानीय** पर्यटन कारोबारी संजू ने बताया कि दो स्कूलों की ओर से पहले ही बुकिंग की जा चुकी है और आने वाले दिनों में अन्य संस्थानों से भी संपर्क हो रहा है। एसआईवी कोर्स के दौरान बड़ी संख्या में प्रशिक्षु, प्रशिक्षक और उनके सहयोगी क्षेत्र में ठहरते हैं। इससे होम-स्टे, होटल, टैक्सी ऑपरेटर, भोजनालय और स्थानीय दुकानदारों को सीधा लाभ मिलता है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में पैराग्लाइडिंग गतिविधियों ने युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। कई परिवार पर्यटन गतिविधियों से जुड़कर अपनी आय बढ़ा रहे हैं।

### एसआईवी कोर्स?

**एसआईवी** पैराग्लाइडिंग पायलटों के लिए एक उन्नत सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम है। इसमें उड़ान के दौरान उत्पन्न होने वाली आपात परिस्थितियों—जैसे विंग कोलैप्स, स्पाइरल डाइव, स्टॉल और अन्य तकनीकी चुनौतियों—से सुरक्षित तरीके से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षु झील के ऊपर नियंत्रित परिस्थितियों में अभ्यास करते हैं, जिससे किसी भी आपात स्थिति में पानी सुरक्षित लैंडिंग क्षेत्र का कार्य करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### रामपुर में आज चलेगा नशा मुक्ति अभियान

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 20 जून को प्रातः 9:30 बजे रामपुर में नशा उन्मूलन एवं अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली का विषय 'नशा मुक्त भारत अभियान, विकसित भारत की पहचान' रखा गया है। तहसील कल्याण अधिकारी रामपुर मोहन केदारटा ने बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बालक) रामपुर तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बालिका) रामपुर के लगभग 300 विद्यार्थी भाग लेंगे। रैली को उप मण्डल पुलिस अधिकारी रामपुर नरेश शर्मा द्वारा झंडा दिखाकर रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों तथा समाज पर इसके पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूक करना है।

### श्री खंड महादेव यात्रा को लेकर हुई बैठक



**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** श्री खंड कैलाश छड़ी यात्रा समिति ज्यूरी के अध्यक्ष महंत मस्तगिरी बाबा की अध्यक्षता में श्री खंड महादेव ईको-टूरिज्म यात्रा, पर्यावरण संरक्षण एवं क्षेत्रीय पर्यटन विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पर्यटन संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण तथा स्थानीय युवाओं एवं युवतियों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सृजित करने संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार तथा हिमकोन के चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर विकेश चौहान (गिन्नी) द्वारा क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी सराहन कुंदन नेगी, विभिन्न पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, युवा वर्ग तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने श्री खंड महादेव यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं पर्यावरण-अनुकूल स्वरूप प्रदान करने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में सड़क सुविधा से वंचित गांवों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया।

### भारती का नवोदय स्कूल ठियोग में चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कोटीघाट क्षेत्र की मेधावी छात्रा भारती कंवर ने एक बार



फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग की कक्षा नौवीं प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रवेश प्राप्त किया है। सीमित सीटों और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच हासिल की गई यह सफलता न केवल भारती की मेहनत का परिणाम है, बल्कि राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटीघाट की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का भी प्रमाण मानी जा रही है। भारती की इस उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश बाली ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि भारती ने अपनी लगन, अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि छात्रा की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। विद्यालय परिवार ने उसकी उपलब्धि पर सम्मान स्वरूप 5100 रुपए की राशि भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### स्कूलों के 100 गज दायरे में तंबाकू बिक्री प्रतिबंधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक को प्रभावी बनाने के लिए जिला प्रशासन शिमला ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने स्पष्ट किया है कि अब स्कूलों के 100 गज दायरे में स्थित दुकानों के लाइसेंसों की समीक्षा की जाएगी और भविष्य में किसी भी नए लाइसेंस को केवल भौतिक निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर ही जारी किया जाएगा। बिना निरीक्षण के लाइसेंस जारी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। तंबाकू नियंत्रण पर आयोजित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि स्कूलों के प्रधानाचार्यों को अपने संस्थान के आसपास स्थित दुकानों का निरीक्षण करने का अधिकार है। यदि किसी दुकान में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पाई जाती है तो संबंधित दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# शांडिल ने आईजीएमसी में जांचीं सुविधाएं

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया कैंसर अस्पताल का औचक निरीक्षण, मरीजों का जाना कुशलक्षेम

अनंत ज्ञान



**शिमला।** स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल ने शुक्रवार को शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) के कैंसर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैंसर वार्ड का दौरा कर वहां भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से सीधे बातचीत की तथा अस्पताल में उपलब्ध उपचार और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने मरीजों से इलाज, दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाओं और अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में भर्ती कई मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैंसर रोगियों को उपचार के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी जरूरतों का विशेष ध्यान रखा जाए।

निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल ने कहा कि आईजीएमसी में कैंसर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अब ऐसी कई सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनकी तुलना देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में शुमार पीजीआई से की जा सकती है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सेवाओं पर संतोष भी व्यक्त किया।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी चिंता का विषय है। ऐसे में सरकार का प्रयास है कि राज्य के लोगों को उपचार के लिए प्रदेश से बाहर न जाना पड़े और उन्हें अपने ही राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि कैंसर उपचार से जुड़ी व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार गंभीरता से काम कर रही है।

उन्होंने बताया कि कैंसर वार्ड की क्षमता बढ़ाने, आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने और विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने जैसे विषयों पर भी विचार किया जा रहा है। इसके अलावा मरीजों को समय पर जांच और उपचार उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। धनी राम शांडिल ने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ भी चर्चा की जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि आईजीएमसी सहित प्रदेश के अन्य प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में भी कैंसर रोगियों के लिए उपचार सुविधाओं का और विस्तार किया जाए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

### शिमला पुलिस ने 24 घंटे में बरामद की लापता नाबालिग

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में घर से लापता हुई 14 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर सुरक्षित बरामद कर लिया। मामले की जांच में सामने आया कि किशोरी अपने माता-पिता को बिना बताए, घूमने के उद्देश्य से घर से चली गई थी। मामले के अनुसार 17 जून को पुलिस थाना ढली में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी 14 वर्षीय बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस थाना ढली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत विशेष खोज अभियान चलाया और अलग-अलग टीमों को तलाश में लगाया।

पुलिस ने संभावित स्थानों पर खोजबीन के साथ-साथ तकनीकी संसाधनों और अन्य जांच उपायों का भी सहारा लिया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस को सफलता मिली और 18 जून को किशोरी को धर्मपुर के डिब्बा क्षेत्र से सुरक्षित बरामद कर लिया गया। जांच के दौरान पता चला कि किशोरी किसी दबाव या अपराध का शिकार नहीं हुई थी, बल्कि वह अपने माता-पिता को बिना बताए घूमने के लिए घर से निकल गई थी। आवश्यक पूछताछ और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस ने उसे सुरक्षित रूप से उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# छात्र संघ चुनाव बहाल करे सरकार

## एसएफआई ने एचपीयू के दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष रखी मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री के समक्ष शुक्रवार को एसएफआई ने विश्वविद्यालय से जुड़े छात्र हितों, शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक पारदर्शिता और वित्तीय जवाबदेही से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया। एसएफआई हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई ने मुख्यमंत्री को एक विस्तृत मांग-पत्र सौंपते हुए कहा कि प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा का सबसे बड़ा केंद्र होने के बावजूद विश्वविद्यालय वर्तमान में अनेक गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है।

संगठन ने कहा कि लगातार बढ़ती फीस, छात्र संघ चुनावों पर रोक, छात्रावासों की कमी तथा विभिन्न प्रशासनिक विसंगतियों के कारण विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एसएफआई ने मुख्यमंत्री से इन समस्याओं के समाधान के लिए व्यक्तिगत हस्तक्षेप करते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया।



छात्र संघ चुनाव बहाली व विश्वविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर सीएम को मांग-पत्र सौंपते एसएफआई पदाधिकारी।

संगठन ने अपने मांग-पत्र में प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनावों की बहाली को सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बताते हुए कहा कि छात्र संघ लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है और इसके माध्यम से विद्यार्थी अपनी समस्याओं और सुझावों को संस्थागत मंच पर प्रभावी ढंग से रख सकते हैं। एसएफआई ने कहा कि चुनाव बंद होने से छात्रों की आवाज कमजोर हुई है तथा विश्वविद्यालय में लोकतांत्रिक माहौल प्रभावित हुआ है। इसके साथ ही हाल के वर्षों में हुई फीस वृद्धि को गरीब, ग्रामीण और मध्यमवर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों के लिए बड़ी बाधा बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग उठाई गई।

छात्र संगठन ने कहा कि विश्वविद्यालय के वित्तीय संकट का समाधान विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालकर नहीं बल्कि प्रशासनिक सुधारों, संसाधनों के बेहतर उपयोग और वित्तीय प्रबंधन को मजबूत बनाकर किया जाना चाहिए।

**भर्तियों में पारदर्शिता जवाबदेही को लेकर हस्तक्षेप की अपील**

एसएफआई ने विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्तियों, निर्माण कार्यों में लागत वृद्धि, वित्तीय अनियमितताओं तथा कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत दी गई पदोन्नतियों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। संगठन ने कहा कि विश्वविद्यालय में विभागीय युक्तिकरण, नियमित शिक्षकों के समुचित उपयोग तथा सार्वजनिक संसाधनों के पारदर्शी प्रबंधन की आवश्यकता है। साथ ही प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों की समस्याओं को देखते हुए नए छात्र एवं छात्रा छात्रावासों के निर्माण की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। एसएफआई ने कहा कि उसकी सभी मांगें छात्र हितों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लोकतांत्रिक अधिकारों और संस्थागत सुधारों से जुड़ी हैं। संगठन ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री इन मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा और विद्यार्थियों के भविष्य को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे।

# बागवानों से सिर्फ 100 पेटी सेब खरीदने का निर्णय गलत : संदीपनी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कांग्रेस सरकार द्वारा एमआईएस के तहत एक बागवान से केवल 100 पेटी सेब खरीदने के प्रस्तावित निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए इसे बागवान विरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला प्रदेश के हजारों छोटे और बड़े सेब उत्पादकों के हितों के खिलाफ है तथा इससे बागवानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि हिमाचल की अर्थव्यवस्था में बागवानी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन कांग्रेस सरकार लगातार ऐसे फैसले ले रही है जिनसे बागवानों की चिंताएं बढ़ रही हैं। उन्होंने सरकार से पूछा कि जिन बागवानों का उत्पादन 100 पेटी से अधिक है, उनके शेष उत्पाद की खरीद और उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए क्या व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले से ही बढ़ती उत्पादन लागत, मौसम की मार और बाजार की अनिश्चितताओं से जूझ रहे बागवानों पर इस प्रकार की सीमा थोपना पूरी तरह अनुचित है। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि कृषि और बागवानी क्षेत्र कोई प्रयोगशाला नहीं है, जहां सरकार बिना सोच-विचार के नए प्रयोग करती रहे।



**◆ कहा- कांग्रेस सरकार सेब बागवानों से कर रही अन्याय**

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार बागवान संगठनों और हितधारकों को विश्वास में लिए बिना एकतरफा निर्णय ले रही है, जिससे प्रदेश के बागवानों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार पारदर्शिता और व्यवस्था सुधारना चाहती है तो तकनीकी और प्रशासनिक सुधारों पर ध्यान दे, न कि खरीद की सीमा निर्धारित कर बागवानों के अधिकारों को सीमित करे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने मांग की कि सरकार इस प्रस्तावित निर्णय पर तुरंत पुनर्विचार करे तथा बागवान संगठनों, विशेषज्ञों और संबंधित पक्षों से व्यापक चर्चा के बाद ऐसी नीति बनाए जो प्रदेश के सभी बागवानों के हितों की रक्षा कर सके।

# मंढोल में अब विकास को मिलेगी रफ्तार

## ग्रामीणों ने शेलापानी सड़क की पासिंग पर शिक्षा मंत्री का जताया आभार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल उपमंडल के बुशहर क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंढोल को विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के सतत प्रयासों और क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप 'शेलापानी से एचबी शेलापानी' संपर्क सड़क की प्रशासनिक स्तर पर सफलतापूर्वक पासिंग कर दी गई है। लंबे समय से इस सड़क की मांग क्षेत्र की जनता द्वारा उठाई जा रही थी, जिसके पूर्ण होने से अब ग्रामीणों को बेहतर और सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

सड़क पासिंग की प्रक्रिया पूरी होने से क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जगी है। इस अवसर पर सरस्वती नगर-सावड़ा वार्ड से नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य नेहा मेहता भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने इस



उपलब्धि को क्षेत्र की जनता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि सड़क सुविधा किसी भी ग्रामीण क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती है। सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने से न केवल लोगों की आवाजाही आसान होगी बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच भी बेहतर बनेगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए ऐतिहासिक निर्णय बताया। ग्राम पंचायत मंढोल के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं लाभार्थियों ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का। हार्दिक आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि मंत्री रोहित ठाकुर लगातार क्षेत्र की जनभावनाओं और विकासात्मक आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार विकास कार्यों को गति मिलती रहेगी और जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा।

# 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0' अभियान से निपटेंगे लंबित मामले

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के मार्गदर्शन में जिला शिमला में 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य वर्षों से लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण और त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला उमेश वर्मा ने बताया कि यह अभियान जिला एवं उपमंडल न्यायालयों में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत विवाह एवं पारिवारिक विवाद, मोटर वाहन चालान मामले, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा संबंधी मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, विभाजन एवं बेदखली, भूमि

**◆ विवाह एवं पारिवारिक विवाद मोटर वाहन चालान, घरेलू हिंसा के मामले होंगे हल**

अधिग्रहण सहित विभिन्न प्रकार के समझौता योग्य मामलों का निपटारा किया जाएगा। इसके माध्यम से लोगों को न्यायालयी प्रक्रिया के विकल्प के रूप में सरल, प्रभावी और समयबद्ध समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है। उमेश वर्मा ने कहा कि मध्यस्थता एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ की सहायता से पक्षकार आपसी सहमति के आधार पर विवादों का समाधान करते हैं। यह प्रक्रिया गोपनीय, लचीली, कम खर्चीली और विवादों को सौहार्दपूर्ण तरीके से समाप्त करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने जिला शिमला के नागरिकों से इस अभियान का लाभ उठाने और अपने लंबित मामलों के समाधान के लिए मध्यस्थता प्रक्रिया को अपनाने का आह्वान किया।

# युकां का केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोल

## बढ़ती महंगाई, ईंधन संकट व पेपर लीक के खिलाफ निकाला मशाल जुलूस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** केंद्र सरकार की नीतियों, बढ़ती महंगाई, ईंधन संकट और विभिन्न भर्ती एवं प्रवेश परीक्षाओं में सामने आए पेपर लीक मामलों के विरोध में प्रदेश युवा कांग्रेस ने शिमला में विशाल मशाल जुलूस एवं प्रदर्शन आयोजित किया। राजीव भवन से शुरू हुआ यह जुलूस लोअर बाजार से होते हुए उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। मशाल जुलूस में युवा कांग्रेस पदाधिकारियों, छात्रों, युवाओं और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

प्रदर्शन के दौरान महंगाई, बेरोजगारी और परीक्षा घोटालों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए युवाओं ने अपनी नाराजगी जाहिर की। युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों ने देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है और सरकार इस गंभीर समस्या को




रोकने में असफल रही है। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर ने कहा कि देश का युवा आज अपने भविष्य को लेकर चिंतित और असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि नीट सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आई अनियमितताओं ने युवाओं के भरोसे को गहरा आघात पहुंचाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार रोजगार सृजन और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। वहीं भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी ज्योतिष एच.एम. ने कहा कि रोजगार, शिक्षा और अवसरों के मुद्दों पर सरकार के पास कोई स्पष्ट नीति नहीं है।

उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है और पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सहित आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों का सीधा असर हर वर्ग पर पड़ रहा है। उन्होंने पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी उठाई।

# शिमला में 28 को 4998 बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

## शोघी बैरियर और माल रोड पर लगेंगे पोलियो बूथ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत पोलियो इम्यूनाइजेशन डे आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान जिले के 11 स्वास्थ्य खंडों में पांच वर्ष तक की आयु के 4998 बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसकी तैयारियों की समीक्षा उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में की गई। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि शोघी पुलिस बैरियर तथा माल रोड स्थित रोटरी क्लब के समीप पर्यटकों और यात्रियों के लिए



**◆ 29 और 30 को घर-घर पहुंचेंगी विभाग की टीमें**

विशेष पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे। इन स्थानों पर सांस्कृतिक दल हिमाचली लोकगीतों की प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को पोलियो अभियान के प्रति जागरूक करेगा। वहीं 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाएंगी। उपायुक्त ने सभी विभागों को अभियान के सफल संचालन के लिए समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए तथा अभिभावकों से अपील की कि वे 28 जून को अपने पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर आएं, ताकि पोलियो मुक्त भारत के लक्ष्य को और मजबूत बनाया जा सके।

**सियासत** कांग्रेस समर्थित अनिता चौहान बनीं चेयरमैन, राजेश तेजटा वाइस चेयरमैन निर्वाचित

# नगर पंचायत जुब्बल में 15 साल बाद कांग्रेस की वापसी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जुब्बल नगर पंचायत में कांग्रेस ने 15 वर्षों बाद ऐतिहासिक वापसी करते हुए चेयरमैन और वाइस चेयरमैन दोनों पदों पर निर्विरोध जीत दर्ज की है। शुक्रवार को पंचायत समिति सभागार जुब्बल में एसडीएम जुब्बल गुरमीत सिंह नेगी तथा नगर पंचायत सचिव की देखरेख में संपन्न चुनाव प्रक्रिया में कांग्रेस समर्थित पार्षद अनिता चौहान चेयरमैन तथा राजेश तेजटा वाइस चेयरमैन निर्वाचित घोषित किए गए। इस जीत को क्षेत्र में कांग्रेस संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास का बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।

पोस्ट ऑफिस वार्ड से निर्वाचित अनिता चौहान नगर पंचायत की चार बार पार्षद रह चुकी हैं तथा वर्तमान में



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ नगर पंचायत जुब्बल के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष व अन्य।

महिला कांग्रेस ब्लॉक जुब्बल की अध्यक्षा हैं। सामाजिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी और जनसेवा के प्रति समर्पण ने उन्हें क्षेत्र में एक मजबूत पहचान दिलाई है। वहीं फॉरेस्ट कॉलोनी वार्ड से निर्वाचित राजेश तेजटा व्यापार मंडल जुब्बल के अध्यक्ष होने के साथ-साथ कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता और समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं। दोनों नेताओं के निर्विरोध निर्वाचन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

निर्वाचन के बाद चेयरमैन अनिता चौहान, वाइस चेयरमैन राजेश तेजटा तथा अन्य निर्वाचित पार्षदों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में कांग्रेस को मिली प्रचंड सफलता प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, विकास कार्यों और जनता के भरोसे का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत जुब्बल में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने सात में से छह वार्डों में विजय हासिल कर नया इतिहास रचा है, जबकि पंचायत समिति और जिला परिषद स्तर पर भी कांग्रेस को अभूतपूर्व जनसमर्थन प्राप्त हुआ है।

**नगर पंचायत जुब्बल लिखेगी विकास की नई इबारत**

रोहित ठाकुर ने कहा कि अपने 25 वर्षों के राजनीतिक जीवन में उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में इतनी एकतरफा जीत पहले कभी नहीं देखी। उन्होंने इस सफलता का श्रेय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की मजबूती और क्षेत्र की जागरूक जनता को दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार नगर पंचायत जुब्बल के विकास कार्यों को और अधिक गति देने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे।

# सामाजिक अंकेक्षण में कांगड़ा के स्कूलों की बदहाल तस्वीर उजागर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े जिले कांगड़ा में सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत संचालित सरकारी विद्यालयों के सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) में शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी कई गंभीर खामियां सामने आई हैं। धर्मशाला में आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्रस्तुत रिपोर्ट में विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं, छात्र सुरक्षा, प्रशासनिक निगरानी और शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर चिंताजनक स्थिति उजागर हुई है। रिपोर्ट ने शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी सवाल खड़े किए हैं।

प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम ने डॉ. रणधीर रांटा के नेतृत्व में जिले के कुल 2,364 विद्यालयों में से 519 विद्यालयों का मूल्यांकन किया। रिपोर्ट के अनुसार 44 प्रतिशत विद्यालयों में पर्याप्त कक्षाओं और स्टाफ कक्षों का अभाव है, जबकि 27 प्रतिशत स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध नहीं है। छात्र सुरक्षा को लेकर भी स्थिति चिंताजनक पाई गई। लगभग 78 प्रतिशत विद्यालयों में चारदीवारी या सुरक्षा बाड़ नहीं है तथा 65 प्रतिशत स्कूल मोटर योग्य सड़क सुविधा से वंचित हैं। करीब 9 प्रतिशत विद्यालयों में छात्राओं के लिए अलग शौचालय और पेयजल सुविधा उपलब्ध नहीं है। वहीं दो प्रतिशत विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के लिए रसोईघर तक नहीं है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि 40 प्रतिशत से अधिक विद्यालयों में किशोरियों के लिए सैनिटरी पैड की व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा एक-तिहाई विद्यालयों में स्कूल सुरक्षा समितियां गठित नहीं की गई हैं और शिकायत व सुझाव पेटियां भी उपलब्ध नहीं हैं। सर्वेक्षण किए गए किसी भी विद्यालय में काउंसलिंग सेवाएं नहीं पाई गईं, जबकि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सुविधाओं का भी अभाव देखा गया। जनसुनवाई में 2,000 से अधिक अभिभावकों, शिक्षकों, एसएमसी सदस्यों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# खनन माफिया पर नूरपुर पुलिस का शिकंजा, 22 वाहनों पर की कार्रवाई

## 5 मल्टी-एक्सल ट्रक इंपाउंड, 17 ट्रैक्टरों के चालान, अवैध खनन करने वालों में मचा हड़कंप

अनंत ज्ञान



खनन माफिया पर नूरपुर पुलिस का शिकंजा, 24 घंटे में 22 वाहनों पर कार्रवाई की। अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** पुलिस जिला नूरपुर ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले 24 घंटों में 22 वाहनों के खिलाफ माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस दौरान अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त पांच मल्टी-एक्सल ट्रकों को इंपाउंड कर अदालत भेजा गया, जबकि 17 ट्रैक्टरों के चालान किए गए।

ज्वाली, डमटाल, नूरपुर, फतेहपुर, इंदौरा और रैहन थाना क्षेत्रों में पुलिस ने विशेष नाकाबंदी और औचक निरीक्षण अभियान चलाया। अभियान के दौरान अवैध खनन और खनिज परिवहन में लगे वाहनों की जांच की गई, जिसमें कुल 22 वाहनों के खिलाफ माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान पांच मल्टी-एक्सल ट्रकों को कब्जे में लेकर अदालत भेज दिया, जबकि 17 ट्रैक्टर चालकों के मौके पर चालान किए गए। पुलिस का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन को रोकने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस प्रशासन ने दोहराया है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा।

पुलिस अधीक्षक नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने कहा कि पुलिस जिला नूरपुर द्वारा अवैध खनन के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटों में 22 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन और खनिज परिवहन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा प्राकृतिक संपदा की लूट करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# टांडा में मरीजों को दवाइयों के लिए करना पड़ रहा लंबा सफर



अनंत ज्ञान

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के साइकेट्रिक विभाग में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को परामर्श के लिए घंटों कतारों में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन समस्या यहीं खत्म नहीं होती।

इलाज के बाद डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाइयां लेने के लिए मरीजों और उनके तीमारदारों को काफी दूरी तय करनी पड़ती है। इस कारण बुजुर्गों और मानसिक रोगियों को अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। मरीजों का कहना है कि दवा काउंटर विभाग के पास ही होना चाहिए, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से इधर-उधर न भटकना पड़े। इस संबंध में मरीजों कलुभूषण चंद, रामु किशन, रमा देवी, प्रताप चंद, कृष्णा देवी, लालू कुमार और रामी राम सहित अन्य ने अस्पताल प्रशासन से मांग की है कि दवाइयों की सुविधा परिसर के भीतर ही उपलब्ध करवाई जाए।

वहीं अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. विवेक बुनियाल ने मामले पर संज्ञान लेते हुए कहा कि मौके की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### धर्मशाला-पालमपुर रोड पर बस-टैक्सी बोलेरो की जोरदार भिड़ंत, चार घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला-पालमपुर रोड पर बिजली बोर्ड कार्यालय के समीप शुक्रवार को प्राइवेट बस और टैक्सी बोलेरो (जीप) के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दिल्ली के तीन पर्यटक और बोलेरो चालक घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सिविल अस्पताल धर्मशाला में भर्ती करवाया गया। जानकारी के अनुसार बोलेरो में सात पर्यटक सवार थे, जो पालमपुर से मैक्लोडगंज घूमने जा रहे थे। इसी दौरान आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे वाहन में सवार लोगों में अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बोलेरो चालक के गलत दिशा में आने से हादसा हुआ बताया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उपप्रधान ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** ग्राम पंचायत डाडासीबा के नवनिर्वाचित उपप्रधान संजीव कुमार शर्मा उर्फ संजू ने शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन बस स्टैंड परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर जनहित कार्यों की शुरुआत की। अभियान के दौरान परिसर में फैले कूड़े-कचरे की सफाई करवाई गई तथा लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही, गंदगी का कारण बन रहे डस्टबिन को उपयुक्त स्थान पर स्थापित करवाया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा ने पहल की सराहना की। उपप्रधान ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता, जनसुविधाओं और विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### आईटीआई शाहपुर में कैंपस इंटरव्यू आज

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) शाहपुर के प्रांगण में 20 जून को मैमोरी इलेक्ट्रिकल इंजीनियर लिमिटेड, कपूरथला (पंजाब) द्वारा कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। इसमें इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, वेल्डर तथा इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक ट्रेड के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। संस्थान के प्रधानाचार्य अभिनंदन कालिया ने बताया कि अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित युवाओं को प्रारंभिक रूप से ₹14,000 मासिक वेतन, वार्षिक वेतन वृद्धि तथा कंपनी की ओर से भोजन व अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। संस्थान ने पात्र अभ्यर्थियों से अपने शैक्षणिक दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि को कैंपस में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### एसडीएम ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा पं. राघवानंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल उस्तेहड़ में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम मुनीश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों और स्टाफ को नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर किया। इसके बाद जागरूकता वॉकथॉन और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एसडीएम ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।

### जेबीटी भर्ती में ओवरलैपिंग का खतरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में जेबीटी भर्ती के दो अलग-अलग पोस्ट कोड की चयन प्रक्रिया को लेकर अभ्यर्थियों में चिंता बढ़ गई है। जेबीटी/डीएलएड प्रशिक्षित बेरोजगार संघ के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश परयाल ने कहा कि पोस्ट कोड 25004 की लिखित परीक्षा फरवरी 2026 में होने के बावजूद इसकी दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया अभी तक लंबित है, जबकि हाल ही में आयोजित पोस्ट कोड 26015 की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। अभ्यर्थियों का कहना है कि पुरानी भर्ती को पहले पूरा कर नियुक्तियां दी जानी चाहिए, क्योंकि दोनों भर्तियों में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी समान हैं। संघ ने आयोग से नई भर्ती में दस्तावेज़ सत्यापन का अनुपात बढ़ाने तथा वर्तमान 15 प्रतिशत वेटिंग पैनल को बढ़ाकर कम से कम 75 प्रतिशत करने की मांग की है, ताकि कोई भी सरकारी पद रिक्त न रहे और अधिक युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सके।

### कांगड़ा जिला में 12 केंद्रों में होगी नीट परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 21 जून को कांगड़ा जिला के 12 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने परीक्षा के सफल संचालन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी, जबकि विशेष रूप से सक्षम परीक्षार्थियों को अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा के लिए पुलिस और आईटीबीपी की तैनाती रहेगी। साथ ही सीसीटीवी कैमरे, जैमर और वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 4 माह से वेतन को तरसे ग्राम रोजगार सेवक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** चार माह से वेतन न मिलने के कारण ग्राम रोजगार सेवकों में भारी रोष व्याप्त है। ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष जसविंदर अंगारिया ने बताया कि कर्मचारियों को अंतिम वेतन जनवरी 2026 में मिला था, जिसके बाद अब तक भुगतान नहीं हुआ है। इससे कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम रोजगार सेवक पिछले 18 वर्षों से ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के कार्यों को पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं, लेकिन वेतन भुगतान में लगातार देरी हो रही है। संघ ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों के लिए आज तक कोई स्थायी नीति या पदोन्नति व्यवस्था नहीं बनाई गई है। संघ ने सरकार से लंबित वेतन जल्द जारी करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### एसएमसी के पुनर्गठन को लेकर बैठक 22 को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा काशीराम पीएमश्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडा सीबा में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसी क्रम में 22 जून, 2026 को प्रातः 10 बजे विद्यालय परिसर में साधारण सभा (जनरल हाउस) की बैठक आयोजित की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने बताया कि बैठक में एसएमसी के गठन एवं पुनर्गठन से संबंधित आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी अभिभावकों से समय पर उपस्थित होकर विद्यालय के शैक्षणिक और विकास कार्यों में सहयोग देने की अपील की। प्रधानाचार्य ने कहा कि अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी से विद्यालय की व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ बनती हैं तथा छात्रों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल पाता है।

# स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों का ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन



स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जवाली।** स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के विद्यार्थियों ने 'साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन' नई दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय इंग्लिश ओलंपियाड, अंतरराष्ट्रीय सामान्य ज्ञान ओलंपियाड तथा अंतरराष्ट्रीय साइंस ओलंपियाड प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के लगभग 25 विद्यार्थियों ने प्रथम चरण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर द्वितीय चरण के लिए स्थान बनाया था। द्वितीय चरण की परीक्षा एवरेस्ट पब्लिक स्कूल, जमानाबाद (कांगड़ा) में आयोजित की गई थी। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर सातवीं कक्षा की छात्रा अवनी ने प्रथम स्थान हासिल कर 5000 रुपए नकद पुरस्कार और स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं आरुष सपेहिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 2500 रुपए और रजत पदक हासिल किया। मौर्य कश्यप को 1000 रुपए तथा रजत पदक और नित्तयम को 833 रुपए का चेक एवं कांस्य पदक प्रदान किया गया। विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भी दिए गए, जबकि अन्य प्रतिभागियों को 500 रुपए के गिफ्ट वाउचर और प्रशंसनीय प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल, अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र, एमडी पवन चौधरी तथा समिति सदस्य चंद्रशेखर ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# फतेहपुर के टैक्सी ड्राइवर ने लॉटरी में जीता 3 करोड़ का इनाम

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** किस्मत कब और कैसे किसी की जिंदगी बदल दे, इसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के एक साधारण टैक्सी चालक के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। रोजाना मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाले कल्याण चंद की जिंदगी उस समय बदल गई। जब उनकी खरीदी हुई लॉटरी टिकट पर तीन करोड़ रुपये का बड़ा इनाम निकल आया। इस खबर के सामने आते ही परिवार में खुशी का माहौल है और पूरे इलाके में उनकी चर्चा हो रही है।

कांगड़ा जिले की फतेहपुर तहसील से संबंध रखने वाले कल्याण चंद पिछले करीब 20 साल से ड्राइविंग का काम कर रहे हैं। टैक्सी चलाकर जो आमदनी होती थी, उसी से परिवार की जरूरतें पूरी होती थीं। कल्याण चंद बताते हैं कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन उनकी किस्मत इस तरह बदल जाएगी। वह हमेशा मेहनत पर विश्वास करते रहे और परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में जुटे रहे। कुछ समय पहले वह एक सवारी को छोड़ने के लिए पंजाब के बठिंडा पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने 500-500 रुपये की दो लॉटरी टिकटें खरीदीं। यह उनके लिए एक सामान्य खरीदारी थी, क्योंकि वह पिछले कई वर्षों से बीच-बीच में लॉटरी टिकट खरीदते आ रहे थे।

# स्कूल शिक्षा बोर्ड ने तीन परिवारों को अनुकंपा आधार पर दी नौकरी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तीन जरूरतमंद परिवारों को अनुकंपा आधार पर सरकारी नौकरी प्रदान की है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा यह नियुक्तियां दी गईं, जिनके नियुक्ति पत्र वीरवार को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वयं प्रदान किए।

◆ **मुख्यमंत्री सुक्खू ने सौंपे नियुक्ति पत्र, जरूरतमंदों को मिला सहारा**

ऊना जिले के हरदयाल सिंह, जिन्होंने कम उम्र में अपने माता-पिता दोनों को खो दिया था और परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, उन्हें जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आईटी) के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं कांगड़ा की शिवानी, जिनके पति का सेवाकाल के दौरान निधन हो गया था और तीन बेटियों की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई थी, उन्हें मल्टी टास्क वर्कर के पद पर रोजगार दिया गया है। इसी प्रकार इंदौरा निवासी निखिल को भी उनके पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारियों को देखते हुए मल्टी टास्क वर्कर के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार का उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में लोगों को सहारा देना और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाना है। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अनुकंपा आधार पर पात्र परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर राहत प्रदान कर रही है।

# मनीष सिसोदिया ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक मजबूती का दिया मंत्र




अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में आम आदमी पार्टी के सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से चंडीगढ़ के सेक्टर-35 स्थित पंजाब म्युनिसिपल भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से लगभग 150 पदाधिकारियों और सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य संगठन का विस्तार करना, बूथ स्तर तक कमेटियों को मजबूत करना तथा जनसंपर्क को अधिक प्रभावी बनाना रहा। इस दौरान कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, पारदर्शी कार्यशैली और आगामी राजनीतिक चुनौतियों से निपटने की रणनीति के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा सुधारक मनीष सिसोदिया ने कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं और लक्ष्य हर गांव, वार्ड और बूथ तक संगठन को मजबूत करना होना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देने और ईमानदार राजनीति का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। शिविर में संगठनात्मक अनुशासन, निरंतर सक्रियता और जन-जवाबदेही पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान हिमाचल प्रदेश प्रभारी ऋतु राज झा, सह प्रभारी अजय राजपूत और चारों जोन के इंचार्ज भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने प्रेस रिलीज के माध्यम से दी।

# महिला सम्मान को लेकर भाजपा की कथनी और करनी में अंतर

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ ब्लॉक समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने महिला सशक्तिकरण की अपनी सोच को आगे बढ़ाते हुए अध्यक्ष पद के लिए एक महिला प्रत्याशी को मैदान में उतारा। चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को 8 मत प्राप्त हुए, जबकि भाजपा प्रत्याशी को 9 मत मिले। मात्र एक मत के अंतर से कांग्रेस की महिला प्रत्याशी चुनाव हार गई।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जीत-हार स्वाभाविक है और कांग्रेस पार्टी जनादेश का सम्मान करती है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शशि राणा ने कहा की चुनाव परिणाम के बाद भाजपा नेताओं एवं समर्थकों द्वारा जिस प्रकार की नारेबाजी की गई और एक महिला प्रत्याशी को अपमानित एवं कमजोर दिखाने का प्रयास किया गया, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

भाजपा एक ओर महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की बड़ी-बड़ी बातें करती है, वहीं दूसरी ओर उसके नेताओं और कार्यकर्ताओं का व्यवहार उनकी कथनी और करनी के बीच का स्पष्ट अंतर उजागर करता है। यदि वास्तव में महिलाओं का सम्मान भाजपा की प्राथमिकता होता, तो जीत के बाद भी राजनीतिक मर्यादा और सम्मानजनक आचरण देखने को मिलता। कांग्रेस पार्टी सदैव महिलाओं के सम्मान, समान भागीदारी और सशक्तिकरण के पक्ष में खड़ी रही है। हम मानते हैं कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन किसी भी महिला का अपमान या उसे नीचा दिखाने का प्रयास किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

# अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में सात्विका और रियांशी अव्वल



एंजल पब्लिक स्कूल में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** एंजल पब्लिक स्कूल, भवारना में सत्र 2026-27 के अंतर्गत कक्षा प्रथम से पांचवी तक अंग्रेज़ी और हिंदी भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास, प्रभावशाली अभिव्यक्ति एवं उत्कृष्ट भाषण-कौशल का प्रदर्शन किया।

कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के लिए आयोजित अंतर-कक्षा अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम की छात्रा सात्विका तथा कक्षा द्वितीय की रियांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह हिंदी भाषण प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से मायरा, कक्षा द्वितीय से अद्विका प्रथम स्थान पर रही। वहीं कक्षा तृतीय से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित अंतर- सदन अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में वायु सदन से कक्षा तृतीय की अवनी एवं कक्षा चतुर्थ की आन्वी प्रथम स्थान पर रहीं। पृथ्वी सदन से कक्षा चतुर्थ के अव्यान सूद तथा कक्षा पांचवीं की आराध्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

अंतर सदन हिंदी भाषण प्रतियोगिता में पृथ्वी सदन से तीसरी कक्षा की आशवी खुराना ,पृथ्वी सदन की ही कक्षा चौथी से शायना वसनेट,अग्नि सदन से पांचवी कक्षा की अलीशाऔर वायु सदन से पांचवी कक्षा के सलमान प्रथम स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य समीर अमिताभ सूद एवं शिक्षकों ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कांगड़ा पंचायत समिति में भाजपा का कब्जा अनूप बने अध्यक्ष और पूनम बनीं उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

◆ **काजल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को किया सम्मानित**

**ब्यूरो धर्मशाला।** कांगड़ा पंचायत समिति अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थकों की जीत को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विधायक पवन काजल ने सत्य ओर ईमानदारी की जीत करार दिया है। चुनाव परिणाम घोषित होने पर विधायक पवन काजल खंड विकास कार्यालय पहुंचे। काजल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनूप और उपाध्यक्ष पूनम को चुनरी, हार पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति में भाजपा की यह जीत सत्य और ईमानदारी की जीत है। काजल ने आरोप लगाया कि चुनाव में भाजपा समर्थित 18 समिति सदस्य जीते थे, लेकिन स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने सत्ता का दुरुपयोग कर उनके सदस्यों को विभिन्न प्रलोभन देकर भटकाने का असफल प्रयास किया।

विधायक काजल ने यह भी दावा किया कि यह पहला पंचायत समिति चुनाव था, जिसमें लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग के एक्सईएन और खंड विकास कार्यालय के अधिकारियों ने समिति सदस्यों को डरा-धमकाकर कांग्रेस का समर्थन करने का दबाव बनाया। उन्होंने ऐसे अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि आने वाला समय भाजपा का है और कांगड़ा पंचायत समिति के बाद जिला परिषद पर भी भाजपा का कब्जा होगा। काजल ने कांगड़ा जल शक्ति मंडल कार्यालय में भ्रष्टाचार के कई लंबित मामलों का भी जिक्र किया और आरोप लगाया कि अधिकारी समिति सदस्यों से वोट मांग रहे थे। ऐसे अधिकारियों को सबक सिखाया जाएगा।

विधायक ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह पर महिलाओं को मासिक 1500 रुपये देने में विफल रहने का आरोप लगाया। बेरोजगारों को स्थायी सरकारी रोजगार देने के बजाय, मित्रों के नाम पर अस्थायी नौकरियां देकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। काजल के अनुसार, पंचायत चुनावों में जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। इस अवसर पर जिला पार्षद विजय चौधरी, सुनीता, मंडल भाजपा अध्यक्ष रंजीत, अशोक और सत प्रकाश, रमेश महेशी, शंकर, कुलदीप, ज्योति प्रकाश, सुरेश वालिया, देवी लाल, चम्पा भारद्वाज, रेखा सहित कई भाजपा नेता, पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कोरम पूरा न होने से प्रागपुर पंचायत समिति अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव टला

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, प्रागपुर।** अंत भला तो सब भला की कहावत को चरितार्थ करने के लिए अब प्रागपुर पंचायत समिति को 25 जून तक का इंतजार करना होगा, क्योंकि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया कोरम पूरा न होने के कारण टल गई है। स्थानीय राजनीतिक समीकरणों के बीच हुई इस देरी ने सत्ता के गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। चुनाव संपन्न कराने के लिए सोलह सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य थी, लेकिन शुक्रवार को हुई बैठक में केवल 14 पंचायत समिति सदस्यों ने ही अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कांग्रेस के लिए यह स्थिति विचारणीय है, क्योंकि 8 जून को पार्टी महासचिव सुरिंदर मनकोटिया ने लोनिवि विश्राम गृह में सोलह सदस्यों के साथ अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया था। अब प्रागपुर और नंगल चौक के सदस्यों की अनुपस्थिति ने पार्टी के दावों के सामने कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं। बैठक में रक्कड़ से नरेश चंद, समनोली से मनीष कुमार, चलाली से योगेश, बठरा से शर्मिला, घमरुर से अंकुश ठाकुर, घाटी से अनिल किशोर, जम्बल से मोनिका देवी, डाडासीबा से बबीता, बणी से रेखा कुमारी, मनियाला से मीना देवी, कलोहा से रेणु देवी, भरोली-जदीद से अंजना कुमारी, कौलापुर से कुल ज्योति और कुड़ना से प्रियंका देवी मौजूद रहे। बीडीओ परागपुर मीना शर्मा ने जानकारी दी कि अगली बैठक 25 जून दोपहर ग्यारह बजे को होगी, जिसमें बहुमत के लिए बारह सदस्यों की उपस्थिति पर्याप्त होगी। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अब राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा आम है कि यदि इस बार क्रॉस वोटिंग भी हो जाए, तो इसमें कोई अचंभा नहीं होगा। यह चुनाव अब केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि शक्ति परीक्षण का केंद्र बन गया है।

# ब्लॉक समिति बैजनाथ पर भाजपा का कब्जा, गुटबाजी भी आई सामने



अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** ब्लॉक समिति बैजनाथ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद पर संजय ठाकुर तथा उपाध्यक्ष पद पर बीरु राम निर्वाचित हुए। 17 सदस्यीय समिति में अध्यक्ष पद पर संजय ठाकुर को 9 मत मिले, जबकि कांग्रेस की मोनिका कटोच को 8 मत प्राप्त हुए।

उपाध्यक्ष पद पर भी भाजपा उम्मीदवार बीरु राम ने 9 मतों से जीत हासिल की। जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया, लेकिन इस दौरान पार्टी के भीतर गुटबाजी भी खुलकर सामने आई। अलग-अलग नेताओं द्वारा जीत का श्रेय अपने-अपने स्तर पर लेने से राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गईं। इस बीच विधायक सुधीर शर्मा भी विजयी उम्मीदवारों को बधाई देने पहुंचे और जीत को संगठन की मजबूती का परिणाम बताया। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह परिणाम भाजपा के लिए जीत तो है, लेकिन अंदरूनी एकजुटता को लेकर सवाल भी खड़े करता है।

# हमीरपुर–अवाहदेवी हाईवे की दूरी घटी

## 4 किलोमीटर कम हुआ सफर, बस किराया जस का तस, यात्रियों को किराया राहत का इंतजार

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान खास खबर




**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** नेशनल हाईवे 03 यानी अटारी मनाली का हिस्सा हमीरपुर–अवाहदेवी के बीच बने नए टू–लेन पर सफर तो सुहाना हो चुका ह। मगर दूरी घट जाने के बावजूद भी बस यात्रियों के लिए अभी तक ट्रांसपोर्ट विभाग ने किराए में कोई कटौती नहीं की है। यह रहता कब मिलेगी कितना वक्त लगेगा यात्रियों को इसकी इंतजार है। यह बात अलग है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। नए हाईवे के निर्माण के बाद दोनों स्थानों के बीच की दूरी लगभग 04 किलोमीटर कम हो गई है। सफर का समय भी काफी घट गया है। इसके बावजूद बस किराए में कोई कमी नहीं सफर घटना के बावजूद भी नहीं हो पाई है। इस सड़क मार्ग से रोजाना दर्जनों बसें अपने गंतव्य पर जाती हैं और बड़ी तादाद में यात्रियों का आना–जाना इस सड़क मार्ग पर रहता है। यात्रियों को आज भी पुरानी दूरी के आधार पर अधिक किराया चुकाना पड़ रहा है।

आवाहदेवी से हमीरपुर की दूरी करीब 04 किलोमीटर तथा टौणी देवी से हमीरपुर की दूरी लगभग 02 किलोमीटर कम हो गई है। नए मार्ग के कारण जहां पहले अवाहदेवी से हमीरपुर पहुंचने में डेढ़ से पौने दो घंटे तक का समय लगता था, वहीं अब बसें लगभग एक घंटे में ही गंतव्य तक पहुंच रही हैं।

यात्रियों का कहना है कि दूरी कम होने के बावजूद एचआरटीसी की टिकटिंग मशीनों में अभी भी पुरानी दूरी दर्ज है और टिकटें उसी आधार पर जारी की जा रही हैं। इससे प्रत्येक यात्री को लगभग 10 से 12 रुपए तक अतिरिक्त भुगतान करना पड़ रहा है। हालांकि दूरी कम होने से यात्रियों के समय की बचत हो रही है और बसों की ईंधन खपत भी कम हुई है, लेकिन किराए में संशोधन न होने से लोगों में नाराजगी है।

### टिकटिंग मशीनों को अपडेट करे एचआरटीसी

**रोजाना** सफर करने वाले देश राज कतना, आशा देवी, मेहर सिंह, सुभाष, दिनेश कुमार, रविंद्र कुमार और प्रकाश चंद सहित अन्य यात्रियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और एचआरटीसी प्रबंधन से मांग की है कि घटी हुई दूरी के अनुसार बस किराए में संशोधन किया जाए तथा टिकटिंग मशीनों को जल्द अपडेट किया जाए ताकि यात्रियों को वास्तविक लाभ मिल सके।

### हाईवे हैंडओवर के बाद मिलेगा लाभ: अंकित

**हाईवे** इंजीनियर अंकित सिंह ने बताया कि जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग को औपचारिक रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को हैंडओवर किया जाएगा और रोड़ मैपिंग की अंतिम अधिसूचना जारी होगी, उसी के बाद नई दूरी को आधिकारिक रूप से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया पूरी होने पर निश्चित रूप से यात्रियों को घटी हुई दूरी का लाभ मिलेगा। इसका असर किराए के घटने के बाद यात्रियों को मिलेगा

# जाहू स्कूल रोड और बाजार की नालियों के निर्माण पर खर्च होंगे 40 लाख: सुरेश कुमार

अनंत ज्ञान


बस अड्डे के लिए भूमि का निरीक्षण करते हुए। अनंत ज्ञान

**जाहू।** उपमंडल भोरंज के जाहू में विधायक सुरेश कुमार ने जाहू बस अड्डा परिसर एवं भवन नवीनीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस परियोजना पर करीब 56.93 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इस अवसर पर हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के अधिकारियों ने विधायक का स्वागत किया। विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि जाहू हमीरपुर, मंडी और बिलासपुर जिलों के संगम स्थल पर स्थित होने के कारण व्यापारिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इसी महत्व को देखते हुए क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद जाहू बस अड्डा आधुनिक सुविधाओं से युक्त और आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा।

उन्होंने बताया कि बस अड्डे के स्तर को ऊंचा किया जाएगा तथा वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त परिसर में दो नई दुकानों का निर्माण भी प्रस्तावित है। विधायक ने कहा कि पूर्व में जाहू क्षेत्र विकास की दृष्टि से उपेक्षित रहा, लेकिन वर्तमान सरकार के प्रयासों से अब क्षेत्र तेजी से आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए पार्क निर्माण कार्य जारी है, जबकि सड़क चौड़ीकरण को भी प्राथमिकता दी गई है।

सुरेश कुमार ने बताया कि जाहू स्कूल रोड के विकास के लिए 20 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिनसे सड़क पर सीमेंट पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे। वहीं, जाहू बाजार की नालियों को पक्का करने के लिए भी 20 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे, जिससे लंबे समय से चली आ रही जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

इस अवसर पर भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल, ब्लॉक समिति अध्यक्ष पूनम कुमारी, एचआरटीसी के डीएम राज कुमार पाठक, क्षेत्रीय प्रबंधक राहुल कुमार, एसडीएम शशिपाल शर्मा, जाहू पंचायत प्रधान चमन लाल काकू, मुंडखर पंचायत प्रधान निरंतला देवी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पिकअप से 130 पेटी अवैध शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, नादौन।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा राज्य राजस्व की सुरक्षा हेतु लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस थाना नादौन की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। गश्त के दौरान प्राप्त विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी एवं वाहन चैकिंग की। जांच के दौरान पिकअप वाहन से 130 पेटी अवैध ओल्ड मोंक रम बरामद की गई। प्रत्येक पेटी में 12 बोतलें (750 मि.ली.) पाई गईं, जिससे कुल 1560 बोतलें अर्थात 11,70,000 मिली शराब बरामद हुई। पुलिस ने बरामद शराब एवं वाहन को कब्जे में लेकर थाना नादौन में धारा 39(1)(I) हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध शराब तस्करी पर प्रभावी प्रहार है तथा राज्य सरकार को होने वाले संभावित राजस्व नुकसान को रोकने में महत्वपूर्ण साबित हुई है। मामले की आगामी जांच जारी है।

### भूगोल के शिक्षकों की परीक्षा अब 29 जून को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने भूगोल के शिक्षकों की भर्ती के लिए पोस्ट कोड-26027 के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) की तिथि में बदलाव किया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि यह परीक्षा पहले 30 जून शाम को 4 से साढे पांच बजे तक आयोजित की जानी थी, लेकिन प्रषासनिक कारणों से इस परीक्षा की तिथि में बदलाव करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा अब 29 जून को शाम 4 से साढे पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 20 जून को आयोजित की जा रही साइंटिफिक असिस्टेंट (डिजिटल फॉरेसिंक्स) पोस्ट कोड-25021 की परीक्षा के ई-एडमिट कार्ड वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। अगर इन एडमिट कार्ड को डाउनलोड करने में कोई दिक्कत आ रही है तो आयोग के टेक्निकल हैल्प डैस्क नंबर 99866-38751 पर संपर्क किया जा सकता है।

### नायब तहसीलदार ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** करीब चार माह से रिक्त चल रहे नायब तहसीलदार के पद पर आखिरकार नियुक्ति हो गई है। हिमाचल प्रदेश सरकार एवं राजस्व विभाग द्वारा पदोन्नत किए गए कालिदास ने गलोड़ में नायब तहसीलदार के रूप में विधिवत कार्यभार संभाल लिया है। मूल रूप से जिला मंडी के जोगिंदरनगर क्षेत्र के निवासी कालिदास इससे पहले मंडी जिले के संघोल में कानूनगो के पद पर सेवाएं दे रहे थे। लंबे समय से पद रिक्त होने के कारण क्षेत्र के लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। नई नियुक्ति से स्थानीय लोगों ने राहत की उम्मीद जताई है। कार्यभार संभालने के बाद कालिदास ने कहा कि राजस्व मामलों का समयबद्ध और पारदर्शी निपटारा उनकी प्राथमिकता होगी तथा आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।



### आवारा पशुओं को लगाई रिफ्लेक्टिव टेप

**अनंत ज्ञान, सोनल, नादौन।** सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस थाना नादौन द्वारा विशेष जनहित अभियान चलाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग एवं थाना क्षेत्र की सड़कों पर घूम रहे आवारा गायों और बैलों के सींगों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाई गई, ताकि रात्रि के समय वाहन चालकों को पशु दूर से दिखाई दें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने किया, जिसमें एसआई नरेश कुमार, एचसी अरविंद कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया। थाना प्रभारी ने पशुपालकों से पशुओं को खुले में न छोड़ने की अपील की तथा वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने का आग्रह किया।



### विनय शर्मा बने ब्लॉक महासंघ के प्रधान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आयुर्वेदिक फार्मेसी ऑफिसर महासंघ ब्लॉक हमीरपुर के चुनाव बुधवार को हमीरपुर में हुए। इस दौरान विनय शर्मा को प्रधान, रेनू बाला को वरिष्ठ उप प्रधान, अविकाश और राजीव को उपप्रधान नियुक्त किया। इसी तरह संजीव कुमार को महासचिव, कपिल को कोषाध्यक्ष, अमित को प्रेस सचिव, सुनीता को संगठन सचिव, अजय व अश्वनी को लेखा परीक्षक, जसवीर को सह कोषाध्यक्ष व चंद्रशेखर को मुख्य सलाहकार चुना गया। इस दौरान ब्लॉक बड़सर के अध्यक्ष देव राज व ब्लॉक नादौन के अध्यक्ष अशोक कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### बड़ू में 27 को लगेगा मैगा जॉब फेयर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** सिटी ग्रुप एवं सीटी यूनिवर्सिटी 27 जून को राजकीय बहुतकनीकी कालेज बड़ू, हमीरपुर में एक विशाल रोजगार मेला आयोजित करने जा रहा है। सिटी ग्रुप के अधिकारी डॉ. पंकज जैन ने बताया कि इस मैगा जॉब फेयर का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश के नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे। उन्होंने बताया कि इस मैगा जॉब फेयर में 25 से अधिक कंपनियां युवाओं के साक्षात्कार लेंगी तथा चयनित युवाओं को मौके पर ही ऑफर लैटर प्रदान करेंगी। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 94634-85207 और 84370-06030 पर संपर्क किया जा सकता है।

# बड़सर बस अड्डे के निर्माण को 2 करोड़ की सौगात, सीएम सुक्खू ने दी स्वीकृति

अनंत ज्ञान

◆ क्षेत्रवासियों में खुशी, कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया ने जताया आभार

**एसके ठाकुर, बड़सर।** केंद्र में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा बड़सर क्षेत्र को बड़ी सौगात दी गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बड़सर बस अड्डे के निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही बस अड्डे की मांग पूरी होने की उम्मीद जगी है।



इस स्वीकृति के बाद बड़सर क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलने की संभावना है। बस अड्डा निर्माण से यात्रियों, व्यापारियों तथा स्थानीय लोगों को बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे आवागमन और भी सुगम होगा। कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय जनहित में लिया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद प्रकट करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में अहम पहल बताया। स्थानीय लोगों में भी इस घोषणा के बाद खुशी का माहौल है और लोगों ने इसे बड़सर के लिए बड़ी उपलब्धि बताया।

## 24 घंटे से अंधेरे में कई गांव, बिजली बहाली की मांग उठाई

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विद्युत उपमंडल भरेड़ी के अंतर्गत आने वाले याणवी, बगबाड़, उखलसुआ, धार सहित कई गांवों में पिछले 24 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली गुल रहने से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली न होने से पेयजल योजनाएं बाधित हुई हैं, मोबाइल फोन चार्ज नहीं हो पा रहे और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। रात के समय अंधेरे के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उधर, विद्युत विभाग भरेड़ी के सहायक अभियंता संजय कुमार ने बताया कि लाइन में तकनीकी खराबी (फाल्ट) आने से आपूर्ति बाधित हुई है और टीमें मरम्मत कार्य में जुटी हैं। फाल्ट ठीक होते ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## सभी पात्रों के नाम मतदाता सूचियों में हों शामिल: स्वाति

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विधानसभा क्षेत्र 39–बड़सर की मतदाता सूचियों के प्रस्तावित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के बारे में सभी बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए वीरवार को यहां मिनी सचिवालय में एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर एसडीएम एवं बड़सर विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी स्वाति डोगरा ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य सभी पात्र लोगों के नाम मतदाता सूचियों में शामिल करके और अपात्र लोगों के नाम हटाकर त्रुटिरहित मतदाता सूचियां तैयार करना है। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ अपने–अपने क्षेत्रों में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवाओं के नाम मतदाता सूचियों में शामिल करना सुनिश्चित करें। एक भी पात्र व्यक्ति इससे छूटना नहीं चाहिए। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के सफल क्रियान्वयन के लिए जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित करें। एसडीएम ने कहा कि पंजीकृत मतदाताओं की संख्या और वास्तविक जनसंख्या के अनुपात में अभी भी काफी सुधार की गुंजाइश है। इस दिशा में सभी बीएलओ विशेष प्रयास करें। एसडीएम ने मतदाता सूचियों में पात्र लोगों के नाम शामिल करने, अपात्र लोगों के नाम हटाने और मतदाता सूचियों में अशुद्धियों को दुरुस्त करने से संबंधित प्रपत्रों–6,7 और 8 के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

# सुजानपुर में शरारती तत्वों ने कार के दोनों शीशे तोड़े


सुजानपुर में शरारती तत्वों द्वारा कार के शीशे तोड़े गए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सुजानपुर के वार्ड नंबर 2 में वीरवार देर शाम को असामाजिक तत्वों ने एक कार के फ्रंट और बैक दोनों शीशे पत्थर मारकर तोड़ दिए।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 2 के ऐतिहासिक नर्वदेश्वर मंदिर के पास स्थानीय व्यक्ति द्वारा कार पार्क की गई थी। इसके आगे और पीछे दोनों के शीशे एक बड़े पत्थर द्वारा तोड़ दिए गए। सूचना मिलते ही कार मालिक संबंधित जगह पर पहुंचा। जिसकी सूचना पुलिस और स्थानीय वार्ड मेंबर को दी गई। पुलिस ने मौके पर आकर कार्रवाई शुरू कर दी। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां मंदिर के पास पूरा दिन भारी संख्या में युवकों का जमावड़ा लगा रहता है। इसकी सूचना पहले भी पुलिस को दी गई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

गनीमत रही कि किसी और गाड़ी के शीशे नहीं तोड़े गए।उक्त स्थान पर और भी गाड़ियां पार्क की गई थीं। लोगों ने संबंधित स्थान पर सीसीटीवी लगाए जाने की मांग की है। ताकि आगे से इस तरह की कोई घटना न हो सके।

# तकनीकी विश्वविद्यालय में काउंसलिंग के लिए 30 तक करें ऑनलाइन आवेदन

अनंत ज्ञान

◆ बीटेक और बी फार्मेसी एमटेक सहित अन्य विषयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। तकनीकी विवि परिसर व संबंधित सरकारी निजी शिक्षण संस्थानों में बीटेक, बी फार्मेसी, एमटेक, एमबीए, एमसीए, बी आर्क सहित अन्य विषयों की काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं।

तकनीकी विवि के कुलसचिव अनुपम कुमार ठाकुर ने कहा कि पात्र अभ्यर्थी 30 जून तक काउंसलिंग का ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। तकनीकी विवि और संबंधित शिक्षण संस्थानों में बीटेक (लेटरल व डायरेक्ट एंट्री), बी फार्मेसी (लेटरल व डायरेक्ट एंट्री), बी आर्क, एमबीए, एमबीए पर्यटन, एमसीए, एमटेक, एम फार्मेसी, एमएससी भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, एमए, एमएससी योग, बीएससी एचएमसीटी, बीएचएमसीटी, फार्मा डी में प्रवेश लेने के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन काउंसलिंग फॉर्म भरना होगा। उपरोक्त सभी स्नातक व स्नातकोत्तर विषय में प्रवेश के लिए पात्रता संबंधित जानकारी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर लगी सूचना विवरणिका में देख सकते हैं, जिसमें सभी विषयों में प्रवेश के लिए पात्रता का पूरा ब्यौरा दिया है। जिन अभ्यर्थियों ने तकनीकी विवि की प्रवेश परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस टेस्ट) दी है, उन्हें भी काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके अलावा बीटेक में डायरेक्ट एंट्री के लिए जेईई मेन परीक्षा देने वाले को भी काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। बता दें कि बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की 50 प्रतिशत सीटें एचपीसीईटी और 50 प्रतिशत सीटें जेईई की मेरिट के आधार पर भरी जाती हैं। काउंसलिंग फार्म भरने की तिथि के बाद जल्द की उपरोक्त विषयों की काउंसलिंग का शेड्यूल जारी किया जाएगा।

# कामगार कल्याण बोर्ड की मदद से शादी का बोझ हुआ हल्का

## श्रमिक राकेश कुमार को मिली 51 हजार की मदद, परिवार ने सीएम का जताया आभार

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** एक आम श्रमिक के लिए अपने परिवार के पालन–पोषण, मकान निर्माण और बच्चों की सही शिक्षा के बाद बच्चों की धूमधाम से शादी करने का वक्त आता है तो उसे शादी के भारी–भरकम खर्चे की काफी चिंता होती है। परिवार के पालन–पोषण से लेकर, मकान निर्माण, बच्चों की शिक्षा और उन्हें सेटल करने तक उसका काफी खर्चा हो जाता है और इसके बाद उसी श्रमिक के सिर पर बच्चों की शादी की बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी आ जाती है। कई बार तो वह बच्चों की शादी की वजह से कर्जे में भी डूब जाता है। जिला हमीरपुर की तहसील टौणी देवी के बराड़ा क्षेत्र के गांव लडयोह के एक श्रमिक राकेश कुमार भी इसी स्थिति से गुजर रहे थे। सतलुज जल विद्युत निगम की धौलासिद्ध परियोजना में श्रमिक के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने अपने बेटे और बेटी को अच्छी शिक्षा दी तथा छोटा सा मकान भी बना लिया। इसके बाद उन्होंने जैसे–तैसे दोनों बच्चों की शादी भी धूमधाम से कर दी। लेकिन, बेटे अमित की शादी में उनका काफी ज्यादा पैसा खर्च हो गया और उन पर कर्जे का बोझ भी पड़ गया। ऐसी परिस्थितियों में राकेश कुमार और उनकी धर्मपत्नी रीना को काफी चिंता हो रही थी।

राकेश कुमार ने हिमाचल प्रदेश भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में श्रमिक के रूप में अपना पंजीकरण करवा रखा था और उन्हें उम्मीद थी कि विवाह अनुदान योजना में उनका नंबर जरूर आ जाएगा तथा उन्हें बेटे की शादी पर इस योजना के तहत 51 हजार रुपए का अनुदान मिलेगा। उन्होंने इसके लिए आवेदन कर दिया और कुछ समय बाद उन्हें विवाह अनुदान योजना के तहत 51 हजार रुपये की राशि मिल भी गई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए राकेश कुमार ने बताया कि बोर्ड से प्राप्त धनराशि से उन्होंने अपना कर्जा चुका दिया और अब वह अपने पूरे परिवार के साथ प्रसन्नतापूर्वक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। राकेश कुमार की धर्मपत्नी रीना और बहू शबनम कुमारी का भी यही कहना है कि भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की योजना उनके परिवार के लिए बहुत बड़ा सहारा साबित हुई है। उधर, बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह ठाकुर ने बताया कि यह बोर्ड अपनी 13 कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों को मकान निर्माण, चिकित्सा सहायता, बच्चे के जन्म से लेकर, शिक्षा और विवाह के लिए आर्थिक सहायता, पेंशन, दिव्यांगता पेंशन, श्रमिक की मृत्यु पर आर्थिक मदद और कई अन्य सुविधाओं के अलावा श्रमिक के अपने विवाह के लिए भी वित्तीय मदद प्रदान करता है। चाहे श्रमिक के बच्चे का जन्म हो या उसकी शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण या विवाह, मकान निर्माण हो या बीमारी का इलाज, अथवा जीवन में कोई अन्य आपात परिस्थिति, इन सभी कार्यों के लिए बोर्ड भरपूर आर्थिक मदद प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान जिला में बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कामगारों को कुल 7.47 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। बोर्ड ने इस वित्तीय वर्ष में प्रदेश भर के कामगारों के लिए 211.47 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट मंजूर किया है, जिससे हजारों पात्र एवं जरुरतमंद कामगार लाभान्वित होंगे।

**बैठक** डीसी गंधर्वा राठौड़ ने की राज्य स्तरीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा

# अणु में हजारों लोग करेंगे योगाभ्यास

अनंत ज्ञान


योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करती हुई उपायुक्त। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने शुक्रवार को हमीर भवन में जिला के प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक करके राज्य स्तरीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए। इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि आयुष विभाग इस बार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में करने जा रहा है। सुबह 6 बजे आरंभ होने वाले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग योगाभ्यास करेंगे। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम होने के कारण इसमें योगाभ्यास करने वाले लोगों की संख्या डेढ़ से दो हजार तक या इससे अधिक भी हो सकती है। इसलिए, आयोजन स्थल पर पर्याप्त प्रबंध होने चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी दिन दोपहर बाद नीट–यूजी की परीक्षा भी होगी। इसको देखते हुए अणु में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रबंध करने होंगे। उपायुक्त ने आयुष विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि योगाभ्यास के लिए ग्राउंड में मैट बिछाने का कार्य, मंच निर्माण और अन्य सभी आवश्यक प्रबंध शनिवार को ही पूरे हो जाने चाहिए, ताकि रविवार सुबह निर्धारित समय पर योगाभ्यास सत्र आरंभ किया जा सके। प्रतिभागियों के पंजीकरण, पेयजल एवं रिफ्रेशमेंट वितरण के लिए पर्याप्त काउंटर लगाए जाएं। मौसम खराब होने की स्थिति में मैदान के साथ ही स्थित इंडोर स्टेडियम में वैकल्पिक प्रबंध होने चाहिए। उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को आयोजन स्थल पर डस्टबिन, शौचालय और सफाई की व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारी तैनात करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सरकारी और गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों से कहा कि वे योगाभ्यास सत्र के प्रतिभागी विद्यार्थियों को आयोजन स्थल तक पहुंचाने और वापस ले जाने के लिए समुचित प्रबंध करें, ताकि इन्हें आवाजाही में कोई दिक्कत न हो। गंधर्वा राठौड़ ने आयुष विभाग के अधिकारियों से कहा कि इस योगाभ्यास सत्र में शहर के वरिष्ठ नागरिकों और विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों की भी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में अन्य मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सहायक आयुक्त चिराग शर्मा ने विभिन्न प्रबंधों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में एसपी बलवीर सिंह, एसडीएम संजीत सिंह, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त राम प्रसाद शर्मा और अन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया।

# आईएचएम के विशेषज्ञों ने हमीरपुर जेल के कैदियों को सिखाए कुकिंग के गुर

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** जिला कारागार में सजायाफ्ता कैदियों को भविष्य में नई राह दिखलाने के लिए जिला प्रशासन ने होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर के सहयोग से एक विशेष पहल की है। जिला प्रशासन ने इन सजायाफ्ता कैदियों के लिए विशेष रूप से पांच दिन का कुकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाया जोकि शुक्रवार को संपन्न हो गया।

एडीसी एवं होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर के कार्यकारी प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार गर्ग ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के विशेषज्ञों ने 25 से अधिक कैदियों को कुकिंग सिखाई। इस दौरान बेकरी उत्पादों, सैंडविच, बर्गर, पैट्टीज, स्वीट एंड साल्टड कूकीज और समोसा इत्यादि बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इसके अलावा होटल प्रबंधन से संबंधित कई अन्य सेवाओं की जानकारी भी दी गई। अभिषेक कुमार गर्ग ने बताया कि सजा पूरी होने के बाद ये लोग सामान्य जीवन व्यतीत कर सकें और स्वरोजगार को अपनाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें, इसी उद्देश्य के साथ जिला प्रशासन ने आईएचएम के सहयोग से यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाया है। एडीसी ने बताया कि सभी सजायाफ्ता लोगों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी रुचि दिखाई।

## न्यूज ब्रीफ

### समाजसेवियों ने निकाला नाली में फंसा बैल



**अनंत ज्ञान, महादेव।** बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) नहर किनारे के धनोटू पुल के नजदीक श्री राम हनुमान मंदिर महादेव के निकट गहरी नाली में एक बेसहारा बैल फंस गया था। वह वहां से निकलने के लिए संघर्ष कर रहा था तभी वहां से गुजर रहे मंदिर के सेवकों ने आव देखा न ताव और काफी मशक्कत के बाद एक बार फिर अपना धर्म निभाते हुए बेसहारा गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाला। बैल की जान बचाने वालों में समाजसेवी चमन ठाकुर, लाल सिंह, तेजेंद्र गौतम सहित उक्त मंदिर समिति के सदस्य शामिल हैं।

### बोतल, कैन या ड्रम में नहीं मिलेगा ईंधन

**अनंत ज्ञान, भौर।** पेट्रोल और डीजल की बिक्री एवं उपयोग को लेकर सरकार और तेल कंपनियां अब गंभीर नजर आ रही हैं। इसी के तहत सुंदरनगर क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंपों पर नई गाइडलाइन संबंधी पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें ईंधन की बिक्री और खरीद से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों का उल्लेख किया गया है। पेट्रोल पंपों पर लगाए गए इन पोस्टरों में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि पेट्रोल और डीजल को किसी बोतल, कैन या ड्रम में नहीं बेचा जाएगा। यह कदम सुरक्षा कारणों और ईंधन के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। इसके अलावा एक व्यक्ति को प्रतिदिन मिलने वाले ईंधन की अधिकतम सीमा भी निर्धारित की गई है।गाइडलाइन के अनुसार कोई भी उपभोक्ता अपनी गाड़ी में एक दिन में अधिकतम 45 लीटर पेट्रोल तथा 190 लीटर डीजल ही भरवा सकेगा। तेल कंपनियों और प्रशासन का मानना है कि इन नियमों से ईंधन की अवैध जमाखोरी और अनधिकृत बिक्री पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

### लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल के दो छात्र बने अग्निवीर




**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल सरकाघाट के लिए गर्व का विषय है कि विद्यालय के दो पूर्व विद्यार्थियों का भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती में चयन हुआ है। विद्यालय के छात्र शिवम (दरकलग) तथा समीर (रखोटा) ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उनके चयन से विद्यालय, अभिभावकों तथा पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने दोनों चयनित युवाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उन्हें देश सेवा के लिए आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करेगी। विद्यालय ने दोनों चयनित अग्निवीरों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे राष्ट्र की सेवा में उत्कृष्ट योगदान देंगे और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

### टारना रोड और आसपास कल पावर कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विद्युत उपमंडल-1 मंडी के अंतर्गत 11 केवी पंजेठी एचटी लाइन के आसपास पेड़ों की कटाई एवं छंटाई का कार्य 21 जून को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इस कार्य के चलते उक्त अवधि के दौरान 11 केवी पंजेठी एचटी लाइन से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए सहायक अभियंता विद्युत उप-मंडल-1 मंडी नरेश ठाकुर ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में जेल रोड, त्वांबड़ा, दो अंब, पंजेठी, लोक निर्माण विभाग का मुख्य कार्यालय एवं कॉलोनी, टारना रोड, टारना हिल, परिधि गृह, जल शक्ति विभाग परियोजना टारना, अमर विहार, परमार कॉलोनी, तल्याहड़, मड़वाहन तथा इसके आसपास के क्षेत्र शामिल हैं।

### खाताधारक के परिवार को मिले दो लाख

**अनंत ज्ञान, निहरी।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक, निहरी शाखा ने मृत खाताधारक के परिवार को दो लाख रुपये की बीमित राशि प्रदान कर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की उपयोगिता को एक बार फिर सिद्ध किया है। ग्राम जनोह, डाकघर निहरी निवासी चिंत राम पुत्र बलमू का हाल ही में हृदयाघात के कारण निधन हो गया था। उन्होंने अपने बचत खाते के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कवर लिया हुआ था।



उनके नामित (नॉमिनी) पुत्र संजय कुमार ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दो लाख रुपये की बीमित सहायता राशि प्राप्त की। संजय कुमार ने बताया कि इस राशि की सहायता से उन्होंने अपने दिवंगत पिता का किसान क्रेडिट कार्ड ऋण भी चुका दिया। शाखा प्रबंधक श्वेता वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना केंद्र सरकार की अत्यंत लाभकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाएं हैं।

### एसबीआई का वित्तीय समावेशन कैंप 29 को

**अनंत ज्ञान, महादेव।** भारतीय स्टेट बैंक रीजनल बिजनेस ऑफिस, मंडी द्वारा वित्तीय सेवाओं को प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष वित्तीय समावेशन शिविर 29 जून को आयोजित किया जा रहा है। उपलब्ध बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने को लेकर शिविर में उपलब्ध सेवाओं में प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत नए खाते खोलना एवं निष्क्रिय खातों का पुनः संचालन करने सहित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना में नामांकन, सीकेवाईसी जनरेशन। बैंक खातों एवं लॉकरों में नामांकन अपडेट विभिन्न ऋण सुविधाओं की जानकारी एवं पात्र ग्राहकों को ऋण संबंधी परामर्श शामिल है। इसके साथ ही बचत एवं खातों का री -के वाई सी बारे जानकारी दी जाएगी तथा वित्तीय समावेशन एवं डिजिटल धोखाधड़ी जागरूकता सत्र भी आयोजित किया जाएगा।

# पुष्पा नप सरकाघाट की अध्यक्ष, लाल सिंह उपाध्यक्ष

## एसडीएम एवं प्राधिकृत अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ चुनाव

अनंत ज्ञान



नगर परिषद सरकाघाट के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष समर्थकों के साथ सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन हेतु शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम एवं प्राधिकृत अधिकारी सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने की। इस अवसर पर नगर परिषद के सभी सात पार्षद उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप ठाकुर ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अतिरिक्त धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर ने भी मतदान किया, क्योंकि धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला वार्ड संख्या-7 (बैहड़-डबरोग) आंशिक रूप से नगर परिषद सरकाघाट क्षेत्र में शामिल है। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार शहरी निकायों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव में संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के विधायक भी मतदान करने के लिए पात्र हैं। अध्यक्ष पद के लिए वार्ड संख्या-4 कलश की पार्षद ललिता तथा वार्ड संख्या-3 जमसाई की पार्षद पुष्पा देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किए, वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए वॉर्ड संख्या- 2 रामनगर के पार्षद अश्वनी कुमार एवं वॉर्ड संख्या 7 डबरोग से लाल सिंह ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। निर्धारित निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत प्राधिकृत अधिकारी राजेंद्र कुमार गौतम ने वार्ड संख्या-3 जमसाई की पार्षद पुष्पा देवी को नगर परिषद सरकाघाट की अध्यक्ष तथा वार्ड संख्या-7 बैहड़-डबरोग के पार्षद लाल सिंह को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना की।

◆ **सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर और धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने भी किया अपने मत का प्रयोग**

## धन्यारा पंचायत में विकास कार्यों को देंगे प्राथमिकता : सोहन लाल

अनंत ज्ञान



**सुंदरनगर।** सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत धन्यारा में पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर के आगमन पर नवनिर्वाचित पंचायत प्रधान हंसराज, उपप्रधान हेमराज शर्मा और अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पंचायत चुनाव में जीत के साथ पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर और पंचायत के समस्त मतदाताओं का धन्यवाद व्यक्त करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पंचायत प्रधान हंसराज ने पंचायत की विभिन्न समस्याओं और मांगों को पूर्व सीपीएस के समक्ष रखते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। अपने संबोधन में पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने सभी नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को चुनावों में जीत दर्ज करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है, जिसे निरंतर आगे बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि धन्यारा पंचायत में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवाए जाएंगे तथा लंबित मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्यों को गति प्रदान की गई है। कई वर्षों से बंद पड़ी सलापड़-तत्तापानी सड़क को डबल लेन की स्वीकृति मिलने के बाद अब निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा बाड़ू गांव के लिए सड़क निर्माण हेतु वन विभाग से आवश्यक स्वीकृति (फॉरेस्ट क्लीयरेंस) की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं चलोग से चयूरी वाया धन्यारा सड़क का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने क्षेत्र के विकास को लेकर अपने सुझाव भी साझा किए तथा पूर्व सीपीएस से जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। पूर्व सीपीएस ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे हमेशा प्रतिबद्ध रहे हैं और भविष्य में भी जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला परिषद सदस्य सलापड वार्ड मोहित ठाकुर सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# द्रमण आश्रम में हिमाचली संस्कृति से रू-ब-रू हुए देशभर के साधक

अनंत ज्ञान



**राजेंद्र कुमार, जय देवी।** दिव्याशीष परमसुख आश्रम द्रमण में आयोजित निशुल्क एडवांस न्यू डाइट सिस्टम आवासीय शिविर के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आए साधकों ने जय देवी क्षेत्र का भ्रमण कर हिमाचली संस्कृति, लोक परंपराओं और ग्रामीण जीवनशैली को करीब से जाना। साधकों ने पहाड़ी एवं वन क्षेत्रों से होकर गांव का दौरा किया तथा जय देवी मेले में भाग लेकर स्थानीय संस्कृति और रीति-रिवाजों की जानकारी प्राप्त की। आश्रम के संचालक सुरेश मलिक ने बताया कि शिविर के अंतर्गत प्रकृति के निकट रहकर जीवन को समझने और ग्रामीण संस्कृति से जुड़ने का विशेष कार्यक्रम रखा गया था। इसी क्रम में साधकों ने गांव कांढी होते हुए लोक संस्कृति एवं समृद्ध परंपराओं के लिए प्रसिद्ध जय देवी क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि आश्रम में आयोजित निशुल्क आवासीय शिविरों में देश के विभिन्न राज्यों से लोग भाग लेते हैं। इस शिविर में हरियाणा से अनूप, प्रीति, दिनेश और जगपाल मलिक, राजस्थान से विवेकानंद, जयपुर से विक्की एवं यश तथा दिल्ली से सरिता और अमित सहित अनेक साधक शामिल हुए।आश्रम की संचालिका आनंदी मां ने साधकों को प्राकृतिक आहार एवं तप-सेवा के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि भोजन की आदतों में सकारात्मक परिवर्तन लाकर व्यक्ति कई प्रकार की शारीरिक समस्याओं से मुक्ति पा सकता है और स्वस्थ जीवन जी सकता है। सुरेश मलिक ने बताया कि दिव्याशीष परमसुख आश्रम के संरक्षक श्री श्री 1008 बाबा कालीदास जी महाराज पिछले 48 वर्षों से केवल नारियल पानी को ही अपना दैनिक आहार बनाए हुए हैं। दिन में एक बार नारियल पानी ग्रहण कर वे प्राकृतिक जीवनशैली और संयमित जीवन का संदेश दे रहे हैं।

## युवाओं को नशे के खिलाफ किया जागरूक

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल अनंत नगर तताहर में आयोजित दो दिवसीय एंटी-चिट्टा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का वीरवार को समापन हुआ। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिनेश कुमार नारंग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का भी विकास करते हैं। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर खेल और शिक्षा को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि एंटी-चिट्टा अभियान के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन समाज को सकारात्मक संदेश देने वाला प्रयास है।

## दीपक शर्मा को कुल्लू कांग्रेस का प्रभारी किया गया नियुक्त

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक शर्मा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी कुल्लू का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर दीपक शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की हिमाचल प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनोद सुल्तानपुरी का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा कार्यकर्ताओं को संगठित और सक्रिय करने के लिए वह पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करते हुए उसे और अधिक सशक्त बनाया जाएगा तथा जनता के बीच पार्टी की पहुंच को मजबूत किया जाएगा। दीपक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व के मार्गदर्शन में कुल्लू जिला में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। उन्होंने रजनी पाटिल, सुखविंदर सिंह सुक्खू और विनोद सुल्तानपुरी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस संगठन लगातार सशक्त हो रहा है। दीपक शर्मा ने कहा कि पार्टी द्वारा व्यक्त किए गए इस विश्वास पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता होगी तथा संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के सम्मान और जनसेवा के उद्देश्य को लेकर वह पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

## सुंदरनगर पंचायत समिति में कोरम पूरा न होने से अटका अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** विकास खंड सुंदरनगर पंचायत समिति अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए बुलाई गई बैठक कोरम के अभाव में शुक्रवार को स्थगित करनी पड़ी। हालात ऐसे रहे कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही समाप्त हो गई। प्रशासनिक अधिकारी निर्धारित समय तक चुने हुए बीडीसी सदस्यों का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई भी सदस्य सभागार तक नहीं पहुंचा। एसडीएम अमर नेगी, बीडीओ नियोन धैर्य शर्मा तथा पंचायत इंस्पेक्टर हुकम चंद चौहान दोपहर एक बजे तक सदस्यों की राह देखते रहे। सभागार में लगी कुर्सियां सदस्यों की प्रतीक्षा करती रहीं, लेकिन अंत तक सभी कुर्सियां खाली ही नजर आईं। विकास खंड के अंतर्गत कुल 16 बीडीसी सदस्यों में किसी भी सदस्य की अनुपस्थिति के चलते चुनाव प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी ।वहीं कोरम के अभाव में चुनाव टलने से पंचायत समिति के नए नेतृत्व के चयन को लेकर अब सभी की निगाहें अगली बैठक पर टिक गई हैं। एसडीएम अमर नेगी ने बताया कि पंचायत समिति में कुल 16 सदस्य हैं। नियमों के अनुसार बैठक संचालित करने के लिए कम से कम दो-तिहाई सदस्यों यानी 11 सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक थी, लेकिन बैठक में कोई भी सदस्य नहीं पहुंचा। इस कारण अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया संपन्न नहीं करवाई जा सकी।

# धनोटू चौक का सार्वजनिक शौचालय बदहाल

## स्थानीय लोगों ने सफाई व्यवस्था और पारदर्शिता पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** ग्राम पंचायत महादेव के अंतर्गत आने वाला धनोटू चौक (शहीद राजेश कुमार चौहान धनोटू चौक) पर बने सार्वजनिक शौचालय की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आर्किटेक्ट विजय कुमार एवं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शौचालय परिसर में गंदगी फैली रहती है, नियमित सफाई की व्यवस्था दिखाई नहीं देती और रखरखाव के अभाव में यह जनसुविधा अपनी उपयोगिता खोती जा रही है। सबसे हैरानी की बात यह है कि आज तक इस सार्वजनिक शौचालय पर कोई स्पष्ट पहचान बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे बाहर से आने वाले लोगों को यह पता तक नहीं चल पाता कि यहां सार्वजनिक शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वच्छता एवं सेनिटाइजेशन टैक्स वसूला जाता है, लेकिन धरातल पर सफाई व्यवस्था की स्थिति निराशाजनक बनी हुई है। लोगों का सवाल है कि जब ग्रामीण नियमित रूप से कर का भुगतान कर रहे हैं तो सार्वजनिक सुविधाओं की देखरेख और सफाई व्यवस्था क्यों नहीं सुनिश्चित की जा रही। धनोटू चौक स्थित इस सार्वजनिक शौचालय भवन पर आज भी पूर्व प्रधान एवं पूर्व बीडीसी सदस्यों की चुनावी प्रचार सामग्री और बड़े-बड़े पोस्टर लगे हुए दिखाई देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब प्रचार सामग्री के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है तो सार्वजनिक शौचालय की पहचान के लिए एक साधारण सूचना बोर्ड भी लगाया जा सकता था। लोगों का कहना है कि कई बार स्थानीय नागरिकों को भी विभिन्न बोर्डों और पोस्टरों की इस 'भूलभुलैया' के बीच यह समझने में कठिनाई होती है कि सार्वजनिक शौचालय कहां स्थित है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पंचायत का सूचना बोर्ड भी कार्यकाल के अंतिम चरण में लगाया गया, जबकि पूरे कार्यकाल के दौरान पंचायत क्षेत्र में हुए विकास कार्यों, स्वीकृत योजनाओं और खर्च की गई राशि की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं की गई।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि विकास केवल दावों से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर उपलब्ध सुविधाओं से दिखाई देता है। यदि क्षेत्र के सबसे व्यस्त चौक पर स्थित सार्वजनिक शौचालय ही बदहाली का शिकार है, तो जनसुविधाओं के रखरखाव को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े होना स्वाभाविक है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन, संबंधित विभाग तथा ग्राम पंचायत महादेव से मांग की है कि धनोटू चौक स्थित सार्वजनिक शौचालय की तत्काल सफाई, मरम्मत एवं नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शौचालय पर स्पष्ट पहचान बोर्ड लगाया जाए तथा पंचायत क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध करवाई जाए, ताकि जनता को सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## गोहर में महिला उद्यमियों के लिए हुई फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट

**अनंत ज्ञान, गोहर।** जिला उद्योग केंद्र मंडी द्वारा विकास खंड कार्यालय गोहर में महिला उद्यमियों के लिए एक दिवसीय फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की लगभग 50 महिला उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी गोहर पवन शर्मा ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला उद्यमियों को वित्तीय सहायता, ऋण सुविधाओं, सरकारी योजनाओं तथा विपणन अवसरों की जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान बैंकिंग सेवाओं, ऋण स्वीकृति प्रक्रिया, सरकारी सब्सिडी, बीमा योजनाओं, उद्यम पंजीकरण एवं डिजिटल पंजीकरण प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। साथ ही वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) तथा ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) जैसे विपणन प्लेटफॉर्म के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर चंदर प्रकाश, एनएसआईसी मंडी के मुख्य प्रबंधक लोकेश भाटिया, एनआरएलएम के मिशन एग्जीक्यूटिव निशांत शर्मा, जिला उद्योग केंद्र की राजश्री तथा एमएमएसवाई योजना की लाभार्थी सुचिका कौशल उपस्थित रहीं। लोकेश भाटिया ने एमएसएमई, उद्यम पंजीकरण, सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं एवं कौशल उन्नयन कार्यक्रमों की जानकारी दी। सुचिका कौशल ने बताया कि उन्होंने एमएमएसवाई योजना के तहत लगभग 18 लाख का ऋण प्राप्त कर पेपर प्लेट निर्माण इकाई स्थापित की है। कार्यक्रम में महिला उद्यमियों ने विभिन्न योजनाओं एवं व्यवसायिक चुनौतियों से जुड़े प्रश्न पूछकर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## रविदासी समाज के नाम पर राजनीति बंद करें : अमरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सुंदरनगर के खिलड़ा वार्ड से जिला परिषद सदस्य अमरू राम ने कांग्रेस नेता चमन राही द्वारा रविदासी समाज की उपेक्षा को लेकर दिए गए बयान को दुर्भाग्यपूर्ण, भ्रामक और समाज को बांटने का प्रयास बताया है। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं रविदासी समाज से आता हूं और आज जिस राजनीतिक पहचान तथा जनप्रतिनिधित्व के स्थान पर हूं, वह भारतीय जनता पार्टी की कार्यसंस्कृति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अंत्योदय आधारित नीतियों, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के मार्गदर्शन तथा विधायक एवं भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल के विश्वास का परिणाम है। प्रधान, बीडीसी और आज जिला परिषद सदस्य तक का मेरा सफर इस बात का प्रमाण है कि भाजपा समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने में विश्वास रखती है।

पहल

## डीसी अपूर्व देवगन की पहल से जिले में शुरू होगा 'ज्ञान क्रांति' का नया अध्याय

# मंडी में 70 रीडिंग रूम और पुस्तकालय होंगे स्थापित

अनंत ज्ञान

◆ **ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा आधुनिक अध्ययन वातावरण**

◆ **और सशक्त होगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी**

**अनिल शर्मा, मंडी।** शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम मानते हुए उपायुक्त अपूर्व देवगन के नेतृत्व में जिला प्रशासन मंडी ने एक दूरदर्शी और महत्वाकांक्षी पहल शुरू की है। 'अपना पुस्तकालय' अभियान के विस्तार के तहत जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं उपमंडलीय क्षेत्रों में 70 नए रीडिंग रूम एवं पुस्तकालय स्थापित किए जाएंगे।

इस अभिनव प्रयास का उद्देश्य गांवों में रहने वाले विद्यार्थियों और युवाओं को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन संसाधन, संदर्भ साहित्य तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाना है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने की सोच के साथ प्रशासनिक तंत्र को सक्रिय करते हुए शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और पंचायती राज संस्थाओं को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

उनके मार्गदर्शन में ऐसे सरकारी भवनों की पहचान की जा रही है, जिन्हें आधुनिक अध्ययन केंद्रों में परिवर्तित किया जा सके। इन केंद्रों का संचालन स्थानीय पंचायतों के सहयोग से किया जाएगा, जिससे समुदाय की सहभागिता भी सुनिश्चित होगी। योजना के तहत प्रत्येक शिक्षा खंड में चयनित विद्यालयों एवं पंचायत भवनों के समीप पुस्तकालय कक्ष विकसित किए जाएंगे। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन केंद्रों में विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। प्रशासन का लक्ष्य केवल पुस्तकालय खोलना नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में अध्ययन और प्रतिस्पर्धी तैयारी की सशक्त संस्कृति विकसित करना है। उपायुक्त की इस पहल के सकारात्मक परिणाम पहले ही दिखाई देने लगे हैं।

पधर, कोटली, करसोग, बल्ह, पंडोह और बरोट सहित कई क्षेत्रों में रीडिंग रूम संचालित हो रहे हैं, जबकि थुनाग, जोगिंद्रनगर, औट, धर्मपुर और गोहर में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन केंद्रों से हजारों विद्यार्थियों और युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।

### 6.5 करोड़ से बनेगा ज्ञान का नया केंद्र



**उपायुक्त** अपूर्व देवगन की पहल पर जिला प्रशासन मंडी एक आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त जिला पुस्तकालय स्थापित करने की दिशा में भी कार्य कर रहा है। इसके लिए भ्यूली क्षेत्र में भूमि चिन्हित कर ली गई है। प्रस्तावित परियोजना पर लगभग 6.5 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। यह पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रह केंद्र नहीं होगा, बल्कि शोध, अध्ययन, डिजिटल लर्निंग और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का आधुनिक ज्ञान केंद्र बनेगा। प्रशासन का मानना है कि यह परियोजना मंडी जिले में शैक्षणिक बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगी।

अनंत ज्ञान खास खबर

## प्रधानाचार्य नशा मुक्त समाज के निर्माण में निभाएं अग्रणी भूमिका : उपायुक्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी में नशा मुक्त भारत अभियान तथा एचपीवी टीकाकरण को लेकर सरकारी एवं निजी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में स्वास्थ्य एवं कल्याण विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालयों में नशा मुक्त वातावरण तैयार करना, किशोर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा एचपीवी टीकाकरण के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करना रहा। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि जागरूकता और रोकथाम के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता है। उन्होंने बताया कि एंटी चिट्टा अभियान के पहले चरण में जिले की 24 हाई रिस्क रेड जोन पंचायतों की पहचान की गई है, जहां राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की अध्यक्षता में नशा निवारण समितियां गठित की गई हैं। उन्होंने प्रधानाचार्यों से मासिक एंटी चिट्टा बैठकों को प्रभावी बनाने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा विद्यार्थियों से नियमित संवाद स्थापित करने का आह्वान किया।

उपायुक्त ने विद्यालयों में खेल, फिटनेस और योग गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा समय-समय पर विशेषज्ञों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे और बुरी आदतों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि 26 जून को सभी विद्यालयों में एंटी ड्रग डे पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**इस** जन्म में परिश्रम से की गई कमाई का फल मिलता है और उस कमाई से दिए गए दान का फल अगले जन्म में मिलता है।

-गुरुवाणी

## संपादकीय

## पश्चिम एशिया में नई उम्मीद

ईरान और अमेरिका के बीच लंबे समय से चल रहे तनावपूर्ण सैन्य टकराव के बाद दोनों देशों में शांति समझौते पर हस्ताक्षर होना बड़ी बात है। तीन महीनों से अधिक समय तक चले इस संघर्ष ने वैश्विक स्तर पर चिंता और अस्थिरता का माहौल पैदा कर दिया था। विशेष रूप से यह आशंका लगातार बनी हुई थी कि यदि अन्य क्षेत्रीय या वैश्विक शक्तियां इस संघर्ष में शामिल हो जातीं, तो स्थिति एक व्यापक युद्ध या संभावित तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ सकती थी। ऐसे में इस कथित समझौते की खबर को अंतरराष्ट्रीय समुदाय राहत की दृष्टि से देख रहा है।

इस समझौते के तहत दोनों देशों ने सैन्य कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने पर सहमति जताई है। इसके साथ ही लेबनान और आसपास के क्षेत्रों में चल रही सैन्य गतिविधियों को भी रोकने की बात कही गई है। सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य को पुन: व्यापारिक जहाजों के लिए खोलना बताया जा रहा है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग के पुन: खुलने से अंतरराष्ट्रीय तेल और गैस आपूर्ति शृंखला में स्थिरता लौटने की संभावना है।

ऊर्जा बाजारों पर इस समझौते का सीधा प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। पिछले संघर्ष के दौरान तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया था, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा था। यदि होर्मुज स्ट्रेट वास्तव में सामान्य व्यापार के लिए खुलता है, तो यह वैश्विक ऊर्जा संकट को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। विशेषकर विकासशील देशों के लिए यह राहत का संकेत होगा, जो पहले से ही महंगाई और आपूर्ति बाधाओं से जूझ रहे हैं।

ईरान भविष्य में परमाणु हथियारों का विकास नहीं करेगा और इसके बदले में उस पर लगे कुछ आर्थिक और वित्तीय प्रतिबंधों में ढील दी जाएगी। साथ ही अमेरिका और उसके सहयोगी देशों द्वारा ईरान के पुनर्निर्माण के लिए एक बड़े वित्तीय पैकेज की घोषणा की चर्चा भी सामने आई है। यदि यह योजना वास्तविक रूप लेती है, तो यह युद्ध से प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण और मानवीय सहायता के लिए एक बड़ा कदम हो सकता है।

हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम पर कुछ गंभीर प्रश्न भी उठते हैं। सबसे पहला सवाल यही है कि इतने बड़े स्तर पर सैन्य टकराव के बाद समाधान हमेशा पुनर्निर्माण और आर्थिक सहायता तक ही क्यों सीमित रहता है? युद्ध से होने वाली मानव और आर्थिक क्षति को देखते हुए यह स्पष्ट है कि इसका कोई स्थायी लाभ नहीं होता। इसके बावजूद वैश्विक राजनीति में संघर्ष बार-बार उभरते हैं, जो यह संकेत देते हैं कि कूटनीतिक विफलताएं कहीं न कहीं गहरी हैं। दूसरा महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या ऐसे समझौते वास्तव में स्थायी शांति सुनिश्चित कर सकते हैं? अंतरराष्ट्रीय राजनीति का इतिहास बताता है कि कई बार अस्थायी समझौते कुछ समय बाद फिर तनाव में बदल जाते हैं। जब तक आपसी विश्वास, पारदर्शिता और दीर्घकालिक सुरक्षा गारंटी मजबूत नहीं होती, तब तक किसी भी समझौते को अंतिम समाधान मानना कठिन होता है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि पश्चिम एशिया जैसे संवेदनशील क्षेत्र में किसी भी प्रकार का समझौता केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहता। इसमें क्षेत्रीय शक्तियों, ऊर्जा आपूर्ति मार्गों और वैश्विक रणनीतिक हितों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए इस तरह के समझौते की सफलता काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय सहयोग और निगरानी तंत्र की प्रभावशीलता पर निर्भर करती है।

समझौते के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक विशेष तंत्र बनाया जाएगा और समय-समय पर इसकी समीक्षा की जाएगी। यदि यह तंत्र पारदर्शी और निष्पक्ष रहता है, तो यह शांति प्रक्रिया को मजबूत करने में सहायक हो सकता है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका भी इस संदर्भ में निर्णायक हो सकती है। बहरहाल, यह समझौता वास्तविकता में स्थायी रूप लेता है, तो यह न केवल ईरान और अमेरिका के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी।

ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक स्थिरता और क्षेत्रीय शांति को इससे नया आधार मिल सकता है, लेकिन साथ ही यह भी आवश्यक है कि सभी पक्ष अतीत की गलतियों से सीखें और संवाद को प्राथमिकता दें। बहरहाल, यह कहना गलत नहीं होगा कि शांति केवल समझौते से नहीं आती, यह निरंतर विश्वास, संयम और सहयोग से बनती है। इसलिए इस कथित समझौते को अंतिम समाधान नहीं, अपितु एक नई शुरुआत के रूप में देखा जाना चाहिए-एक ऐसी शुरुआत जो दुनिया को संघर्ष से सहयोग की ओर ले जा सके।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत की 15वीं राष्ट्रपति

**भारत** की 15वीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 को ओडिशा के मयूरभंज जिले में हुआ। वे देश की पहली आदिवासी तथा दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। साधारण आदिवासी परिवार में जन्मी द्रौपदी मुर्मू ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा प्राप्त की और भुवनेश्वर के रामादेवी महिला महाविद्यालय से स्नातक की डिग्री हासिल की। वे अपने गांव की पहली लड़की थीं जिन्होंने उच्च शिक्षा के लिए गांव से बाहर कदम रखा।



द्रौपदी मुर्मू
**जन्म :** 20 जून, 1958

राजनीति में आने से पहले उन्होंने शिक्षक तथा ओडिशा सरकार के सिंचाई एवं बिजली विभाग में जूनियर असिस्टेंट के रूप में कार्य किया। वर्ष 1997 में उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की और रायरंगपुर नगर निकाय की पार्षद चुनी गईं। बाद में वे ओडिशा विधानसभा की सदस्य बनीं तथा राज्य सरकार में मंत्री पद भी संभाला। वर्ष 2015 से 2021 तक वे झारखंड की राज्यपाल रहीं और इस पद पर पहुंचने वाली राज्य की पहली महिला राज्यपाल बनीं। द्रौपदी मुर्मू का जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने अपने दो पुत्रों, पति और अन्य परिजनों को खोने जैसी व्यक्तिगत त्रासदियों का सामना किया, लेकिन धैर्य और आत्मविश्वास के बल पर आगे बढ़ती रहीं। आध्यात्मिकता और ध्यान ने उन्हें कठिन समय में संबल दिया।

वर्ष 2022 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की उम्मीदवार के रूप में उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में विजय प्राप्त की। उनकी सफलता भारतीय लोकतंत्र में सामाजिक समावेशन, महिला सशक्तिकरण और आदिवासी समाज के बढ़ते प्रतिनिधित्व का प्रतीक मानी जाती है।



कविता

## आधुनिक रिश्ते

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
लोअर अरनियाला, ऊना

**ये** रिश्ते कैसे हैं रिश्ते, अपने होकर भी पराये
कोई बचपन के रिश्ते, कोई जवानी के रिश्ते
बुढ़ापा में मिलन की चाह, प्रेम सौहार्द भ्रातृत्व कहां
दुखद परिस्थितियां में हों, तो काम आते हैं सच्चे रिश्ते
रिश्तों में कौन बड़ा कौन छोटा, पर हर समस्या के समाधान पर
आधारित हैं ये परस्पर रिश्ते, आधुनिक रिश्ते क्या कहलाते हैं
काम पड़ा तब ही रिश्ता जुड़ा, अन्यथा गुमनाम हैं ये रिश्ते
मां-बाप ही हैं सर्वोत्तम रिश्ते, शेष सब स्वार्थी हैं यहाँ रिश्ते
रिश्ते में कभी पड़ी दरार, तो हुए दरकिनार ये रिश्ते
दो दिन की है यह जिंदगानी, फिर क्यों हो रही है बेईमानी
अहं ने मार दिए अब ये रिश्ते, अरे इंसान! दुख-सुख के हैं रिश्ते
मत नादान बनो सच्चे इन्सान बनो, अपने-पराये में न तुम फर्क गिनो
प्यार की ज्योति स जलाओ रिश्ते, प्रभु ने ही तो बनाये हैं ये प्यारे रिश्ते

# जलवायु संकट और बच्चों का भविष्य : एक अनदेखा वैश्विक आपातकाल



डॉ. बलदेव सिंह नेगी
संकाय सदस्य (ग्रामीण विकास)
अंतर्विषयक अध्ययन विभाग, एचपीयू

जलवायु परिवर्तन की चर्चा प्राय: बढ़ते तापमान, पिघलते हिमनदों, चरम मौसमी घटनाओं और आर्थिक क्षति के संदर्भ में की जाती है, किंतु इसके सबसे गंभीर प्रभावों में से एक, बच्चों पर पड़ने वाला प्रभाव, अक्सर चर्चा से बाहर रह जाता है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) द्वारा प्रकाशित चिल्ड्रन्स क्लाइमेट रिस्क रिपोर्ट (CCRR) 2026 इस वास्तविकता को स्पष्ट रूप से सामने लाती है।

रिपोर्ट का तर्क है कि जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरणीय चुनौती नहीं है, बल्कि यह बच्चों के अधिकारों और उनके समग्र विकास से जुड़ा गंभीर प्रश्न भी है। शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से अधिक संवेदनशील होने के कारण बच्चे जलवायु संकट का अनुपातहीन बोझ वहन कर रहे हैं, जबकि इस संकट के लिए उनकी जिम्मेदारी सबसे कम है। इसके माध्यम से यह पता लगाया गया है कि बच्चे कहाँ रहते हैं और वे किन जलवायु खतरों के संपर्क में हैं। जोखिम, अनावरण (E&posure) और संवेदनशीलता (Vulnerability) को एकीकृत कर यह रिपोर्ट बच्चों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का अधिक सटीक और व्यापक आकलन प्रस्तुत करती है। इसमें नदीय एवं तटीय बाढ़, सूखा, चक्रवात, हीटवेव, अत्यधिक तापमान, वनाग्नि, धूल-आंधी, वायु प्रदूषण तथा मलेरिया सहित दस प्रमुख खतरों का अध्ययन किया गया है।

**संकट की चपेट में एक पीढ़ी :** रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में 2.3 अरब बच्चे कम-से-कम एक प्रमुख जलवायु खतरे का सामना कर रहे हैं, जबकि 2 अरब बच्चे दो या अधिक खतरों से प्रभावित हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि 1.1 अरब से अधिक बच्चे तीन या उससे अधिक जलवायु जोखिमों की चपेट में हैं। इससे स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन बच्चों के जीवन, स्वास्थ्य और भविष्य पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है।

सूखा सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरा है, जिससे लगभग 1.8 अरब बच्चे प्रभावित हैं। इसके कारण जल संकट, खाद्य असुरक्षा और कुपोषण बढ़ रहा है। वहीं 1.5 अरब बच्चे हीटवेव और 1.2 अरब बच्चे अत्यधिक तापमान का सामना कर रहे हैं। करोड़ों बच्चे बाढ़, च, वात, वनाग्नि और धूल भरे तूफानों से भी प्रभावित हैं।

रिपोर्ट यह भी बताती है कि 2.3 अरब बच्चे वायु प्रदूषण और लगभग 1 अरब बच्चे मलेरिया के खतरे से जूझ रहे हैं। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि जलवायु परिवर्तन अब केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और सुरक्षित भविष्य से जुड़ा वैश्विक मानवीय संकट बन चुका है, जिस पर तत्काल कार्रवाई आवश्यक है।

**अग्रिम मोर्चे पर भारत :** चिल्ड्रन्स क्लाइमेट रिस्क रिपोर्ट 2026 के अनुसार भारत उन देशों में शामिल है जहां जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक प्रभाव बच्चों पर पड़ रहा है। विशाल बाल आबादी और विविध जलवायु चुनौतियों के कारण करोड़ों भारतीय बच्चे बाढ़, सूखा, हीटवेव और वायु प्रदूषण जैसे खतरों का सामना कर रहे हैं। गंगा-ब्रह्मपुत्र-इंडस नदी तंत्र के कारण भारत नदीय बाढ़ का प्रमुख वैश्विक केंद्र माना जाता है, जबकि राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और मध्य भारत के कई क्षेत्र लगातार सूखे से प्रभावित हैं। गर्मी से जुड़े खतरे विशेष रूप से गंभीर हैं। दक्षिण एशिया में दीर्घकालिक और बार-बार आने वाली हीटवेव से प्रभावित करोड़ों बच्चों में सबसे बड़ा हिस्सा भारत का है। इसके अलावा अत्यधिक तापमान, जल संकट और खाद्य असुरक्षा बच्चों के स्वास्थ्य और विकास को प्रभावित कर रहे हैं।

भारत का लंबा समुद्री तट भी बच्चों को च, वातों और समुद्री तूफानों के खतरे में डालता है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और गुजरात जैसे राज्यों में प्राकृतिक आपदाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सेवाओं को प्रभावित करती हैं। बढ़ता वायु प्रदूषण स्थिति को और गंभीर बना रहा है। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि भारतीय बच्चे एक साथ कई जलवायु खतरों का सामना कर रहे हैं, जिससे उनका भविष्य अधिक जोखिमपूर्ण बनता जा रहा है।

**बाल-केंद्रित जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता :** चिल्ड्रन्स क्लाइमेट रिस्क रिपोर्ट 2026 के अनुसार जलवायु परिवर्तन अब सीधे बच्चों के विकास से जुड़ा संकट बन चुका है। हिमालयी क्षेत्र, विशेषकर हिमाचल प्रदेश, भले ही चक्रवातों से सुरक्षित हो, लेकिन बादल फटना, भूस्खलन, बाढ़, वनाग्नि और अनियमित वर्षा जैसी आपदाएं यहां लगातार बढ़ रही हैं। इनका सबसे अधिक असर बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर पड़ता है।

रिपोर्ट का मुख्य संदेश है कि बच्चों की सुरक्षा को केंद्र में रखकर जलवायु नीतियां बनानी होंगी। इसके लिए सुरक्षित स्कूल, मजबूत स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल, बेहतर आपदा चेतावनी प्रणाली और सामाजिक सुरक्षा ढांचे जरूरी हैं। साथ ही, विकास और आपदा प्रबंधन योजनाओं में बच्चों की जरूरतों को प्राथमिकता देनी होगी। जलवायु कार्रवाई की सफलता इसी में है कि हम अपने सबसे कमजोर वर्ग-बच्चों को कितना सुरक्षित रख पाते हैं, क्योंकि उनका सुरक्षित भविष्य ही समाज के भविष्य की गारंटी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# ...जब हिमाचल के जंगलों में आगजनी होती है, तो दिल रोता है



आरएस बाली (जानू)
चेयरमैन, हिमाचल प्रदेश
सरकार, टूरिज्म विभाग

हिमाचल प्रदेश केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और प्रकृति का अद्‌भुत संगम है। देवभूमि कहलाने वाला यह प्रदेश सदियों से अपने घने जंगलों, कल-कल बहती नदियों, दुर्लभ वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के कारण विश्वभर में अपनी अलग पहचान रखता है। मेरा जन्म कांगड़ा की पावन धरती पर हुआ है, इसलिए इस प्रदेश से मेरा रिश्ता केवल जन्मभूमि का नहीं, बल्कि आत्मा का है।

यही कारण है कि जब भी हिमाचल के जंगलों में आग लगने की खबरें सुनता हूं, मन भीतर तक व्यथित हो उठता है। अक्सर सुबह अपने बेटे रिहान के साथ सैर पर निकलता हूं। पक्षियों की चहचहाहट, मोरों की मधुर पुकार, जंगली मुर्गों की बांग और प्रकृति के अनहद नाद को सुनकर मन को जो शांति मिलती है, उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रकृति स्वयं हमसे संवाद कर रही हो, लेकिन जब यही जंगल आग की लपटों में घिर जाते हैं, तब केवल पेड़ ही नहीं जलते, बल्कि असंख्य निरीह जीव-जंतुओं के आशियाने और उनके प्राण भी राख हो जाते हैं।

इन आगजनी की घटनाओं के पीछे आखिर कौन है? क्या यह केवल प्राकृतिक कारणों का परिणाम है या फिर हमारी स्वार्थपूर्ण सोच और संकीर्ण मानसिकता इसका कारण बन रही है? कई बार सुनने में आता है कि हरे चारे या अन्य व्यक्तिगत लाभ के लिए कुछ लोग जंगलों में आग लगा देते हैं। यदि यह सत्य है, तो यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ किया गया गंभीर अपराध है।

हाल के वर्षों में हिमाचल के अनेक क्षेत्रों की तरह मेरा विधानसभा क्षेत्र नगरोटा भी जंगलों की आग से अछूता नहीं रहा। ऐसी परिस्थितियों में मैंने स्वयं सक्रिय होकर कई लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का प्रयास किया। संकट के समय मानवता की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है, लेकिन यह प्रश्न भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि क्या केवल सरकार और प्रशासन ही हर जिम्मेदारी निभा सकते हैं? दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में हर घटना पर तत्काल पहुंचना हमेशा संभव नहीं होता। ऐसे में समाज की भागीदारी और जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है। इसी बीच मंडी से आई एक और दुखद खबर ने मन को झकझोर दिया, जिसमें दो बैलों की निर्ममता से हत्या कर दी गई। यह घटना केवल पशु क्रूरता का मामला नहीं, बल्कि हमारी संवेदनाओं के क्षरण का संकेत है। जिस सनातन संस्कृति में नंदी को भगवान शिव का वाहन माना जाता है और पशु-पक्षियों तथा वृक्षों की पूजा की जाती है, वहां ऐसी घटनाएं अत्यंत चिंताजनक हैं। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि आखिर हमारे समाज को हो क्या गया है? सरकार को ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करनी चाहिए और कानून का भय स्थापित करना चाहिए, किंतु केवल दंड से समाज नहीं बदलता। इसके लिए संवेदनशीलता, संस्कार और सामूहिक जिम्मेदारी भी आवश्यक है। हमें अपने बच्चों को प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति प्रेम तथा करुणा का पाठ पढ़ाना होगा। जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं और पशु इस सृष्टि के सहयात्री हैं। आज आवश्यकता है कि हम स्वयं से पूछें-क्या हम अपनी देवभूमि को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित छोड़ पाएंगे? क्या हम प्रकृति को केवल संसाधन मानते रहेंगे, या उसे अपने परिवार का हिस्सा समझेंगे? यदि इन प्रश्नों का उत्तर ईमानदारी से खोज लिया जाए, तो जंगलों में आग की घटनाएं कम होंगी और समाज में संवेदनाएं भी जीवित रहेंगी।

हिमाचल की वन संपदा को बचाना केवल सरकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है। आइए, देवभूमि की रक्षा का संकल्प लें, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इसकी हरियाली और आध्यात्मिक शांति का अनुभव कर सकें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# देवभूमि की खामोश चीखें और दम तोड़ता 'कानून का राज'



विनोद कुमार धवन
सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी

सतलुज नदी में अब तक बहुत सा पानी बह चुका है और अपने सन्नटे में बहुत कुछ दफन कर चुका है, लेकिन इस व्यवस्था की आवारागर्दी और सच को मूक-बधिर बनकर सहना अब बर्दाश्त से बाहर है।

एक जिम्मेदार नागरिक और पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी होने के नाते मेरी संस्थागत निष्ठा मुझे आज चुप रहने की अनुमति नहीं देती। शिमला में दिनदहाड़े एक मां की गोली मारकर हत्या कर उसकी मासूम बेटी को असहाय छोड़ दिया जाता है। इसके बावजूद कुछ राजनेता पुलिस की पीठ थपथपाते हुए यह कहकर संतोष जता रहे हैं कि अपराधी पकड़ लिए गए। प्रश्न यह है कि यदि यही घटना आपके अपने परिवार के साथ हुई होती, तो क्या तब भी आप इसी तरह तालियां बजाते?

**ढोल पीटती पुलिस और मृत संवेदनाएं:** जनता पुलिस की सराहना तब करती जब हिमाचल पुलिस उस बेबस मां की पुकार सुनती, जो महीनों से अपनी जान की सुरक्षा की गुहार लगा रही थी। पीड़िता ने 112, व्यक्तिगत मुलाकातों और डिजिटल माध्यमों से लगातार मदद मांगी, लेकिन उसे प्रभावी सुरक्षा नहीं मिली। यदि पुलिस विभाग में संवेदनशीलता शेष है, तो उसे आत्ममंथन करना चाहिए। यह व्यवस्था की विफलता है। जनता के मन में यह धारणा बन रही है कि मूल पुलिसिंग पीछे छूट गई है और आम नागरिक की सुरक्षा प्राथमिकता नहीं रह गई।

**वीआईपी चापलूसी और संसाधनों की लूट :** जब कानून-व्यवस्था की चुनौतियां बढ़ रही हैं, तब पुलिस संसाधनों का बड़ा हिस्सा वीआईपी संस्कृति की भेंट चढ़ता दिखाई देता है। पुलिस बल का उपयोग जनसुरक्षा के बजाय राजनेताओं और अधिकारियों की व्यक्तिगत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा अन्य गैर-प्राथमिक कार्यों में किया जा रहा है। महिला कांस्टेबलों से लेकर सामान्य पुलिसकर्मियों तक को ऐसे कार्यों में लगाया जा रहा है जिनका अपराध नियंत्रण से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। परिणामस्वरूप थानों और जिलों में वास्तविक जनशक्ति की कमी महसूस की जा रही है और आम नागरिक स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

**तदर्थवाद और भ्रष्टाचार का संरक्षण :** माननीय मुख्यमंत्री महोदय, आपके कार्यकाल का समय सीमित है। जनता ने सरकार को इसलिए नहीं चुना था कि महत्वपूर्ण पदों पर विवादास्पद और अविश्सनीय लोगों को बैठाया जाए। शासन व्यवस्था तभी प्रभावी होती है जब निर्णय पारदर्शी और जनहित आधारित हों।

**संवैधानिक अंकुश का अंत :** विजिलेंस और डीजीपी पदों का केंद्रीकरण गंभीर प्रश्न खड़े करता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में संस्थागत संतुलन और निगरानी आवश्यक होती है। जब नियंत्रण और जवाबदेही के तंत्र कमजोर पड़ते हैं, तब निरंकुशता का खतरा बढ़ जाता है।

**आरटीआई का गला घोंटना :** सूचना का अधिकार (आरटीआई) लोकतंत्र की आत्मा है। यदि अधिकारी जानकारी देने में असहज महसूस करें और सच सामने लाने वालों को हतोत्साहित किया जाए, तो पारदर्शिता केवल कागजों तक सीमित रह जाती है।

**भर्ती घोटाला और चोरों को पनाह :** कांस्टेबल भर्ती परीक्षा विवाद ने पहले ही पुलिस व्यवस्था की विश्वसनीयता को गहरा आघात पहुंचाया है। छोटे लोगों पर कार्रवाई और बड़े जिम्मेदार व्यक्तियों की जवाबदेही से बचाव, न्याय व्यवस्था पर जनता के विश्वास को कमजोर करता है। यही कारण है कि लोग पूछ रहे हैं कि आखिर असली दोषियों पर निर्णायक कार्रवाई कब होगी।

**अदालत ही एकमात्र विकल्प :** दशकों की मेहनत से अर्जित हिमाचल पुलिस की संस्थागत प्रतिष्ठा को कमजोर किया जा रहा है। यदि इन गंभीर मुद्दों पर समय रहते सुधार नहीं किए गए, तो जनता यह मानने को विवश होगी कि व्यवस्था की विफलताओं को शीर्ष स्तर की मौन स्वीकृति प्राप्त है। मेरा मानना है कि यदि सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो संवैधानिक संस्थाओं और न्यायिक मंचों का दरवाजा खटखटाना ही अंतिम विकल्प बचेगा।

बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि माननीय मुख्यमंत्री इस कड़वे सच को गंभीरता से लेंगे और देवभूमि की आत्मा को और अधिक कलंकित होने से बचाएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# युवाओं के असंतोष की आहट को सुनिए, अनदेखा मत कीजिए



डॉ. दमन आहूजा
सामुदायिक विकास विशेषज्ञ

युवा सदा से ही तीखी प्रतिक्रिया करते हैं और इसीलिए वे युवा भी हैं। माननीय सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने जो युवाओं के कुछ वर्ग को लेकर टिप्पणी की उससे कॉकरोच पार्टी का उदय हो गया। भले ही ये उदय विदेश में हुआ, लेकिन उसमें जुड़ने वाले भारतीय व अन्य पूरे विश्व से वे युवा थे जो भारत को ले ले कर संवेदनशील हैं।

तिस पर उदय तो जो हुआ सो हुआ, डेढ़ करोड़ से ज्यादा युवाओं का समर्थन भी उन्हें मिला और देश की सबसे बड़ी कार्यकर्ता वाली पार्टी से ज्यादा उसके फॉलोअर्स हो गए।

हमारे देश की जांच एजेंसियां अथवा सरकारी चैनल कितना भी कह लें कि ये देश विरोधी ताकतों का खेल है एवं इसे देश हित में प्रतिबंधित किया जाना अनिवार्य था लेकिन इतना तो निश्चित है कि ये समर्थन बढ़ने वाला ही था। उपरोक्त उदाहरण से ये बात साफ है कि आज के युवा बहुत जागरूक, संवेदनशील एवं तकनीकी ज्ञान में पिछली पीढ़ियों से बहुत आगे हैं। वे ढुलमुल रवैया में, आत्म सम्मान पे हमले एवं हो जाएगा, कर लेंगे जैसी बातों में विश्वास नहीं रखते।

जो भी कहना है, या करना है उसपे त्वरित प्रतिक्रिया करते हैं। अब जब कि हम विश्व में सबसे नौजवान देश होने का गौरव करते हैं, अपने युवाओं की तकनीकी क्षमता, मानव संसाधन पर आर्थिक रूप से मजबूत होने का दंभ भरते हैं ऐसे में युवाओं की इस प्रतिक्रिया को हल्के में नहीं लिया जा सकता।

देश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे लगभग साढ़े चार करोड़ युवाओं की संख्या हो और डेढ़ करोड़ युवा किसी बात पर असंतोष जता रहे हों तो उसे हल्के में लिया भी नहीं जा सकता। हालांकि हमारी बेचैनी का स्तर नेपाल और बांग्लादेश जैसा नहीं हैं। देश में हुई प्रगति का संज्ञान लिए बैगर विदेशी प्रोपगेंडा के अधीन हो कर किसी आंदोलन को खड़ा करना यहां उतना आसान भी नहीं हैं। हमारे देश के नौजवान भले ही नीट परीक्षा के पेपर लीक होने का मुद्दा हो, पेट्रोल डीजल के दामों की वृद्धि हो अग्निवीर भर्ती की बात हो, सधी हुई प्रर्ति, या देने में सक्षम भी हैं व उतने विवेकशील भी हैं।

देखने वाली बात यह है कि देश की सर्वोच्च न्यायालय के साथ-साथ सरकार के लिए भी यह एक संकेत है कि भले ही आप कितने भी प्रगतिशील निर्णय ले लें, भाषा की मर्यादा को पार करने अथवा एक गलत निर्णय से वर्षों में बनी छवि धूमिल हो सकती है। दूसरी तरफ युवाओं में बढ़ते असंतोष की जड़ों तक जाना भी सरकार की जिम्मेदारी है।

बेरोजगारी, शोध की गुणवत्ता में गिरावट, ब्रेन ड्रेन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की कमजोर स्थिति, आयुष्मान भारत की जमीनी हकीकत और बढ़ती महंगाई से हर वर्ग प्रभावित है। हर युवा एक परिवार का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए उसका असंतोष व्यापक सामाजिक पीड़ा को व्यक्त करता है। योजनाएं अक्सर घोषणाओं तक सीमित रह जाती हैं और राज्य व केंद्र सरकारें बेहतर शासन के बजाय चुनावी लाभ पर अधिक केंद्रित दिखाई देती हैं। समय रहते इस असंतोष को समझकर रचनात्मक प्रतिक्रिया देना आवश्यक है। इसका सबसे प्रभावी समाधान युवाओं की भागीदारी बढ़ाना और बेहतर सुशासन प्रदान करना है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## सामिया आरजू का खूबसूरत अंदाज

**पाकिस्तान** क्रिकेटर हसन अली की पत्नी सामिया आरजू हरियाणा के नूंह जिले के मेवात की रहने वाली हैं। आरजू फ्लाइट अटेंडेंट भी रही हैं। इसी दौरान दुबई में उनकी मुलाकात हसन अली से हुई थी। सामिया के इंस्टाग्राम पर 3 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं।



## स्पोर्ट्स विंडो

### श्रेयंका पाटिल टखने की चोट के कारण महिला टी20 विश्व कप से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के बीच बड़ा झटका लगा है। टीम की ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल दाएं टखने में चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह युवा लेग स्पिनर प्रेमा रावत को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। श्रेयंका को बुधवार को हेडिंग्ले में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत के दूसरे ग्रुप चरण मुकाबले के दौरान चोट लगी। पावरप्ले के अंतिम ओवर में गेंद रोकने के प्रयास में उनका टखना मुड़ गया, जिसके बाद उन्हें तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया। टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने शुक्रवार को श्रेयंका के स्थान पर 24 वर्षीय प्रेमा रावत को भारतीय टीम में शामिल करने की मंजूरी दे दी है। प्रेमा रावत अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सकी हैं, लेकिन घरेलू और महिला प्रीमियर लीग में उनके प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने पिछले दो सत्रों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए छह महिला प्रीमियर लीग मैच खेले हैं और तीन विकेट लिए हैं। घरेलू क्रिकेट में भी प्रेमा ने उत्तराखंड को वरिष्ठ महिला चैंपियनशिप जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें एक स्वाभाविक ऑलराउंड खिलाड़ी माना जाता है, जो गेंदबाजी के साथ बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में भी योगदान दे सकती हैं। हालांकि, श्रेयंका का बाहर होना भारत के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है। उनकी तेज क्षेत्ररक्षण क्षमता के अलावा वह विशेष रूप से बाएं हाथ के बल्लेबाजों और अंतिम ओवरों में भारत की आक्रामक गेंदबाजी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा थीं। (अनंत ज्ञान)




### मैच में चोटिल होने वाले कनाडा के इस्माइल कोने की होगी सर्जरी

**एजेंसी, वैंकूवर।** विश्व कप में अपनी ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद कनाडा को एक झटका लगा है क्योंकि उसके मिडफील्डर इस्माइल कोने इस मैच की दौरान चोटिल हो गए और उनकी अब सर्जरी की जाएगी। दूसरे हाफ में कतर के मिडफील्डर असीम मदीबो ने पीछे से आकर कोने को टक्कर मारी, जिससे उनके बाएं पैर में चोट लग गई। 24 वर्षीय कोने दर्द से कराह उठे और खिलाड़ी उनकी मदद के लिए दौड़े। इसके साथ ही साइडलाइन से भी मदद की गुहार लगाई। कोने पर किए गए टैकल के लिए मदीबो को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। कोने का पहले मैदान पर ही इलाज किया गया और बाद में उन्हें स्ट्रेचर पर बाहर ले जाया गया। कनाडा के कप्तान स्टीफन यूस्टाक्वियो ने कहा, ''मैंने उसका पैर देखा। मुझे लगा कि कुछ गड़बड़ है।'' कनाडा के कोच जेसी मार्श ने बताया कि कोने को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी सर्जरी की तैयारी चल रही थी। उनके परिवार के सदस्य उनके साथ अस्पताल में हैं। उन्होंने कहा, ''उसके चोटिल होने से हम सभी दुखी हैं, लेकिन हमें अपना ध्यान खेल पर केंद्रित रखना होगा।'' मार्श ने इसके साथ ही बताया कि मदीबो ने व्यक्तिगत रूप से कोने से माफी मांगी। कनाडा ने यह मैच 6-0 से जीता जो उसकी विश्व कप में पहली जीत भी है। (अनंत ज्ञान)

### हर्षित राणा की भारतीय टीम में वापसी, तीसरे वनडे में मिला मौका

**एजेंसी, नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। बीसीसीआई के अनुसार, हर्षित ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अपना रिहैब पूरा कर लिया है और अब पूरी तरह फिट हैं। वह चेन्नई में टीम से जुड़ेंगे। हर्षित को हाल ही में आयरलैंड-इंग्लैंड दौरे और एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय टी20 टीम में भी जगह मिली है। भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में पहले ही 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। दूसरे वनडे में भारत ने 170 रन की बड़ी जीत दर्ज की थी। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 402 रन बनाए। शुभमन गिल ने 154 रन और ईशान किशन ने 125 रन की शानदार पारियां खेलीं। 403 रन के लक्ष्य के जवाब में अफगानिस्तान की टीम 232 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से गुरनूर बरार और अर्शदीप सिंह ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि पदार्पण कर रहे प्रिंस यादव ने दो विकेट झटके। (अनंत ज्ञान)

## अंतिम वनडे: जायसवाल के लिए अहम मुकाबला, चयनकर्ताओं की निगाहें प्रदर्शन पर

# अफगानिस्तान का क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

**एजेंसी, चेन्नई**

पहले दो मैचों में दमदार जीत दर्ज कर सीरीज अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम शनिवार को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी। हालांकि, टीम की नजर सिर्फ जीत पर नहीं, बल्कि कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी रहेगी, जिनमें यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल प्रमुख हैं।

जायसवाल के लिए यह मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है। 2025 के बाद वनडे टीम में वापसी करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज दूसरे वनडे में केवल चार रन ही बना सके थे। इससे पहले उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने आखिरी वनडे में नाबाद 116 रन की शानदार पारी खेली थी, लेकिन अब शीर्ष क्रम में प्रतिस्पर्धा पहले से कहीं ज्यादा कड़ी हो गई है।

ईशान किशन ने लखनऊ वनडे में शतक लगाकर अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। कप्तान शुभमन गिल ने जायसवाल को मौका देने के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की और खुद शतक जड़ दिया। विराट कोहली के फिट होकर लौटने पर तीसरा नंबर उनके लिए तय माना जा रहा है, जबकि गिल और रोहित शर्मा ओपनिंग करेंगे। ऐसे में शीर्ष क्रम में जगह के लिए प्रतिस्पर्धा और बढ़ गई है। मध्यक्रम में ईशान किशन और श्रेयस अय्यर की मौजूदगी के कारण जायसवाल के लिए अवसर सीमित हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय वनडे टीम की घोषणा भी जल्द होनी है, ऐसे में चयनकर्ताओं को प्रभावित करने के लिए उन्हें बड़ी पारी खेलनी होगी। भारत ने पहले ही सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। ऐसे में तीसरा मुकाबला जहां टीम के लिए क्लीन स्वीप का अवसर होगा, वहीं जायसवाल के लिए अपनी वनडे जगह मजबूत करने की बड़ी परीक्षा भी साबित हो सकता है। (अनंत ज्ञान)




**संभावित टीमें**

**मैच : दोपहर 1 : 30 बजे से**

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बराड़, हर्ष दुबे, यशस्वी जायसवाल, हर्षित राणा।

**अफगानिस्तान:** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), आर गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, मोहम्मद नबी, अजमतुल्लाह उमरजई, राशिद खान, नांग्याल खारोताई, एएम गजनफर, जिया उर रहमान शरीफी, फरीद मलिक, बिलाल सामी।

## हॉकी प्रो-लीग: जर्मनी ने भारत को 2-1 से हराया

**एजेंसी, रॉटरडैम**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 के रॉटरडैम चरण में शुक्रवार को मौजूदा विश्व चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ शानदार संघर्ष किया, लेकिन अंतिम क्षणों में मैच हाथ से निकल गया और भारत को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए जुगराज सिंह ने अपने 100वें अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को यादगार बनाते हुए गोल दागा, लेकिन जर्मनी ने अंतिम चार मिनट में दो गोल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

मुकाबले की शुरुआत में भारतीय टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और गेंद पर नियंत्रण बनाए रखते हुए जर्मनी को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। मजबूत रक्षापंक्ति के कारण विश्व चैम्पियन टीम पहले हाफ में स्पष्ट अवसर नहीं बना सकी। दूसरे क्वार्टर में भारत ने तेज दबाव बनाते हुए जर्मनी को लगातार गलती करने पर मजबूर किया। अभिषेक ने भारत के लिए एक अच्छा मौका बनाया, लेकिन टीम बढ़त हासिल नहीं कर सकी। तीसरे क्वार्टर में भारत को पहला पेनाल्टी कॉर्नर मिला और जुगराज सिंह ने 38वें मिनट में जोरदार ड्रैग फ्लिक लगाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। यह उनके करियर के 100वें अंतरराष्ट्रीय मैच का खास पल बन गया। जर्मनी ने तीसरे क्वार्टर के अंत में लगातार हमले किए, लेकिन भारतीय गोलकीपर मोहित एचएस ने शानदार बचाव करते हुए बढ़त कायम रखी।

अंतिम क्वार्टर में भारत के पास अंतर बढ़ाने के अवसर आए, लेकिन टीम उन्हें गोल में नहीं बदल सकी। इसका फायदा उठाते हुए जर्मनी ने 56वें मिनट में जस्टस वाइगांड के पेनाल्टी कॉर्नर गोल से बराबरी कर ली। इसके बाद मुकाबले के अंतिम सेकंडों में जर्मनी को एक और पेनाल्टी कॉर्नर मिला, जिसे याकॉब ब्रिला ने गोल में बदलते हुए अपनी टीम को 2-1 से जीत दिला दी। (अनंत ज्ञान)

## फीफा विश्व कप: मेक्सिको नॉकआउट चरण में पहुंचने वाला बना पहला देश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराया**



फीफा विश्व कप-2026 में मेजबान मेक्सिको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया और नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। मुकाबले का एकमात्र और निर्णायक गोल लुइस रोमो ने दूसरे हाफ में किया। यह गोल दक्षिण कोरिया के गोलकीपर किम स्युंग-ग्यु की बड़ी गलती के बाद आया।

दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में मेक्सिको ने बढ़त बनाई, जब एक क्रॉस को पकड़ने के प्रयास में किम अपने ही साथी खिलाड़ी से टकरा गए और गेंद उनके हाथ से छूट गई। मौके का फायदा उठाते हुए रोमो ने बिना किसी गलती के गेंद को खाली गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। गोल खाने के बाद दक्षिण कोरिया ने वापसी की कोशिश की। हालांकि किम ने बाद में शानदार बचाव करते हुए राउल जिमेनेज को दूसरा गोल करने से रोक दिया। मुकाबले के अंतिम क्षणों में दक्षिण कोरिया को बराबरी का मौका मिला, लेकिन मेक्सिको के गोलकीपर राउल रांजेल ने यांग ह्युन-जुन के प्रयास को शानदार तरीके से रोककर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत के साथ मेक्सिको छह अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर रहा और अगले दौर में पहुंच गया। अब मेक्सिको अगले मुकाबले में बुधवार को एस्तादियो अज़्टेका में चेकिया का सामना करेगा। वहीं दक्षिण कोरिया, जिसके तीन अंक हैं, अपने अगले मुकाबले में मॉन्टेरी में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

## फीफा विश्व कप के बाद जर्मनी को अलविदा कहेंगे मैनुअल नेउर

**एजेंसी, विंस्टन-सेलम।** जर्मनी के अनुभवी गोलकीपर मैनुअल नेउर ने घोषणा की है कि फीफा विश्व कप 2026 उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का अंतिम टूर्नामेंट होगा। 40 वर्षीय नेउर ने कहा कि विश्व कप के बाद वह राष्ट्रीय टीम को अलविदा कह देंगे और अगली यूरोपीय चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे। साल 2014 में जर्मनी को विश्व कप जिताने वाले नेउर ने यूरो 2024 के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया था, लेकिन क्लब स्तर पर शानदार प्रदर्शन के दम पर उनकी राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई। अब वह लगातार पांचवें विश्व कप में जर्मनी के मुख्य गोलकीपर की भूमिका निभा रहे हैं।



नेउर ने कहा कि 2024 में संन्यास का फैसला सही था, क्योंकि लगातार राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण होता। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि यह उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने कहा कि फिलहाल उनका पूरा ध्यान टीम के प्रदर्शन और नॉकआउट चरण में जगह बनाने पर है। (अनंत ज्ञान)

## स्विट्ज़रलैंड ने बोस्निया को 4-1 से हराया

**एजेंसी, इंगलवुड**



फीफा विश्व कप 2026 में स्विट्ज़रलैंड ने शानदार वापसी करते हुए शुक्रवार तड़के बोस्निया-हर्जेगोविना को 4-1 से हराकर ग्रुप बी में मजबूत स्थिति बना ली। मुकाबले का निर्णायक मोड़ दूसरे हाफ में आया, जब विकल्प खिलाड़ी योहान मंजांबी ने विश्व कप का अपना पहला गोल दागा और इसके बाद स्विट्ज़रलैंड ने लगातार आक्रामक खेल दिखाते हुए बड़ी जीत दर्ज की। पहले हाफ में स्विट्ज़रलैंड ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन बोस्निया की सधी हुई रक्षापंक्ति के सामने उसे सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ में स्विट्ज़रलैंड ने दबाव बढ़ाया और 74वें मिनट में मंजांबी ने शानदार वॉली के जरिए टीम को बढ़त दिलाई।

इसके बाद बोस्निया की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब तारिक मुहरेमोविच को खतरनाक टैकल के कारण लाल कार्ड दिखाया गया और टीम 10 खिलाड़ियों तक सीमित हो गई। संख्यात्मक बढ़त का फायदा उठाते हुए स्विट्ज़रलैंड ने 84वें मिनट में रूबेन वर्गास के गोल से स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद 90वें मिनट में वर्गास के पास पर मंजांबी ने अपना दूसरा गोल दागा। मैच के इंजरी टाइम में कप्तान ग्रेनिट झाका ने पेनाल्टी को गोल में बदलते हुए स्कोर 4-1 कर दिया।

बोस्निया की ओर से एकमात्र गोल एर्मिन माहमिक ने इंजरी टाइम में किया। हालांकि हार के बावजूद बोस्निया की टीम अब भी नॉकआउट चरण में पहुंचने की दौड़ से बाहर नहीं हुई है। मुकाबले में बोस्निया के अनुभवी कप्तान एडिन जेको ने 40 वर्ष की उम्र में विश्व कप मैच खेलकर नया रिकॉर्ड भी बनाया। (अनंत ज्ञान)

## ईरान डील पर टिका अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस का भविष्य

**जंग रुकी तो 2028 में राष्ट्रपति बनने के सबसे बड़े दावेदार**

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच ऐतिहासिक और विवादित पीस डील हुई। इसके बाद से अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इसका सबसे बड़ा चेहरा बनकर उभरे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक वेंस लगातार फ्रंट फुट पर आकर इस फैसले का बचाव कर रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस ब्रीफिंग से लेकर द न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू तक, वेंस इस डील को डिफेंड करने की पूरी कमान संभाले हुए हैं। जब इस समझौते को लेकर इजराइल और अमेरिकी रिपब्लिकन पार्टी के अंदर से ही तीखी आलोचना शुरू हुई, तो वेंस ने बेहद कड़े शब्दों में जवाब दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक रिपोर्टर ने उनसे पूछा कि क्या राष्ट्रपति ट्रंप ने उन्हें अमेरिका-ईरान समझौते के लिए 'बलि का बकरा' बना दिया है। इस पर वेंस ने कहा कि उन्हें लगता है कि ट्रंप मजाक कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)

## आईसीसी महिला टी20 विश्व कप

# वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को 7 रन से हराया

**एजेंसी, लीड्स**



अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर की विस्फोटक पारी और तेज गेंदबाज आलिया एलीन के निर्णायक स्पेल की बदौलत वेस्टइंडीज ने बृहस्पतिवार को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप-दो मुकाबले में स्कॉटलैंड को सात रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। 154 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्कॉटलैंड ने 18 ओवर में पांच विकेट पर 132 रन बना लिए थे और जीत की ओर बढ़ रही थी। हालांकि, आलिया एलीन ने 19वें ओवर में डार्सी कार्टर (59) समेत तीन विकेट झटककर मैच का रुख बदल दिया। अंतिम ओवर में स्कॉटलैंड को 17 रन चाहिए थे, लेकिन टीम आखिरी गेंद पर 146 रन पर सिमट गई।

पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज को स्कॉटलैंड की अनुशासित गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण के कारण संघर्ष करना पड़ा। 18 ओवर तक टीम का स्कोर छह विकेट पर 124 रन था, लेकिन स्टेफनी टेलर ने अंतिम ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। स्टेफनी ने सिर्फ 19 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए। उनकी पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 153 रन बनाए। टीम ने अंतिम दो ओवरों में 29 रन जुटाए, जिनमें से 26 रन अकेले स्टेफनी ने बनाए। स्कॉटलैंड की ओर से कैथरीन फ्रेजर ने दो विकेट लेने के अलावा बाउंड्री पर शानदार कैच लपका और शेमाइन कैंपबेल (36) को रन आउट भी किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कैथरीन और कार्टर ने स्कॉटलैंड को तेज शुरुआत दिलाई। कार्टर ने 59 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन वह अपनी टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सकीं। (अनंत ज्ञान)

## स्लीवलेस ड्रेस पहनने पर ईरानी सिंगर को 74 कोड़ों की सजा

**एजेंसी, तेहरान।** ईरान की मशहूर सिंगर परस्तू अहमदी और उनके साथ काम करने वाले आठ लोगों को ऑनलाइन कॉन्सर्ट के मामले में 74-74 कोड़ों की सजा सुनाई गई है। कोम प्रांत की अदालत ने उन पर दो साल तक देश छोड़ने और किसी भी कलात्मक गतिविधि पर रोक भी लगा दी है। मामला दिसंबर 2024 का है, जब 29 वर्षीय परस्तू अहमदी ने यूट्यूब पर बिना हिजाब एक लाइव ऑनलाइन कॉन्सर्ट किया था, जिसमें उन्होंने देशभक्ति गीत 'अज खूने जवानाने वतन' प्रस्तुत किया। अदालत ने उन पर अश्लील सामग्री प्रकाशित करने और सार्वजनिक शालीनता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ईरानी अधिकारियों ने कुछ समय के लिए उन्हें हिरासत में भी लिया था। हालांकि, बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया, लेकिन मामले में कानूनी कार्रवाई जारी रही, जिसके तहत अब यह सजा सुनाई गई है। (अनंत ज्ञान)

## चांदी 9209 व सोना 3152 रुपए हुआ सस्ता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सोने-चांदी के दाम में आज, 19 जून को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 9,209 रुपए गिरकर 2.31 लाख रुपए पर आ गई। इससे पहले इसकी कीमत 2.40 रुपए प्रति किलो थी।

वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3,152 रुपए गिरकर 1.45 लाख रुपए पर आ गया है। एक दिन पहले इसकी कीमत 1.48 रुपए थी। इस महीने 19 दिन में सोना 11 हजार रुपए और चांदी 32 हजार रुपए सस्ती हुई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 32 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

अनंत Classifieds

**नाम दुरुस्ती**

**मैं, आर्मी नं. 13757648F** रैंक हवलदार नाम नाग राम, 2 Jak Rif, पुत्र श्री लाल सिंह, वर्तमान में निवासी गांव चेली डा.खा. कुन्नू तहसील पधर जिला मंडी, हि.प्र. पिन 175012, शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री का नाम सेवा अभिलेख के अनुसार अंजलि देवी है जो गलत है। मेरे मैट्रिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और परिवार रजिस्टर नकल के अनुसार मेरी पुत्री का सही नाम अंजलि है। सभी संबंधित नोट करें।

## योग दिवस के साथ-साथ पश्चिम बंगाल दिवस में भी होंगे शामिल

# मोदी का बंगाल दौरा आज, किसानों को 18,880 करोड़ की देंगे सौगात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार से पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे, जहां वह पश्चिम बंगाल दिवस और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेने के साथ कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री शनिवार को हुगली जिले के तारकेश्वर में आयोजित पश्चिम बंगाल दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान वह विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पण करेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे।

दौरे के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 23वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 18,880 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि सीधे हस्तांतरित की जाएगी। पश्चिम बंगाल के 45 लाख से अधिक किसानों को 900 करोड़ रुपए से अधिक का लाभ मिलेगा।



प्रधानमंत्री राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एग्री स्टैक, राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना जैसी प्रमुख कृषि योजनाओं की शुरुआत भी करेंगे।

रविवार को मोदी कोलकाता में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वह श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर स्वदेश निर्मित नौसैनिक पोत आईएनएस दुनागिरि, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को भारतीय नौसेना में शामिल करेंगे। प्रधानमंत्री फ्रेजरगंज में आधुनिकीकृत मत्स्य बंदरगाह और बीरभूम के सैंथिया में आधुनिक मछली बाजार का उद्घाटन भी करेंगे। इन परियोजनाओं से मत्स्य क्षेत्र की आधारभूत संरचना मजबूत होने और स्थानीय आजीविका को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 76,802 पर हुआ बंद, निफ्टी 154 अंक गिरा




**एजेंसी, मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 19 जून को गिरावट रही। सेंसेक्स करीब 607 अंक गिरकर 76,802 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 154 अंकों की गिरावट रही, ये 24,013 के स्तर पर बंद हुआ। ग्लोबल आईटी दिग्गज एक्सेंचर ने अपने रेवेन्यू ग्रोथ का अनुमान घटाकर कमजोर डिमांड की बात कही है। इससे भारतीय आईटी कंपनियों के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई और निफ्टी आईटी इंडेक्स 4 प्रतिशत तक टूट गया। इंफोसिस 6 प्रतिशत, टीसीएस 3 प्रतिशत, एचसीएल टेक 2.5 प्रतिशत और टेक महिंद्रा 2 प्रतिशत तक लुढ़क गए। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म गोल्डमैन सैक्स ने भी माना है कि भारतीय आईटी सेक्टर के लिए फिलहाल डिमांड का आउटलुक कमजोर है। (अनंत ज्ञान)

## सार्वजनिक सूचना / नोटिस

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.06.2026 को वन रक्षक कन्दरोडी बीट अतिरिक्त कार्यभार मलोट बीट द्वारा जंगल UP 87 सूरजपुर में अवैध रूप से खैर मोछो से लदी एक महिन्द्रा पिकअप वाहन को कब्जा में लिया गया। उक्त वाहन खैर मोछो से लदा हुआ पाया गया तथा वाहन पर कोई नाम व वैध पंजीकरण संख्या (नंबर प्लेट) अंकित नहीं थी।

बरामद वाहन एवं खैर मोछो को वन विभाग द्वारा कब्जे में लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय, भदरोया में सुरक्षित रखा गया है तथा प्रकरण में नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

अतः जिस किसी व्यक्ति का उक्त वाहन पर स्वामित्व हो अथवा किसी व्यक्ति को उक्त वाहन के मालिक, चालक अथवा वाहन के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी हो, वह इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय, भदरोया में उपस्थित होकर वाहन संबंधी जानकारी देने में मदद करे, ताकि कार्यवाही में नियमानुसार कार्यवाही करने एवं उच्च अधिकारियों को तथ्यात्मक सूचना प्रेषित की जा सके

यदि उक्त वाहन के संबंध में कोई दावा, स्वामित्व अथवा जानकारी प्राप्त नहीं होती है, तो भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 52 एवं धारा 52A तथा अन्य लागू कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत उक्त वाहन एवं खैर मोछो के संबंध में नियमानुसार जब्ती (Confiscation) एवं अन्य आवश्यक सरकारी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, जिसके लिए संबंधित व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होगा।

*Range Forest Officer*
*Indora Forest Range*
*at Bhadroya Distt Kangra (HP*

# महेंद्र पालसरा ने खोया पर्स लौटाकर पेश की मानवता की अनूठी मिसाल



अनंत ज्ञान

**सैंज।** द मनु महाराज दुग्ध उत्पादक सहकारी सभा के प्रधान एवं समाजसेवी महेंद्र सिंह पालसरा ने ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए एक व्यक्ति का खोया हुआ पर्स उसके वास्तविक मालिक को सुरक्षित लौटाकर सराहनीय कार्य किया है।

जानकारी के अनुसार पालसरा को सैंज के एक होटल में एक पर्स मिला। जांच करने पर पता चला कि यह पर्स रैला क्षेत्र के भूपन गांव के एक व्यक्ति का है। पर्स में नकदी राशि के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी मौजूद थे। पालसरा ने बिना किसी देरी के पर्स के मालिक का पता लगाकर उसे सुरक्षित रूप से वापस सौंप दिया। पर्स वापस मिलने पर संबंधित व्यक्ति ने महेंद्र सिंह पालसरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में ऐसी ईमानदारी बहुत कम देखने को मिलती है। वहीं स्थानीय लोगों ने भी पालसरा के इस कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। पालसरा ने कहा कि किसी की खोई हुई वस्तु उसे वापस लौटाना हमारा नैतिक कर्तव्य है तथा समाज में ईमानदारी और विश्वास की भावना को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।क्षेत्र के लोगों ने उनके इस सराहनीय कदम को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया है।

# नाबालिग का स्कूटी चलाने पर कटा 7,000 का चालान

## डीएसपी मनाली ने अभिभावकों से नाबालिगों को वाहन न देने की अपील की

अनंत ज्ञान



**मनाली।** नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने देना न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि जान का भी खतरा है, लेकिन कुछ लोग इन सब की परवाह किए बिना ही अपने बच्चों को मोटर साइकिल या सकुटी चलाने के लिए दे देते हैं। ऐसा ही मामला आज मनाली में सामने आया जब एक नाबालिग स्कूटी दौड़ता हुआ नजर आया।

डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मीडिया के माध्यम से सभी अभिभावकों से विनम्र निवेदन किया कि कृपया अपने नाबालिग बच्चों को मोटरसाइकिल अथवा स्कूटी चलाने की अनुमति न दें। उन्होंने कहा कि कम उम्र में वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे बच्चों के साथ किसी भी समय गंभीर सड़क दुर्घटना होने का खतरा भी बना रहता है।

शुक्रवार को एक 14 वर्षीय नाबालिग बालक स्कूटी चलाते हुए पाया गया, जो बिना हेलमेट के वाहन चला रहा था। इस संबंध में मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उक्त स्कूटी का ₹7,000 का चालान किया गया है। श्यामा ने अभिभावकों से पुनः आग्रह करते हुए कहा कि जिन बच्चों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है तथा जो वाहन चलाने के लिए कानूनी रूप से अधिकृत नहीं हैं, उन्हें किसी भी परिस्थिति में स्कूटी, मोटरसाइकिल या अन्य वाहन चलाने के लिए न दें। आपकी सतर्कता और जिम्मेदारी बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# ब्यास नदी में बहे शलीण स्कूल के नए भवन का विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने किया शुभारंभ



नेचर पार्क मौहल में संपन्न हुआ चुनाव, कर्मचारियों ने दिखाई एकजुटता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** जुलाई 2023 की विनाशकारी बाढ़ में ब्यास नदी में बह गए राजकीय उच्च विद्यालय, शलीण का नया भवन अब पूरी तरह तैयार हो गया है। आलू ग्राउंड, मनाली में स्थित इस विद्यालय का पुनर्निर्माण मेक माय ट्रिप फाउंडेशन के सौजन्य से किया गया है।

शुक्रवार को मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने नवनिर्मित भवन का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा में विद्यालय के नष्ट होने से क्षेत्र के छात्रों की पढ़ाई बाधित हो गई थी। अब अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह भवन बच्चों को सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक माहौल देगा। नए भवन में आधुनिक कक्षाओं के साथ-साथ विज्ञान प्रयोगशाला और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने मेक माय ट्रिप फाउंडेशन के इस सहयोग को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का पर्यास कर रही है । छात्र छात्राओं को को बेहतर शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार का मुख्य उद्देश्य है । कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, छात्र, अभिभावक और स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### ◆ मनाली के आलू ग्राउंड में मेक माय ट्रिप फाउंडेशन ने किया पुनर्निर्माण

# पंचायत समिति आनी को भी नहीं मिला नया अध्यक्ष

## निरमंड की ही तरह यहां भी पहली बैठक में मौजूद नहीं हुआ कोई सदस्य

अनंत ज्ञान

**आनी।** निरमंड पंचायत समिति के बाद अब पंचायत समिति आनी को भी नया अध्यक्ष नहीं मिल पाया है। पंचायत समिति आनी के अध्यक्ष के चुनाव के लिए बुलाई गई पहली बैठक में 15 में से एक भी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित नहीं हुआ, जिसके चलते बैठक को 23 जून तक स्थगित कर दिया गया है।

पीठासीन अधिकारी एवं एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट ने बताया कि पंचायत समिति आनी के कुल 15 सदस्य हाल ही में निर्वाचित होकर आए हैं। पंचायत समिति अध्यक्ष के चुनाव हेतु पहली बैठक आयोजित की गई थी। नियमानुसार पहली बैठक में अध्यक्ष के चुनाव के लिए दो-तिहाई बहुमत आवश्यक था। इसके लिए 15 में से कम से कम 10 सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य थी, लेकिन बैठक में एक भी सदस्य नहीं पहुंचा। एसडीएम लक्ष्मण कनेट ने बताया कि सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण अध्यक्ष का चुनाव नहीं हो सका और बैठक को स्थगित करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए अगली बैठक 23 जून को निर्धारित की गई है। अगली बैठक में साधारण बहुमत के आधार पर अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। ऐसे में 15 सदस्यों वाली पंचायत समिति में अध्यक्ष चुनने के लिए कम से कम 8 सदस्यों का समर्थन आवश्यक होगा।

इस स्थिति ने पंचायत स्तर पर राजनीतिक गतिरोध की ओर संकेत किया है, जहां सहमति न बनने के कारण चुनाव प्रक्रिया बार-बार प्रभावित हो रही है। स्थानीय प्रशासन ने सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न करने की अपील की है।

### ◆ अब 23 जून को होगा अध्यक्ष का फैसला

### भाजपा से राम सिंह ठाकुर और कांग्रेस से सतपाल ठाकुर कर रहे अध्यक्ष बनने का दावा

**ज्ञात** रहे कि भाजपा से राम सिंह ठाकुर और कांग्रेस से सतपाल ठाकुर अध्यक्ष पद की दौड़ में खुद को आगे बताया रहे हैं। एक ओर कांग्रेस अपने साथ 9 सदस्यों के होने का दावा कर रही है, जबकि दूसरी ओर भाजपा का दावा है कि 23 जून को वे 8 सदस्यों का बहुमत पाकर अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लेंगे। पंचायत समिति अध्यक्ष के चुनाव को लेकर अब सभी की निगाहें अगली बैठक पर टिकी हैं, जहां पंचायत समिति आनी को नया अध्यक्ष मिलने की उम्मीद है। अब 23 जून को पता चल सकेगा कि पंचायत समिति आनी का अगला अध्यक्ष कौन बनेगा राम सिंह ठाकुर या सतपाल ठाकुर।

# ओल्ड बस स्टैंड सहित कई क्षेत्रों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, आनी।** विद्युत उपमंडल आनी के अंतर्गत 22 केवी आनी-देउरी फीडर के आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य के चलते 21 जून (रविवार) को आनी कस्बे के कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के आनी उपमंडल के सहायक अभियंता इॅ. अमर ठाकुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक 22 केवी फीडर पर रखरखाव कार्य किया जाएगा। इस दौरान आनी कस्बे के ओल्ड बस स्टैंड, नालदेहरा, पंचायत समिति गेस्ट हाऊस क्षेत्र, बॉयज स्कूल, गर्ल्स स्कूल, सिविल जज कार्यालय, विकास खंड अधिकारी कार्यालय तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।। उन्होंने बताया कि कार्य को सुरक्षित एवं सुचारू रूप से पूरा करने के लिए विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित अवधि के दौरान आवश्यक विद्युत उपकरणों का उपयोग पूर्व योजना के अनुसार करें।

# लाहौल-स्पीति में विद्यार्थियों ने ली एंटी-चिट्टा शपथ

## 'नशा मुक्त सप्ताह' का शुभारंभ, युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

अनंत ज्ञान



लाहौल-स्पीति में 'नशा मुक्त सप्ताह' का शुभारंभ किया। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार लाहौल मंडल में 'नशा मुक्त सप्ताह' के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान की शुरुआत विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को नशामुक्ति एवं एंटी-चिट्टा शपथ दिलाकर तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक कर की गई। यह विशेष अभियान 17 जून से 26 जून तक आयोजित किया जा रहा है।

इस वर्ष अभियान की थीम 'नशा मुक्त भारत अभियान – विकसित भारत की पहचान' रखी गई है, जबकि संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (UNODC) द्वारा 'Break the Cycle #StopOrganisedCrime' विषय के अंतर्गत जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत आज पुलिस विभाग द्वारा पुलिस ग्राउंड केलांग में साइकिल रेस एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं को उप पुलिस अधीक्षक रश्मि शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतियोगिताओं के समापन पर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को नशा विरोधी एवं एंटी-चिट्टा शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों एवं युवाओं ने चिट्टा सहित सभी प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा दूसरों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर युवाओं को खेलों और सकारात्मक गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न विद्यालयों में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति, चिट्टा विरोधी अभियान तथा स्वस्थ समाज के निर्माण से जुड़े विषयों पर आकर्षक और संदेशपरक पोस्टर बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों में नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, युवाओं की भूमिका तथा नशामुक्त समाज के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी प्रोत्साहित करना था।

जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को एंटी-चिट्टा एवं नशामुक्ति शपथ दिलाई गई तथा नशे के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा आगामी दिनों में भी जागरूकता रैलियां, खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संवाद सत्र तथा जन-जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे।

# 18 वर्षों बाद आज औंसर की यात्रा पर जाएंगी माता सत्यवती

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** देवभूमि हिमाचल की प्राचीन देव परंपराओं में एक महत्वपूर्ण अध्याय 20 जून को देखने को मिलेगा, जब माता सत्यवती 18 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद औंसर की यात्रा पर जाएंगी। इस अवसर को लेकर श्रद्धालुओं और देवलुओं में विशेष उत्साह का माहौल है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार औंसर को भगवान पराशर ऋषि और माता सत्यवती की प्रेमस्थली माना जाता है।



लोक परंपराओं में यह स्थान दोनों के पावन मिलन और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। यही कारण है कि माता सत्यवती का औंसर आगमन श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक महत्व रखता है। 20 जून को माता सत्यवती अपने भव्य देव रथ और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ औंसर पहुंचेंगी। इस दौरान देव रीति-रिवाजों के अनुसार विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित किए जाएंगे। वर्षों बाद होने वाली इस यात्रा को देखने और माता के दर्शन करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

देव संस्कृति के जानकारों के अनुसार माता सत्यवती का यह प्रवास केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की समृद्ध लोक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन देव परंपराओं का भी प्रतीक है। 18 वर्षों बाद होने जा रहा यह दुर्लभ अवसर क्षेत्र के धार्मिक इतिहास में विशेष महत्व रखता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि माता सत्यवती के इस पावन आगमन से क्षेत्र में सुख, समृद्धि और खुशहाली का संचार होगा। देव संस्कृति और आस्था का यह अनूठा संगम एक बार फिर औंसर को श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंग देगा।

# योगराज शर्मा बने पार्वती मंडल अध्यक्ष

## वन अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से गठित



नेचर पार्क मौहल में संपन्न हुआ चुनाव, कर्मचारियों ने दिखाई एकजुटता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** वन अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (वन मंडल पार्वती, शमशी) की नई कार्यकारिणी का चुनाव नेचर पार्क मौहल में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। पूरी चुनाव प्रक्रिया में कर्मचारियों ने आपसी तालमेल और एकजुटता का परिचय देते हुए लोकतांत्रिक तरीके से पदाधिकारियों का चयन किया। चुनाव की अध्यक्षता वन वृत्त कुल्लू की महिला विंग अध्यक्ष एवं चुनाव प्रभारी अहल्या देवी ने की। वहीं अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला कुल्लू के अध्यक्ष अमर चंद ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सभी सदस्यों की सहमति से योगराज शर्मा को प्रधान चुना गया। इसके अलावा कमलेश कुमारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनमोहन शर्मा उपाध्यक्ष, धनी राम महासचिव, कंचन शर्मा स्टेज सचिव, वरुण कुमार संयुक्त सचिव, रंजना शर्मा वित्त सचिव, नीरज शर्मा ऑडिटर, चमन ठाकुर मुख्य सलाहकार, रीना कुमारी कार्यालय सचिव, मनी राम प्रेस सचिव तथा प्रवीन ठाकुर सलाहकार बनाए गए। आदेश, राजीव, गौरव शर्मा और समृति को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। चुनाव के सफल आयोजन पर जिला अध्यक्ष अमर चंद ठाकुर और चुनाव प्रभारी अहल्या देवी ने नवनियुक्त टीम को बधाई दी और संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि योगराज शर्मा के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी कर्मचारियों की मांगों और हितों के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेगी। नवनियुक्त प्रधान योगराज शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आश्वासन दिया।

# धोखाधड़ी से बचने के तरीके बताए

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुल्लू ने 'डे-केयर सेंटर, भुंतर, और सहारा, वृद्धाश्रम, क्लाथ, मनाली में जागरूकता, कार्यक्रम आयोजित कर वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और कानूनी संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुल्लू एवं अतिरिक्त मुख्यन्यायिक दंडाधिकारी जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, विशाल तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि जागरूकता योजना-2025 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007, विभिन्न पेंशन, योजनाओं, दिव्यांग एवं विधवा सहायता योजनाओं तथा आयुष्मान भारत योजना के लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें साइबर अपराध, ओटीपी, धोखाधडी, फर्जी केवाइस कॉल, डिजिटल बैंकिंग, फाड और आर्थिक शोषण से बचाव क उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में निशुल्क विधिव सहायता सेवाओं और हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गई।

# सुषमा बनीं एसएमसी अध्यक्ष



अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** राजकीय उच्च विद्यालय अरछंडी में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन हेतु सामान्य सभा की बैठक का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त एडीपीईओ मनोहर लाल ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में लगभग 43 अभिभावकों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया, जिसमें अभिभावक वर्ग से सुषमा ठाकुर को समिति का अध्यक्ष चुना गया।

अभिभावक प्रतिनिधियों के रूप में लक्ष्मी देवी, तनुजा, टिक्मू देवी, पूनम, दुर्गा देवी, देश राज, संजय कुमार तथा लाल चंद का चयन किया गया। शिक्षाविद कोटे से सेवानिवृत्त एडीपीईओ मनोहर लाल ठाकुर, शिक्षक समुदाय से अनिल कुमार तथा सामाजिक सुधारक कोटे से चेत राम को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक के दौरान विद्यालय के सर्वांगीण विकास, विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, नामांकन वृद्धि तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रधानाचार्य राजेन्द्र ठाकुर ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए नवगठित विद्यालय प्रबंधन समिति को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि समिति विद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**कथा** मनाली के ढूंगरी गांव में देवी भागवत कथा से माहौल भक्तिमय, भजन-कीर्तन में उमड़ी भीड़

# हिडिम्बा माता मंदिर परिसर बना आस्था का केंद्र

अनंत ज्ञान



मनाली के ढूंगरी गांव में भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की भारी भीड़। अनंत ज्ञान

**मनाली।** ऐतिहासिक ढूंगरी गांव इन दिनों देवी भक्ति के रंग में रंगा हुआ है। हिडिम्बा माता मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा के शुभारंभ के साथ ही पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और हिडिम्बा माता के जयकारों से पूरा परिवेश गूंज उठा।

दोपहर लगभग दो बजे विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कथा का आगाज हुआ। कथा व्यास शंशाक कौशल ने श्रीमद देवी भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि मां भगवती की कृपा से ही सृष्टि का संचालन होता है। उन्होंने देवी को शक्ति, करुणा और भक्ति का स्वरूप बताते हुए श्रद्धालुओं से धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

कथा व्यास ने अपने प्रवचन में मां भगवती के विभिन्न स्वरूपों का बखान करते हुए कहा कि देवी की आराधना से जीवन के दुखों का निवारण होता है और मनुष्य को आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है। कहा कि मनुष्य और पशु में की अंतर नहीं है। सिर्फ धर्म हमने पशु की प्रवृति से अलग करता है। उन्होंने देवी भागवत महापुराण को मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक ग्रंथ बताते हुए इसके श्रवण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस कथा के श्रवण से समस्त पाल दूर हो जाते है। भगवती केलिए यब ब्रम्हाड खेल है।

कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में कथा स्थल पर पहुंचकर मां भगवती के चरणों में श्रद्धा अर्पित की। पूरे परिसर में धार्मिक भजनों और देवी स्तुति की मधुर ध्वनि गूंजती रही, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। मां अम्बा मां अम्बा बोल, ईश्वर सतचित आनंद बोल..., नंगे नंगे पाँव चल आया मां तेरा पुजारी... जैसे भजनो से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा प्रतिदिन दो से पांच होगी, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा के साथ-साथ महायज्ञ और भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है।

माता हिडिम्बा के कारदार रघुवीर नेगी, कारदार एवं पुजारी रमण शर्मा ने अधिक से अधिक लोगों से कथा श्रवण कर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की। हिडिम्बा माता मंदिर में चल रहे इस धार्मिक आयोजन ने ढूंगरी गांव को भक्ति और आस्था के केंद्र में बदल दिया है।

### ◆ कथा व्यास शंशाक कौशल ने देवी भक्ति और धर्म का महत्व बताया

# युवाओं ने सीमाओं की रक्षा के लिए तैनात सैनिकों के जीवन, कर्तव्यों और चुनौतियों के बारे में जाना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, काजा।** भारत सरकार के विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम-2026 के तहत देश के विभिन्न राज्यों से किन्नौर और लाहौल-स्पीति के सीमावर्ती क्षेत्रों के भ्रमण पर आए युवाओं ने दूसरे चरण के दूसरे दिन कई ज्ञानवर्धक और रोमांचक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत काजा स्थित आईटीबीपी बेस कैंप के भ्रमण से हुई, जहां प्रतिभागियों को देश की सीमाओं की सुरक्षा में तैनात जवानों के जीवन, कर्तव्यों और चुनौतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



आईटीबीपी अधिकारियों ने युवाओं को सुरक्षा बलों की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के लिए आधुनिक हथियारों का प्रदर्शन भी किया। इससे प्रतिभागियों को सीमाओं की रक्षा में जुटे जवानों के कार्यों को करीब से समझने का अवसर मिला। इसके बाद युवाओं और आईटीबीपी जवानों के बीच एक मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच आयोजित किया गया, जिसने आपसी सहयोग, टीम भावना और सम्मान को मजबूत किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने डीएफओ स्पीति गोल्डी छाबड़ा के साथ संवाद सत्र में भी भाग लिया। उन्होंने स्पीति क्षेत्र की दुर्लभ वनस्पतियों और वन्यजीवों के बारे में जानकारी देते हुए जैव विविधता संरक्षण तथा संवेदनशील हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र में सतत पर्यावरणीय प्रथाओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

युवाओं ने प्रसिद्ध कीह मॉनेस्ट्री और लालुंग गांव का भी भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें स्पीति घाटी की समृद्ध आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत को नजदीक से जानने और समझने का अवसर मिला। इसके बाद दल ने एशिया के सबसे ऊंचे सस्पेंशन पुलों में शामिल चिचम पुल का दौरा किया। गहरी खाई के ऊपर बने इस पुल और आसपास के मनमोहक पर्वतीय दृश्यों ने युवाओं को रोमांचित कर दिया। 21 युवा प्रतिभागियों का यह दल गियु, हुरलिंग, लालुंग और काजा खास सहित सीमावर्ती गांवों का भ्रमण करेगा तथा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता, संवाद, खेल और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसी गतिविधियों में भाग लेगा।

# विनय कुमार बताएं, कांग्रेस की गारंटियां कब होंगी पूरी : प्रताप रावत

## भाजपा ने कांग्रेस पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनावी गारंटियां अब तक अधूरी हैं और जनता ठगा महसूस कर रही है

अनंत ज्ञान

**नाहन ( सिरमौर )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार से तीखे सवाल पूछते हुए कहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले जनता से किए गए बड़े-बड़े वादों और गारंटियों को आखिर कांग्रेस सरकार कब पूरा करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने चुनाव के समय जनता, विशेषकर महिलाओं और युवाओं से कई आकर्षक घोषणाएं की थीं, लेकिन आज भी ये वादे धरातल पर नहीं उतर पाए हैं।

प्रताप सिंह रावत ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेशभर में चुनाव प्रचार के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं से 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना' के तहत हर महीने 1500 रुपये देने के लिए फार्म भरवाए थे। लेकिन प्रदेश में सरकार के चार वर्ष पूरे होने के करीब पहुंचने के बावजूद महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है, जिससे लोगों में निराशा बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने बेरोजगार युवाओं को हर वर्ष एक लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इसी तरह 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने, भैंस के दूध का 100 रुपये प्रति लीटर और गाय के दूध का 80 रुपये प्रति लीटर समर्थन मूल्य तय करने, तथा दो रुपये प्रति किलो की दर से गोबर खरीदने जैसी घोषणाएं भी केवल चुनावी वादों तक सीमित रह गई हैं। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि किसानों और बागवानों को उनकी नकदी फसलों के दाम स्वयं तय करने का अधिकार देने, युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपये का स्टार्टअप फंड बनाने, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चार अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने और गांव-गांव तक मोबाइल क्लीनिक के माध्यम से मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने जैसी गारंटियां भी अब तक लागू नहीं हो सकी हैं।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ये सभी गारंटियां अब केवल कागजों और चुनावी भाषणों तक सीमित होकर रह गई हैं। जनता ने उम्मीदों के साथ कांग्रेस को सत्ता सौंपी थी, लेकिन जमीनी स्तर पर परिणाम निराशाजनक हैं।

प्रताप सिंह रावत ने दावा किया कि प्रदेश की जनता अब पूरी तरह जागरूक हो चुकी है और आने वाले समय में कांग्रेस को इसका राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत, जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर अपना स्पष्ट संदेश दे दिया है। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस को जनता के तीखे विरोध का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि जनता अब केवल वादे नहीं बल्कि वास्तविक विकास चाहती है। इसके अलावा भाजपा प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार विकास कार्यों की गति बढ़ाने के बजाय केवल घोषणाओं और प्रचार तक सीमित रह गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई क्षेत्रों में सड़कों की हालत खराब है, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हैं और शिक्षा व्यवस्था में भी अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है। ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट और बिजली की अनियमित आपूर्ति भी लोगों की बड़ी समस्या बनी हुई है। भाजपा का कहना है कि सरकार इन समस्याओं के समाधान के बजाय राजनीतिक वादों के बचाव में अधिक समय खर्च कर रही है। प्रताप सिंह रावत ने यह भी कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई कई योजनाएं या तो धीमी गति से चल रही हैं या पूरी तरह से बंद पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार वास्तव में जनता के हित में काम कर रही होती, तो आज प्रदेश में विकास की तस्वीर कुछ और होती।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले जो बड़े वादे किए थे, वे केवल चुनाव जीतने का माध्यम थे। अब जब सरकार के कार्यकाल का समय बीत रहा है, तो जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि आने वाले समय में जनता इन सभी मुद्दों का जवाब चुनावों में देगी। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता अब जागरूक है और वह झूठे वादों और गारंटियों के आधार पर नहीं बल्कि वास्तविक विकास और काम के आधार पर वोट करेगी। उन्होंने अंत में कहा कि भाजपा जनता के मुद्दों को लगातार उठा रही है और सरकार को जवाबदेह बनाने का काम कर रही है।

## धर्मपुर में एंटी चिट्टा कार्यक्रम, उपायुक्त ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की



अनंत ज्ञान

**सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ प्रभावी जन जागरूकता ही इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। वे आज राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर में आयोजित एंटी चिट्टा जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि चिट्टा और अन्य मादक पदार्थों का सेवन युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। नशा आज केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैल चुका है। इसे रोकने के लिए प्रशासन, समाज और अभिभावकों को मिलकर कार्य करना होगा। उपायुक्त ने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दें। उन्होंने कहा कि यदि किसी को नशे से जुड़ी कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत प्रशासन या पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और सामाजिक संगठनों के सहयोग से एंटी चिट्टा अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### बरायली के चल्यावन क्षेत्र में तेंदुए की दहशत ग्रामीणों ने वन विभाग से की कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** दाड़लाघाट की निकटवर्ती पंचायत बरायली के अंतर्गत चल्यावन क्षेत्र में उस समय दहशत फैल गई जब गांव गवाह के पास चूड़ैल की नाली क्षेत्र में एक तेंदुआ पेड़ पर बैठा हुआ देखा गया। यह घटना 14 जून की बताई जा रही है, जो स्थानीय निवासी कैलाश चंद के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। ग्रामीणों के अनुसार वीरवार सुबह स्कूल जाते समय बच्चों ने पेड़ पर तेंदुआ देखा, जिसके बाद वे डरकर वापस घर लौट आए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है तथा ग्रामीणों ने रास्तों का उपयोग सावधानीपूर्वक करने की अपील की है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि कैलाश चंद के सीसीटीवी फुटेज में चार तेंदुओं की गतिविधियां घरों के आसपास घूमती हुई दिखाई दे रही हैं, जिससे क्षेत्र में दहशत और अधिक बढ़ गई है। पूर्व प्रधान रीता शर्मा ने पंचायत प्रधान एवं उप-प्रधान से आग्रह किया है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग से संपर्क कर क्षेत्र में पिंजरा लगवाया जाए, ताकि तेंदुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जा सके और पशुधन व मानव जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार तेंदुओं की आवाजाही से बच्चों की सुरक्षा सबसे अधिक प्रभावित हो रही है। दिनेश चंद, विजय कुमार, कैलाश चंद, रमेश, महेंद्र कुमार, भूपेंद्र, पवन सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें हर समय यह डर बना रहता है कि कहीं तेंदुआ बच्चों या पशुओं को नुकसान न पहुंचा दे। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में पिंजरा लगाया जाए और तेंदुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि ग्रामीणों में फैली दहशत समाप्त हो सके। इस बीच ग्राम पंचायत बरायली के प्रधान कृष्ण चंद भट्टी ने बताया कि उन्होंने इस संदर्भ में वन विभाग को सूचित कर दिया है तथा विभाग को पत्र लिखकर मुलाकात भी की है।उन्होंने उम्मीद जताई है कि जल्द ही इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सोलन पुलिस ने मुख्य सप्लायर गिरफ्तार कर 8 ग्राम चिट्टा बरामद किया

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** पुलिस ने बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए जानलेवा नशे के मुख्य सप्लायर को पंजाब से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 8 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई है। इस मामले में पहले गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों से पुलिस हिरासत रिमांड के दौरान गहन पूछताछ की गई थी। तकनीकी साक्ष्यों और वैज्ञानिक जांच के आधार पर यह सामने आया कि बरामद चिट्टा पंजाब के जिला फाजिल्का निवासी लवप्रीत सिंह से खरीदा गया था। इसके बाद थाना धर्मपुर की पुलिस टीम ने 19 जून 2026 को त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को खरड़ (पंजाब) से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान लवप्रीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह, निवासी हस्तकलां, जिला फाजिल्का (पंजाब), उम्र 19 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अब तक कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और 13.50 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। आगे की जांच जारी है।

### मुख्यमंत्री सुक्खू 20 जून को सिरमौर दौरे पर सुनेंगे जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, नाहन।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू 20 जून 2026 को सिरमौर जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र के हरिपुरधार स्थित थैना का बाग हेलीपैड पर पहुंचेंगे और इसके बाद टुटवी (भवाई) में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। सरकारी प्रवक्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोगों से सीधे संवाद करेंगे तथा उनकी समस्याएं और मांगें सुनेंगे। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री के इस दौरे को क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## सोलन पुलिस ने हरियाणा से भगोड़ा आरोपी सुनील किया गिरफ्तार



अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला पुलिस सोलन की पीओ सेल टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अदालत द्वारा उद्घोषित एक भगोड़े आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनील कुमार उर्फ मनी पुत्र दासी राम, निवासी जोगीवाड़ा मोहल्ला, अंबाला सिटी (हरियाणा), उम्र 33 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना परवाणू में दर्ज एक पुराने मामले के चलते आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई चल रही थी। आरोपी पर धोखाधड़ी और अन्य गंभीर धाराओं के तहत वर्ष 2016 में अभियोग दर्ज किया गया था, जिसमें भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराएं शामिल थीं।

मामले में न्यायालय द्वारा बार-बार उपस्थित होने के आदेश दिए जाने के बावजूद आरोपी अदालत में पेश नहीं हुआ, जिसके बाद वर्ष 2019 में उसे उद्घोषित भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया था।

इसके बाद जिला पुलिस की पीओ सेल और थाना धर्मपुर की संयुक्त टीम ने आरोपी की तलाश में लगातार प्रयास किए। आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार ठिकाने बदलता रहा, लेकिन पुलिस ने गुप्त सूचना और निगरानी के आधार पर हरियाणा के रतनगढ़ क्षेत्र से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया जा रहा है और मामले की आगे की जांच जारी है।

## दाड़लाघाट सीएचसी में जल्द तैनात होंगे विशेषज्ञ चिकित्सक: अवस्थी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाड़लाघाट में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती और रिक्त पदों को भरने के लिए उच्च स्तर पर मामला उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नागरिक अस्पताल अर्की की तर्ज पर यहां भी जल्द विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएंगे। वे ग्राम पंचायत दाड़लाघाट में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और औपचारिकताएं अंतिम चरण में हैं।

## परवाणू के दशहरा ग्राउंड में मनाया जाएगा जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह

अनंत ज्ञान

**सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने कहा कि 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 को पूरे देश, प्रदेश और सोलन जिले में भव्य रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम इस वर्ष परवाणू के सेक्टर-5 स्थित दशहरा ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा।

वे आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। राहुल जैन ने बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम 'वृद्ध अवस्था के लिए स्वस्थ योग' रखी गई है, जिसका उद्देश्य बुजुर्गों के स्वास्थ्य और जीवन गुणवत्ता में सुधार लाना है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे योग दिवस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लें और इसे सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि जिले में स्थापित सभी आयुष संस्थानों में भी योग दिवस से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग योग के प्रति जागरूक हो सकें।



बैठक की अध्यक्षता करते अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन। अनंत ज्ञान

राहुल जैन ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए योग अत्यंत आवश्यक है और इसे दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 7 बजे तक नियमित योग कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं, जिनका लाभ लोगों को उठाना चाहिए। जिला आयुष अधिकारी डॉ. निशा वर्मा ने योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम को और अधिक व्यापक और प्रभावशाली बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

## राजगढ़ के अंकुश ने राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग में गोल्ड जीतकर स्ट्रॉन्ग मैन खिताब हासिल किया

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजगढ़ के उभरते पावरलिफ्टर अंकुश धीमान ने कांगड़ा में आयोजित हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न केवल 83 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता, बल्कि पूरी प्रतियोगिता का स्ट्रॉन्ग मैन (क्लासिक पावरलिफ्टिंग) का प्रतिष्ठित खिताब भी अपने नाम कर लिया। उनकी इस उपलब्धि ने राजगढ़ सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जिला कांगड़ा के कुलियारा स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश भर से लगभग 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन पावर लिफ्टिंग इंडिया एवं हिमाचल प्रदेश पावर लिफ्टिंग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता में स्क्वाट, क्लासिक बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट जैसी स्पर्धाएं शामिल रहीं। विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और खिलाड़ियों ने अपनी ताकत व तकनीक से दर्शकों को खूब प्रभावित किया। राजगढ़ के वंश फिटनेस क्लब के लिए यह प्रतियोगिता बेहद गौरवपूर्ण रही। क्लब के प्रशिक्षक रिशु खत्री के मार्गदर्शन में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए। क्लब के खिलाड़ियों सचिन, सक्षम और आसवीर ने भी विभिन्न वर्गों में मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अंकुश धीमान की इस शानदार उपलब्धि के बाद पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।



खिताब जीतने के दौरान अंकुश धीमान। अनंत ज्ञान

स्थानीय खेल प्रेमियों और प्रशिक्षकों ने उनकी मेहनत और समर्पण की जमकर सराहना की है।

वंश फिटनेस क्लब में भी खिलाड़ियों ने इस जीत को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह सफलता लगातार अभ्यास और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। अंकुश ने बताया कि उनका लक्ष्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने प्रशिक्षक रिशु खत्री और परिवार के सहयोग को दिया।

## नाहन में ओबीसी समाज की जनगणना 2026 में अलग कॉलम की जोरदार मांग

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के ट्रांस-गिरी क्षेत्र में ओबीसी अधिकार संरक्षण मंच के बैनर तले गुरुवार को एक विशाल आम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में सैकड़ों लोगों और युवाओं ने भाग लेकर ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों, आरक्षण व्यवस्था तथा सामाजिक-शैक्षणिक प्रतिनिधित्व से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

सभा का मुख्य उद्देश्य जनगणना 2026 में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक कॉलम शामिल करवाना और उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा। वक्ताओं ने कहा कि जब तक ओबीसी समाज की वास्तविक जनसंख्या का सही आंकड़ा उपलब्ध नहीं होगा, तब तक उनके अधिकारों का सही आकलन संभव नहीं है।

सभा के बाद मंच के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त सिरमौर के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश और प्रधानमंत्री भारत सरकार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि जनगणना में ओबीसी का अलग कॉलम जोड़ा जाए, आरक्षण और प्रतिनिधित्व की संवैधानिक सुरक्षा सुनिश्चित हो तथा आरक्षण व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए।



डीसी को ज्ञापन सौंपते लोग। अनंत ज्ञान

इसके साथ ही ओबीसी आयोग को अधिक शक्तियां देने, शिक्षा और छात्रवृत्ति योजनाओं का विस्तार करने तथा सरकारी सेवाओं में ओबीसी प्रतिनिधित्व की नियमित समीक्षा करने की मांग भी रखी गई। समाज की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का व्यापक सर्वेक्षण कराने की भी मांग की गई।

सभा में यह निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में इस मुद्दे को लेकर एक और बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी और इसे जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा। मंच ने सरकार से ओबीसी समाज की मांगों पर गंभीरता से विचार करने की अपील की। सभा में मौजूद युवाओं ने भी एक स्वर में कहा कि ओबीसी समाज लंबे समय से अपने अधिकारों और उचित प्रतिनिधित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनगणना 2026 में अलग कॉलम मिलने से न केवल वास्तविक आंकड़े सामने आएंगे, बल्कि नीति निर्माण में भी पारदर्शिता आएगी।

## परवाणु चोरी मामले में चौथा आरोपी चंडीगढ़ से गिरफ्तार, जांच जारी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** परवाणु क्षेत्र में हुए चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। लगातार चल रही जांच और तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने एक और आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार किया।

पुलिस जांच के अनुसार, पूर्व में पकड़े गए आरोपियों से की गई गहन पूछताछ और उपलब्ध डिजिटल व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर इस मामले में एक अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आई थी। इसके बाद पुलिस थाना परवाणु की टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू करते हुए आरोपी की तलाश के लिए कई संभावित स्थानों पर दबिश दी। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने 17 जून को आरोपी विवेक नंद पुत्र विशेश्वर, निवासी सेक्टर-15ब, चंडीगढ़ (उम्र 40 वर्ष) को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या आरोपी किसी अन्य जिले या राज्य में हुए आपराधिक मामलों में भी शामिल रहा है या नहीं।

इसके साथ ही उसके नेटवर्क और संपर्कों की भी विस्तृत जांच की जा रही है। अब तक इस मामले में कुल चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिससे पुलिस को उम्मीद है कि पूरे गिरोह का जल्द ही पर्दाफाश किया जा सकेगा। हालांकि जांच एजेंसियां अभी भी मामले के अन्य पहलुओं पर गहनता से काम कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि चोरी की इस घटना में शामिल अन्य संभावित व्यक्तियों की भी पहचान की जा रही है और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर आगे की कार्रवाई जारी है।

## वानिकी शिक्षा में सहयोग बढ़ाएंगे नौणी विवि और एफआरआई

### जैव विविधता संरक्षण और जलवायु अनुकूल वानिकी पर मिलकर कार्य करने पर बनी सहमति

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भारत में वानिकी शिक्षा और अनुसंधान को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (यूएचएफ), नौणी के कुलपति प्रो. एच.एस. बवेजा के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई), देहरादून का दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रसार शिक्षा और उद्योग सहभागिता के क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहयोग को बढ़ावा देना था।

इस दौरान संभावित व्यापक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया, जिससे वानिकी क्षेत्र में संयुक्त कार्यों को नई दिशा मिल सके। प्रतिनिधिमंडल ने एफआरआई के विभिन्न विभागों के वैज्ञानिकों और



नौणी विश्वविद्यालय और एफआरआई प्रतिनिधिमंडल अनंत ज्ञान

विशेषज्ञों के साथ विस्तृत चर्चा की और देश में वानिकी शिक्षा एवं अनुसंधान को और प्रभावी बनाने के लिए संयुक्त कार्यक्रमों की संभावनाओं पर मंथन किया।

नौणी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल में अनुसंधान निदेशक डॉ. देविना वैद्य, वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. सी.एल. ठाकुर, पादप रोग विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल हांडा, पुष्प विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बी.एस. दिल्टा, संयुक्त निदेशक अनुसंधान डॉ. विशाल राणा तथा सिल्वीकल्चर एवं वानिकी विभागाध्यक्ष डॉ. रोहित वशिष्ठ शामिल रहे। वहीं एफआरआई की ओर से डॉ. दिनेश कुमार (डीन अकादमिक), डी.पी. खली (समूह समन्वयक अनुसंधान), डॉ. अजय ठाकुर (वैज्ञानिक-जी) सहित विभिन्न प्रभागों के प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दोनों संस्थानों ने संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रमों और अनुसंधान परियोजनाओं के विकास पर विशेष जोर दिया। सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में पाठ्यक्रम विकास, संकाय आदान-प्रदान, छात्र गतिशीलता कार्यक्रम, जैव विविधता संरक्षण, जलवायु-अनुकूल सिल्वीकल्चर, कार्बन संचयन, कृषि वानिकी प्रणालियाँ, आक्रामक प्रजातियों का प्रबंधन, गैर-काष्ठ वन उत्पादों का अध्ययन तथा वन आनुवंशिक संसाधनों पर संयुक्त शोध शामिल हैं।

अधिकारियों ने माना कि इस प्रकार का सहयोग देश में वानिकी शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और अनुसंधान को व्यावहारिक स्तर पर लागू करने में मदद करेगा। साथ ही यह पहल छात्रों और शोधार्थियों के लिए नए अवसर भी उपलब्ध कराएगी।

दोनों संस्थानों ने भविष्य में संयुक्त परियोजनाओं को गति देने, ज्ञान-साझाकरण को बढ़ावा देने और तकनीकी सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। इस पहल को वानिकी क्षेत्र में राष्ट्रीय

## दाड़लाघाट महाविद्यालय में कॉमर्स संकाय बहाली की तेज मांग उठी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** दाड़लाघाट बाघल विकास परिषद के अध्यक्ष एवं सहकारिता प्रकोष्ठ दाड़लाघाट के मंडल संयोजक परस राम पिंकू ने राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में कॉमर्स संकाय को पुनः शुरू करने और शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कॉमर्स शिक्षा की मांग लगातार बढ़ रही है, लेकिन महाविद्यालय में यह सुविधा उपलब्ध न होने से विद्यार्थियों को अन्य स्थानों पर जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक और शैक्षणिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अनेक विद्यार्थी कॉमर्स संकाय न होने के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं या दूर-दराज के संस्थानों में पढ़ने के लिए मजबूर होते हैं। इससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। यदि कॉलेज में कॉमर्स संकाय को पुनः शुरू किया जाता है तो इसका सीधा लाभ स्थानीय युवाओं को मिलेगा।

परस राम पिंकू ने यह भी कहा कि अंग्रेजी और समाजशास्त्र जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रवक्ता पद लंबे समय से खाली हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान में पर्याप्त शिक्षण स्टाफ का होना आवश्यक है, ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने प्रदेश सरकार, शिक्षा विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि महाविद्यालय में रिक्त पदों को जल्द भरा जाए और कॉमर्स संकाय को पुनः बहाल किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### बाल समर मेले में नन्हे बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, घनारी।** मोबाइल और टीवी के बढ़ते प्रभाव के बीच महिला एवं बाल विकास परियोजना गगरेट द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र नंगल जरियालां में आयोजित 'कमाल की तैयारी' बाल समर मेला बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रेरणादायक मिसाल बनकर सामने आया। कार्यक्रम का उद्देश्य यह संदेश देना था कि बच्चों का समग्र विकास केवल पुस्तकीय ज्ञान से नहीं, बल्कि खेल, रचनात्मक गतिविधियों और सामाजिक सहभागिता से भी संभव है। मेले में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल-खेल में बच्चों की भाषा, बौद्धिक, सामाजिक, भावनात्मक, गणितीय तथा शारीरिक क्षमताओं का आकलन किया गया। प्रत्येक बच्चे को रिपोर्ट कार्ड प्रदान कर उनकी प्रगति से अभिभावकों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में माताओं, दादा-दादी तथा अन्य अभिभावकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

### राहगीरों के लिए लगाई ठंडे पानी की छबील




**अनंत ज्ञान, घनारी।** भीषण गर्मी के बीच राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से घनारी में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के समीप स्थानीय दुकानदारों एवं युवाओं ने ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई। इस दौरान राहगीरों, ग्राहकों और क्षेत्रवासियों को ठंडा पानी पिलाया गया तथा फल वितरित कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। आयोजकों ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध करवाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने बताया कि सेवा का उद्देश्य जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के साथ समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। छबील के दौरान लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सेवा कार्य में अपना योगदान दिया। इस पुनीत कार्य में स्थानीय दुकानदार हैप्पी, दीपू सनयारा और विपन के साथ युवाओं में अपू, राघव, नैतिक, अर्पन, अरमान, आयुष, संचित, आदर्श, रोहित, अनिक्ेत, निखिल, विपन, सुभाष चड्ढा तथा लक्की ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### राहुल के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को मां भगवती के सहस्त्रार्चन का विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा राष्ट्रसेवा के लिए शक्ति प्रदान करने की कामना की गई। यह धार्मिक अनुष्ठान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुटलैहड़ के अध्यक्ष विवेक मिंका के निवास पर आयोजित किया गया। पूजा-अर्चना के दौरान मां भगवती से प्रार्थना की गई कि राहुल गांधी को देश की जनता की सेवा करने तथा देश का नेतृत्व करने की शक्ति और ऊर्जा प्रदान करें। इस विशेष पूजा में आचार्य विवेक मिंका, आचार्य शिवकुमार तथा आचार्य नवीन कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सहस्त्रार्चन संपन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने देश में सुख, शांति, समृद्धि और जनकल्याण की भी कामना की।

### टकोली में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** वित्तीय साक्षरता एवं बैंकिंग जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत टकोली में वित्तीय साक्षरता एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के संतृप्ति अभियान के तहत एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन पंजाब नेशनल बैंक के जिला अग्रणी प्रबंधक संजीव सक्सेना तथा नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक सबरीना राजवंशी के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में जिला अग्रणी प्रबंधक संजीव सक्सेना ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं तथा केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभों पर प्रकाश डाला।

# नशे के खिलाफ ऊना से छिड़ी जंग

## डीसी ने दिखाई 'नशा मुक्त एवं स्वास्थ्य युक्त युवा अभियान' को हरी झंडी

अनंत ज्ञान




नशा मुक्त एवं स्वास्थ्य युक्त युवा अभियान' को हरी झंडी दिखाते उपायुक्त जतिन लाल। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के बीच युवाओं को जागरूक करने और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला प्रशासन ऊना से 'नशा मुक्त एवं स्वास्थ्य युक्त युवा अभियान' का शुभारंभ हुआ। हेल्थ केयर फाउंडेशन और सोसाइटी फॉर ह्यूमन अवेयरनेस, मोटिवेशन एंड एक्शन (एसएचएएमए) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अभियान को उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने उपायुक्त परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में 'नशा मुक्त एवं स्वास्थ्य युक्त युवा' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में नशा मुक्त भारत, स्वस्थ भारत और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर ही नहीं, उसके सपनों, परिवार की उम्मीदों और समाज की ऊर्जा को भी खोखला कर देता है। यदि युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद, कौशल विकास और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ते हैं तो एक स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने मित्रों व आसपास के लोगों को भी इस सामाजिक बुराई से बचाने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई प्रशासन के साथ साथ पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में हेल्थ केयर फाउंडेशन ने भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा युवाओं को जागरूक, स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जिला समन्वयक विशाल ठाकुर, हिमाचल प्रदेश परिवहन प्राधिकरण के सदस्य अशोक, हेल्थ केयर फाउंडेशन के अध्यक्ष देवानंद गौतम, अनिल कुमार, ललिता शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, शिक्षक, बच्चे व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसानों को दी ग्रेडिंग, पैकिंग व फसल भंडारण की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** एचपी शिवा परियोजना के अंतर्गत जिला ऊना के बौल क्लस्टर में फल फसलों के कटाई उपरांत प्रबंधन एवं प्रसंस्करण विषय पर एक दिवसीय किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता उपनिदेशक उद्यान, जिला ऊना डॉ. भारद्वाज ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर बागवानी को अधिक लाभकारी बनाना था। कार्यशाला में बौल एवं बौल-2 क्लस्टर से जुड़े लगभग 30 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान किसानों को अमरूद, माल्टा (स्वीट ऑरेंज) और अनार जैसी फल फसलों के बेहतर प्रबंधन, कटाई उपरांत देखभाल, प्रसंस्करण तथा विपणन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। ग्रांट थॉर्नटन के विशेषज्ञ श्रावसाहेब बेंद्रे ने किसानों को फल फसलों की वैज्ञानिक तुड़ाई, ग्रेडिंग, पैकिंग, भंडारण तथा आधुनिक विपणन तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन अपनाकर किसान अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त करने के साथ अतिरिक्त आय भी अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अमरूद से जैम, जेली, नेक्टर, पल्प और स्क्वैश, माल्टा से जूस, स्क्वैश, कॉन्सन्ट्रेट एवं मुरब्बा तथा अनार से जूस, सिरप, अनारदाना सहित अनेक मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। उन्होंने गुणवत्ता बनाए रखते हुए प्रसंस्करण तकनीकों को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे किसानों की आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ हो सकती है। ग्राम पंचायत बौल की प्रधान रेखा चौहान ने किसानों से एचपी शिवा परियोजना का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर बागवानी को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित किया जा सकता है।

## आंगनबाड़ी केंद्र रामपुर में सजा समर रेडीनेस मेला

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बाल विकास परियोजना ऊना के पर्यवेक्षक वृत्त झलेड़ा के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र रामपुर बाहती ब्राह्मण मोहल्ला में शुक्रवार को समर रेडीनेस मेला-1 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यवेक्षक कुलवीर कौर ने की। मेले का उद्देश्य छोटे बच्चों को खेल-खेल में विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार करना तथा अभिभावकों को बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ना रहा। मेले में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों, उनके माता-पिता, दादा-दादी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न शिक्षाप्रद एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से उन्हें सीखने, समझने तथा अपनी रचनात्मक क्षमता विकसित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को बच्चों के प्रारंभिक विकास, स्कूल रेडीनेस, भाषा कौशल, सामाजिक व्यवहार तथा घर पर सकारात्मक शिक्षण वातावरण तैयार करने के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों के बौद्धिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास में परिवार की भूमिका पर चर्चा की गई।

## युवा शक्ति क्लब पंजोआ के युवाओं ने पेश की मानवता की मिसाल

# अनाथ भाइयों के लिए शुरू कराया घर का निर्माण

अनंत ज्ञान



**बड़ूही ( ऊना )।** उपमंडल अंब के अंतर्गत ग्राम पंचायत दियाड़ा के वार्ड नंबर-7 निवासी अनाथ भाई रितीश और नितीश कुमार के लिए युवा शक्ति क्लब पंजोआ ने मानवता और सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल पेश की है। क्लब के युवाओं तथा क्षेत्र के समाजसेवियों के सहयोग से दोनों भाइयों के लिए नए पक्के घर के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। रितीश और नितीश ने बचपन में ही अपनी माता को खो दिया था। इसके बाद उनके पिता स्वर्गीय सुरेश कुमार ने मजदूरी कर दोनों बेटों का पालन-पोषण किया। कुछ माह पूर्व पिता के निधन के बाद दोनों भाई पूरी तरह बेसहारा हो गए। वे जिस जर्जर मकान में रह रहे थे, उसकी हालत इतनी खराब थी कि वह कभी भी गिर सकता था और उनके जीवन पर लगातार खतरा बना हुआ था। दोनों भाइयों की इस स्थिति को देखते हुए युवा शक्ति क्लब पंजोआ के सदस्यों ने उनके लिए सुरक्षित आशियाना बनाने का संकल्प लिया।

### ◆ श्रमदान कर तोड़ा जर्जर मकान, अब सुरक्षित आशियाना बनाने में जुटे

क्लब के युवाओं ने केवल नए घर के निर्माण की जिम्मेदारी ही नहीं उठाई, बल्कि पुराने मकान और लेंटर को भी स्वयं श्रमदान कर तोड़ा। जानकारी के अनुसार, क्लब के युवाओं ने कई दिनों तक लगातार श्रमदान कर मलबा उठाने का कार्य स्वयं पूरा किया, जिससे बड़ी राशि की बचत हुई। युवाओं ने मलबा हटाकर निर्माण के लिए जमीन तैयार की और नए मकान का कार्य प्रारंभ करवा दिया। इस पुनीत कार्य में स्थानीय समाजसेवी श्याम सुंदर, सुदर्शन सिंह ठाकुर, मास्टर पवन तथा बड़ूही के राज नंबरदार सहित अनेक लोगों ने सहयोग दिया। सभी के सामूहिक प्रयासों से अब दोनों भाइयों को जल्द ही सुरक्षित और पक्का घर मिलने की उम्मीद जगी है।

## बनगढ़ रिजर्व पुलिस बटालियन में कराया योग का अभ्यास

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयुष विभाग ऊना द्वारा रिजर्व पुलिस बटालियन बनगढ़ में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला आयुष अधिकारी ऊना डॉ. किरण शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थिति रहीं। बटालियन के कमांडेंट, अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। योग सत्र के दौरान योग प्रशिक्षिकाओं अमिता शर्मा एवं ऋचा ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया। उन्होंने योग के वैज्ञानिक महत्व और इसके शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. जगजीत देहल, डॉ. नवदीप, डॉ. ट्यूजी शर्मा, डॉ. नीरज पूनर, एपीओ जगत पाल एवं विवेक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिलासपुर जिला परिषद में लहराया भगवा नयना देवी और सदर को मिली सरदारी



अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चयनित होने के बाद भाजपा नेताओं के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी समर्थित खेमे ने जीत दर्ज करते हुए परिषद की सत्ता पर कब्जा कर लिया। लेखराम ठाकुर को अध्यक्ष और प्रोमिला चंदेल को उपाध्यक्ष चुना गया।

14 वार्डों में हुए चुनाव में भाजपा समर्थित 9 उम्मीदवार विजयी रहे, जबकि शेष 5 सीटों में से तीन भाजपा विरोधी और दो कांग्रेस समर्थित या निर्दलीय प्रत्याशी जीते थे। बहुमत के आधार पर भाजपा खेमे ने दोनों प्रमुख पद अपने नाम कर लिए।

लेखराम ठाकुर पहली बार जिला परिषद अध्यक्ष बने हैं, जबकि प्रोमिला चंदेल दूसरी बार सदस्य चुने जाने के बाद उपाध्यक्ष बनीं। अध्यक्ष पद नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के खाते में गया है, जिससे स्थानीय विधायक रणधीर शर्मा के राजनीतिक प्रभाव को मजबूती मिली है। वहीं, उपाध्यक्ष पद सदर विधानसभा क्षेत्र से आने पर विधायक त्रिलोक जम्वाल की स्थिति भी मजबूत मानी जा रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, जिला परिषद में भाजपा समर्थित खेमे की यह जीत ग्रामीण राजनीति में पार्टी की मजबूत पकड़ का संकेत है। अब निगाहें इस पर हैं कि नई टीम विकास कार्यों को कितनी तेजी से आगे बढ़ाती है और जनता की अपेक्षाओं पर कितना खरा उतरती है।

## एक संतुलित और प्रभावी टीम तैयार की : अंजना धीमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर की अध्यक्षा अंजना धीमान ने नई कार्यकारिणी के गठन बाद कहा कि सभी के सुझावों को ध्यान में रखते हुए एक संतुलित और प्रभावी टीम तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि नई टीम में अनुभवी नेताओं के साथ युवाओं, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को स्थान दिया गया है, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाया जा सके। यह कार्यकारिणी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने, बूथ स्तर तक संगठन को सुदृढ़ करने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी।

अंजना ने विश्वास जताया कि नवगठित कार्यकारिणी संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेगी और जिले में कांग्रेस की गतिविधियों को और अधिक गति प्रदान करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता अनुराग शर्मा को लगातार तीसरी बार महासचिव नियुक्त किया गया है। पार्टी हाईकमान ने उनकी कार्यशैली और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए एक बार फिर यह जिम्मेदारी सौंपी है। अनुराग शर्मा की नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

# घुमारवीं में एमएसएमई को डिजिटल तकनीक से जोड़ने पर जोर

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** उद्योग विभाग जिला बिलासपुर द्वारा घुमारवीं के कुलाहरू स्थित कमधेनु होटल में स्मार्ट एमएसएमई कार्यक्रम के तहत जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय उद्यमियों को डिजिटल रूपांतरण, उद्योग 4.0, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) जैसे विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला उद्योग केंद्र बिलासपुर के महाप्रबंधक मनोज कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस सत्र में अधिकारियों और रैम्प परियोजना के विशेषज्ञों ने एमएसएमई क्षेत्र में तकनीकी नवाचार और डिजिटलीकरण की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। रैम्प परियोजना समन्वयक तुषार शर्मा ने उद्योग 4.0, ऑटोमेशन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर प्रस्तुति दी। डीआईसी शिमला के प्रशिक्षक अविनाश शर्मा ने जेम पोर्टल की उपयोगिता समझाई, जबकि एआई विशेषज्ञ शिवम जसवाल ने व्यवसाय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम में 35 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया और विशेषज्ञों से संवाद कर डिजिटल तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी प्राप्त की।

## डाइट बिलासपुर में हुई डिजिटल समग्र प्रगति कार्ड कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, जुखाला।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बिलासपुर में डिजिटल समग्र प्रगति कार्ड विषय पर आयोजित दो दिवसीय ऑनलाइन हैंड्स-ऑन कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यशाला में जिला बिलासपुर के सभी पीएम श्री विद्यालयों के नोडल अध्यापकों ने भाग लिया। समापन अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी (समग्र शिक्षा) निशा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि डाइट बिलासपुर के प्रधानाचार्य राकेश मनकोटिया भी मौजूद रहे। निशा गुप्ता ने प्रतिभागियों से कार्यशाला के अनुभवों पर फीडबैक लिया और कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई प्रक्रियाओं और तकनीकी पहलुओं को विद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू किया जाए तथा अन्य शिक्षकों के साथ भी साझा किया जाए, ताकि डिजिटल समग्र प्रगति कार्ड का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत बरमाना (लघट) में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर उनके स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं नेतृत्व की कामना की गई।



वक्ताओं ने पिछले 11-12 वर्षों में राहुल गांधी द्वारा बेरोजगारी, किसानों की दुर्दशा, भ्रष्टाचार, महंगाई जैसे गंभीर मुद्दों को लगातार उठाने पर प्रकाश डाला। साथ ही, उनकी भारत छोड़ो यात्रा (तमिलनाडु-श्रीनगर, मुंबई-दिल्ली) के दौरान आम जनता की समस्याओं से रू-ब-रू होने और नफरत के बजाय भाईचारे को बढ़ावा देने की बात की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता ठाकुर हीरापाल सिंह, सुरेंद्र ठाकुर, प्रवीण चंदेल, सतीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मथुरा केंद्र प्रभारी को 'आर्य भारत' पुस्तक भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पंडित दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति, फरह (मथुरा) के अंतर्गत संचालित गांव विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी चंद्रशेखर को वरिष्ठ साहित्यकार एवं लेखक इंद्र डोगरा द्वारा रचित पुस्तक 'आर्य भारत' की एक प्रति भेंट की गई। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति, वैदिक परंपरा, गो संरक्षण तथा ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। पुस्तक में भारतीय सभ्यता, संस्कृति और वैदिक मूल्यों से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों एवं विचारों को समाहित किया गया है, जो पाठकों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य करती है। चंद्रशेखर ने पुस्तक प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे साहित्य का अध्ययन समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा युवाओं को भारतीय संस्कृति और इतिहास से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने पुस्तक के लेखक इंदर डोगरा के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक कृति बताया।

## मंडी भराड़ी पुल के पास रेहड़ी वालों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** फोरलेन पर मंडी भराड़ी पुल के आसपास अवैध रूप से गोलगप्पे, मोमो, आइसक्रीम की रेहड़ी लगाने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए चालान काटे। ट्रैफिक व्यवस्था और यातायात सुरक्षा को देखते हुए पुलिस व प्रशासन की टीम ने पुल के पास निरीक्षण किया। इस दौरान फोरलेन किनारे खड़ी रेहड़ियों से जाम की स्थिति बन रही थी और हादसे का खतरा भी बढ़ रहा था। कार्रवाई के दौरान कई रेहड़ी संचालकों के चालान किए गए और उन्हें सड़क किनारे रेहड़ी न लगाने की हिदायत दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि फोरलेन पर अवैध अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बिलासपुर ने ऋण वितरण में बनाया नया रिकॉर्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं जिला समन्वय समिति की बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिलासपुर जिले ने वार्षिक ऋण योजना के तहत 1770.75 करोड़ रुपए के लक्ष्य के मुकाबले 2077.25 करोड़ रुपए का ऋण वितरित कर 117.31 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर ने की। उन्होंने बैंकों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में ऋण-जमा अनुपात, वित्तीय समावेशन और किसान क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## नशा मुक्त भारत सप्ताह में मिला व्यापक जनसमर्थन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नशा मुक्त भारत सप्ताह के तहत बिलासपुर जिले में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि अब तक एक लाख से अधिक लोग विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से अभियान से जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' संकल्प को साकार करने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों और विभिन्न विभागों में रैलियां, पोस्टर प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक और शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने नागरिकों से 'नशा मुक्त मित्र' बनकर इस जनआंदोलन से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है।

## वरिष्ठ नागरिक सभा की मासिक बैठक 21 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर की मासिक बैठक 21 जून को सुबह 11 बजे वरिष्ठ नागरिक सभागार समीप नगर परिषद विश्राम गृह में आयोजित होगी। महासचिव मस्तराम वर्मा ने कहा कि इस बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी और महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने सभा के समस्त सदस्यों से इस बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## नौवीं के छात्र दर्श वर्मा ने बनाया 'आपात-सेतु'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर के एमएस डॉ. दिनेश वर्मा के 14 वर्षीय पुत्र एवं नौवीं कक्षा के छात्र दर्श वर्मा ने 'आपात-सेतु' नामक एक डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया है, जो गंभीर और रेफरल मरीजों के उपचार को अधिक तेज और प्रभावी बनाने में सहायक होगा।



इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से मरीज की स्वास्थ्य स्थिति, जांच रिपोर्ट, उपचार इतिहास और अन्य आवश्यक जानकारी मरीज के अस्पताल पहुंचने से पहले ही विशेषज्ञ चिकित्सकों तक पहुंच सकेगी। इससे उपचार शुरू करने में लगने वाला समय कम होगा और आपातकालीन सेवाएं अधिक प्रभावी बनेंगी। दर्श ने स्वयं कोडिंग कर इस प्लेटफॉर्म को तैयार किया है। इसे एम्स बिलासपुर के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. दलजीत सिंह के मार्गदर्शन में विकसित किया जा रहा है। एम्स बिलासपुर ने इस प्रणाली को देश के अन्य एम्स संस्थानों में भी लागू करने के लिए मंत्रालय को सिफारिश भेजी है।

# सहकारी बैंक गेहड़वीं ने सावित्री देवी को दिए तीन लाख रुपए



सावित्री देवी को 3 लाख का चेक देते शाखा प्रबंधक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**गेहड़वीं।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, शाखा गेहड़वीं द्वारा ग्राम पोहली की सावित्री देवी, पत्नी स्व. राम दीतु को केयर हेल्थ इंश्योरेंस के माध्यम से 3,00,000 (तीन लाख रुपए) की बीमा राशि प्रदान की गई।

शाखा प्रबंधक रमेश चंद नड्डा ने बताया कि राम दीतु ने बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत 2,13,000 रुपए का ऋण प्राप्त किया था तथा बैंक के माध्यम से केयर हेल्थ दुर्घटना बीमा योजना भी ली थी। दुर्भाग्यवश एक दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। इसके उपरांत केयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा राम दीतु के आश्रितों के लिए स्वीकृत 3,00,000 रुपए की बीमा राशि बैंक के माध्यम से उनकी पत्नी सावित्री देवी को प्रदान की गई।

इस अवसर पर शाखा प्रबंधक रमेश चंद नड्डा ने बैंक के सभी ग्राहकों से आग्रह किया कि वे ऋण के साथ दुर्घटना बीमा अवश्य करवाएं, ताकि किसी भी अप्रत्याशित दुर्घटना अथवा अनहोनी की स्थिति में परिवार को आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके।

## झंडूता विधायक विकास कार्यों का झूठा श्रेय ले रहे हैं : विवेक कुमार

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार ने झंडूता विधायक पर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का गलत श्रेय लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों और परियोजनाओं का उल्लेख विधायक कर रहे हैं, वे प्रदेश सरकार द्वारा पहले ही स्वीकृत की जा चुकी हैं। इनमें घुमारवीं-शाहतलाई एमडीआर रोड, बरठीं अस्पताल सड़क और दसलेहड़ा-खमेहड़कलां पुल व अप्रोच रोड जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। विवेक ने दावा किया कि इन कार्यों के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष मामला उठाया गया था, जिसके बाद बजट स्वीकृत हुआ। उन्होंने विधायक से अपनी विधायक निधि के उपयोग पर श्वेत पत्र जारी करने की भी मांग की। साथ ही कहा कि प्रदेश सरकार झंडूता क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है और आगे भी जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाएगा।

# मिनर्वा स्कूल के अरमान शर्मा ने पावर लिफ्टिंग में जीता गोल्ड

अनंत ज्ञान



**घुमारवीं।** धर्मशाला में आयोजित राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में 80 किलोग्राम वजन उठाकर मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 11 वर्षीय छात्र अरमान शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

अरमान की सफलता का श्रेय कोच दीपक कुमार और माता-पिता के निरंतर प्रोत्साहन को भी दिया जा रहा है। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में छात्र को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने कहा कि अरमान ने मेहनत और समर्पण से विद्यालय का नाम रोशन किया है और वह भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

## 75 साल आयु पूर्ण कर चुके पेंशनर्स की शीघ्र उपलब्ध करवाएं जानकारी : पीसी ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पेंशनर वेलफेयर इकाई पंजगाई की बैठक इकाई अध्यक्ष अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उन पेंशनरों की सूची तैयार की गई, जिन्होंने 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है और जिन्हें 29 जून 2026 को होने वाले ब्लॉक स्तरीय वार्षिक समारोह में सम्मानित किया जाएगा। सदस्यों ने वर्ष 2025-26 के लिए सदस्यता शुल्क संग्रहण और सदस्यता अभियान को प्रभावी बनाने की कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की। साथ ही आगामी ब्लॉक स्तरीय समारोह की तैयारियों पर विचार-विमर्श करते हुए इसे सफल बनाने के लिए सुझाव दिए गए। बैठक में सदर खंड इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश चंद्र ठाकुर ने अधिक से अधिक पेंशनरों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

## न्यूज ब्रीफ

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर एनएसयूआई ने टीबी अस्पताल चंबा में मरीजों को बांटे फल



**अनंत ज्ञान, चंबा।** नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर एनएसयूआई जिला चंबा ने सेवा और जनकल्याण का संदेश देते हुए टीबी अस्पताल चंबा में मरीजों को फल वितरित किए। कार्यक्रम का आयोजन एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। संगठन के सदस्यों ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा ही सच्ची मानवता है और इसी भावना के साथ यह पहल की गई। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष तरुण कपूर, कार्तिक पौल, प्रेस प्रभारी मिंटू कपूर सहित अन्य एनएसयूआई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा छात्र हितों, युवा वर्ग और समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद तबकों की आवाज बुलंद करते रहे हैं। उनके जन्मदिन के अवसर पर सेवा और जनकल्याण के कार्यों के माध्यम से उनके विचारों और मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

# कन्हेलू स्कूल में जर्जर खेल मैदान बना बच्चों की सेहत के लिए खतरा

## प्राथमिक पाठशाला में खेल सुविधा न होने से अभिभावक नाराज, आंदोलन की चेतावनी

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** शिक्षा खंड गैहरा के दायरे में पड़ती राजकीय प्राथमिक पाठशाला कन्हेलू में खेल मैदान की कमी पिछले कई वर्षों से चल रही है जिस कारण बच्चों का शारीरिक विकास लगातार गिरता जा रहा है, गौरतलब है कि सुबह की जाने वाली प्रार्थना सभा भी एक छोटे से बरामदे में करवाई जाती है पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के शारीरिक व सामाजिक विकास के लिए खेल मैदान का होना बेहद आवश्यक है।

बहुत से बच्चे न सिर्फ पढ़ाई में बल्कि कबड्डी खो-खो वॉलीबॉल इत्यादि खेलों में भी दिलचस्पी रखते हैं लेकिन वहीं खेल मैदान ना होने के कारण बच्चों को तंग बरामदे या बुरी तरह क्षतिग्रस्त खेल मैदान में



जर्जर खेल मैदान के चलते खेलों से दूर बच्चे। अनंत ज्ञान

खेलना पड़ता है जिस कारण आज भी एक बच्चा क्षतिग्रस्त मैदान में गिरने के कारण चोटिल हो गया।

विद्यालय समिति अध्यक्षा सत्या देवी का कहना है कि वर्ष 2025 में युवा खेल सेवा अधिकारी

◆ **30 जून तक धनराशि न मिलने पर सड़क पर किया जाएगा प्रदर्शन**

के कार्यालय में संबंधित सभी दस्तावेज जमा करवा दिए हैं बावजूद उसके भी अब तक किसी भी तरह का बजट का प्रावधान नहीं किया गया। अभिभावकों भारती देवी, पूजा देवी, ललिता, विद्रो, लक्ष्मी, रीता देवी, बबलू, राधा, रचना, लक्ष्मी देवी, गौरी शंकर, दीपा वह समिति अध्यक्षा सत्या देवी का कहना है कि यदि 30 जून से पहले धनराशि उपलब्ध नहीं हुई तो सभी अभिभावक मजबूरन सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

# फरार कैदी मामले में पशुपालकों के परमिट रद्द करने पर विवाद

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला गुज्जर कल्याण सभा चंबा ने जिला कारागार राजपुरा से फरार कैदी की कथित मदद के मामले में पुलिस द्वारा कुछ पशुपालकों के चराई (ग्रेजिंग) परमिट रद्द करने की सिफारिश का कड़ा विरोध जताया है। सभा के अध्यक्ष हसन दीन ने जारी बयान में कहा कि पुलिस अपनी नाकामी छिपाने के लिए गरीब पशुपालक परिवारों के अधिकारों और आजीविका पर आघात नहीं कर सकती।

उन्होंने कहा कि यदि पुलिस के पास किसी व्यक्ति के खिलाफ ठोस साक्ष्य हैं तो संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार कर कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। लेकिन केवल संदेह के आधार पर निर्दोष परिवारों के चराई परमिट रद्द करने का प्रयास न्यायसंगत नहीं है और इससे उनकी रोजी-रोटी पर सीधा असर पड़ेगा। हसन दीन ने स्पष्ट किया कि गुज्जर कल्याण सभा फरार कैदी इब्राहिम या उसकी किसी भी प्रकार की सहायता का समर्थन नहीं करती, लेकिन उसकी आड़ में किसी भी

◆ **चंबा में गुज्जर कल्याण सभा का पुलिस कार्रवाई के खिलाफ विरोध**

बेगुनाह व्यक्ति या परिवार का उत्पीड़न स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बिना पर्याप्त सबूत के पशुपालकों के ग्रेजिंग परमिट रद्द किए गए तो सभा पुलिस के खिलाफ आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

सभा ने वन विभाग से भी अपील की है कि किसी भी पशुपालक का चराई परमिट रद्द करने से पहले सभी तथ्यों और साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्दोष लोगों के अधिकारों का हनन न हो। सभा ने वन विभाग से भी अपील की है कि किसी भी पशुपालक का चराई परमिट रद्द करने से पहले सभी तथ्यों और साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्दोष लोगों के अधिकारों का हनन न हो। सभा ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर ग्रामीणों के हितों की सुरक्षा और न्यायपूर्ण निर्णय सुनिश्चित करने की भी मांग दोहराई।

# चंबा के स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की खुली पोल

## सामाजिक अंकेक्षण रिपोर्ट में गंभीर खामियां उजागर, आधे विद्यालयों में फर्नीचर का अभाव

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को लेकर किए गए सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) में कई गंभीर कमियां सामने आई हैं। सर्व शिक्षा अभियान के तहत हुए इस ऑडिट में बुनियादी सुविधाओं, छात्र सुरक्षा, पेयजल, शौचालय, सड़क संपर्क और प्रशासनिक निगरानी जैसी व्यवस्थाओं में व्यापक खामियां पाई गईं। रिपोर्ट में शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी सवाल उठाए गए हैं।

डॉ. रणधीर रांटा के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम द्वारा जिले के 1,636 सरकारी स्कूलों में से 342 विद्यालयों का मूल्यांकन किया गया। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 50 प्रतिशत स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध नहीं है, जबकि एक-तिहाई स्कूलों में कक्षाओं की कमी पाई



चंबा के सरकारी स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण से उजागर हुई बुनियादी सुविधाओं की कमी। अनंत ज्ञान

गई। सामाजिक अंकेक्षण में यह भी सामने आया कि 50 प्रतिशत से अधिक स्कूलों में सुरक्षा बाड़ नहीं है और लगभग 85 प्रतिशत विद्यालयों तक मोटर योग्य सड़क सुविधा उपलब्ध नहीं है। वहीं 16 प्रतिशत स्कूलों में छात्राओं के लिए शौचालय नहीं हैं और 17 प्रतिशत में पेयजल सुविधा का अभाव पाया गया। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि 90 प्रतिशत से अधिक विद्यालयों में छात्राओं को सैनिटरी पैड उपलब्ध नहीं कराए जाते। इसके अलावा पुस्तकालयों की स्थिति भी कमजोर पाई गई और किसी भी स्कूल में काउंसलर की व्यवस्था नहीं है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सुविधाओं की कमी भी रिपोर्ट में उजागर हुई है। जनसुनवाई में 600 से अधिक अभिभावकों, शिक्षकों और प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सुधार की मांग की। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो शिक्षा का अधिकार अधिनियम का उद्देश्य प्रभावित हो सकता है।

### वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेस का हरित संकल्प

# पौधरोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अनंत ज्ञान

**चंबा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी चंबा ने करियां में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधे रोपकर लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने राहुल गांधी के राजनीतिक जीवन, सामाजिक सरोकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा सामाजिक न्याय, युवाओं की भागीदारी और संवैधानिक मूल्यों को प्राथमिकता दी है। उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का आह्वान किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि पौधारोपण केवल एक औपचारिक



कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आमजन से अपील की कि पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाएं और उनका संरक्षण भी किया जाए।

राहुल गांधी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कुष्ठ चिकित्सालय सरोल, चंबा में मरीजों के बीच फल वितरण भी किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश देते हुए जरूरतमंदों के प्रति सहयोग की भावना व्यक्त की। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, स्थानीय कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी ने कहा कि पौधारोपण और फल वितरण जैसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

जगदीश हांडा ने कहा कि वृक्षारोपण केवल प्रकृति के प्रति कर्तव्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। वहीं रजनी शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सेवा और जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत करते हैं तथा मानवता के प्रति कर्तव्य निभाने का संदेश देते हैं।

### स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशिक्षु चिकित्सकों की समस्याओं पर मंथन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, चंबा के सभागार में कॉलेज काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. डॉ. पंकज गुप्ता ने की, जिसमें अस्पताल प्रशासन, स्वास्थ्य सेवाओं तथा एमबीबीएस प्रशिक्षु विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट सहित सभी विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। इस दौरान अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, चिकित्सकों व प्रशिक्षुओं की समस्याओं के समाधान तथा संस्थान की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मौजूद चिकित्सकों ने मरीजों को बेहतर सेवाएं देने और चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

# 'आप' सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी : नरिंदर सिंह राणा

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, खरड़।** पंजाब भाजपा के सीनियर नेता नरिंदर सिंह राणा ने आम आदमी पार्टी (आप) की पंजाब सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान लोगों से किए गए वादे और गारंटी आज सिर्फ चुनावी नारे बनकर रह गए हैं।



राणा ने कहा कि सरकार ने महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देने, भ्रष्टाचार खत्म करने, ड्रग्स और गैंगस्टर पर नकेल कसने, किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी देने, अनस्किल्ड कर्मचारियों को रेगुलर करने और कर्मचारियों को समय पर डीए देने जैसे कई वादे किए थे, लेकिन इनमें से ज्यादातर वादे अभी तक जमीन पर दिखाई नहीं दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वही लोग सरकार से उन गारंटियों का हिसाब मांग रहे हैं जिनके आधार पर पंजाब के लोगों से वोट मांगे गए थे। उन्होंने कहा कि बहुत सारे वादे किए गए, लेकिन लोगों को उनका नतीजा नहीं दिख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'आप' सरकार के कार्यकाल में पंजाब का हर वर्ग धरने और प्रदर्शन करने को मजबूर हुआ है। कर्मचारी, किसान, व्यापारी, युवा, महिलाएं और कई अन्य वर्ग अपनी जायज मांगों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन वादों और गारंटियों के आधार पर सरकार बनी थी, उन्हें याद दिलाने के लिए आज लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। यह स्थिति साफ दिखाती है कि पंजाब के लोग सरकार के कामकाज से निराश हैं और अपनी समस्याओं के समाधान का इंतजार कर रहे हैं। राणा ने कहा कि पंजाब के लोग अब सरकार से सीधा सवाल पूछ रहे हैं कि चुनाव के दौरान की गई गारंटियां आखिर कब पूरी होंगी।

राणा ने कहा कि पंजाब के लोगों ने समय-समय पर राज्य की अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों को सत्ता में आने का मौका दिया है। उन्होंने अपील की कि जैसे लोगों ने दूसरी पार्टियों को आजमाया है, वैसे ही भारतीय जनता पार्टी को भी मौका देना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने विकास और अच्छे शासन का एक मॉडल पेश किया है और पंजाब में भी भाजपा की सरकार बनने से विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

### यमुनानगर : ट्रक-बाइक टक्कर में युवक की मौत, साथी गंभीर

**अनंत ज्ञान, यमुनानगर।** यमुनानगर जिले के साढ़ौरा-मुलाना मार्ग पर गांव कनीपला के समीप हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा।

मृतक की पहचान गांव सरदेहड़ी निवासी 28 वर्षीय गुरमीत के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गुरमीत अपने साथी प्रवीन के साथ काम समाप्त करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान कनीपला गांव के पास उनकी बाइक आगे जा रहे ट्रक की चपेट में आ गई। हादसा इतना गंभीर था कि बाइक ट्रक के नीचे फंस गई। दुर्घटना में गुरमीत को गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि प्रवीन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और स्वास्थ्य सेवाओं को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों और पुलिस कर्मियों की सहायता से घायल प्रवीन को बाहर निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साढ़ौरा पहुंचाया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जगाधरी के नागरिक अस्पताल भेज दिया है। हादसे में शामिल ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

# उत्तर भारत में पोपीज बेबी केयर की एंट्री, चंडीगढ़ में खोला पहला स्टोर

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** बेबी केयर और बच्चों की देखभाल के प्रोडक्ट्स के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी पोपीज बेबी केयर ने उत्तर भारत में कदम रखते हुए चंडीगढ़ में अपना पहला स्टोर शुरू किया है। सेक्टर-30 डी स्थित मेन मार्केट के एससीओ-7 में स्थापित इस स्टोर का उद्घाटन चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने किया। इस अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधि, ग्राहक और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नए स्टोर के माध्यम से ट्राइसिटी क्षेत्र के परिवारों को अब एक ही स्थान पर शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए आवश्यक उत्पाद उपलब्ध होंगे। स्टोर में नवजात शिशुओं के लिए जरूरी सामान, जीरो से 4 वर्ष तक के बच्चों के परिधान, बैम्बू फैब्रिक से निर्मित विशेष कपड़े, डायपर, वाइप्स, शैंपू, स्नान सामग्री तथा ऑर्गेनिक बेबी केयर उत्पादों की विस्तृत शृंखला उपलब्ध कराई गई है।

वर्ष 2003 में स्थापित पोपीज बेबी केयर ने सुरक्षित, आरामदायक और किफायती उत्पादों के कारण देशभर में अभिभावकों का भरोसा जीता है। कंपनी के अनुसार प्रत्येक उत्पाद को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने से पहले 28 गुणवत्ता मानकों की जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिससे गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

उद्घाटन के अवसर पर मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि शहर में इस तरह के विश्वसनीय बेबी केयर ब्रांड के आगमन से अभिभावकों को बेहतर विकल्प उपलब्ध होंगे और उन्हें गुणवत्तापूर्ण उत्पाद एक ही छत के नीचे मिल सकेंगे। पोपीज बेबी केयर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शाजू थॉमस ने कहा कि चंडीगढ़ कंपनी के लिए रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बाजार है और उत्तर भारत में विस्तार का प्रमुख प्रवेश द्वार भी है। उन्होंने कहा कि दो दशकों से अधिक समय से अभिभावक पोपीज पर भरोसा जताते आ रहे हैं और कंपनी अब क्षेत्र के परिवारों के और करीब पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पलवल में मिड-डे-मील वर्करों और किसानों ने फूंका शिक्षा मंत्री का पुतला

**अनंत ज्ञान, पलवल।** मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन और किसान संगठनों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को संयुक्त रूप से प्रदर्शन किया। ताऊ देवीलाल पार्क में एकत्रित हुए प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर में जुलूस निकाला और बाद में शिक्षा मंत्री का पुतला फूंककर विरोध जताया।

प्रदर्शन की अध्यक्षता सीटू की जिला प्रधान रामरती चौहान, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान रूपराम तेवतिया तथा रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान बलजीत शास्त्री ने की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार मिड-डे-मील वर्कर्स की लंबे समय से चली आ रही मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्कर्स को न्यूनतम 26 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाए, 12 माह का मानदेय सुनिश्चित किया जाए तथा सेवानिवृत्ति पर उचित लाभ और सुविधाएं प्रदान की जाएं। सीटू जिला प्रधान रामरती चौहान और जिला सचिव उर्मिला रावत ने कहा कि जब मिड-डे-मील वर्कर्स का मानदेय निर्धारित किया गया था, उस समय हरियाणा में न्यूनतम वेतन लगभग नौ हजार रुपये था, जो अब बढ़कर 15,220 रुपए हो चुका है। इसके बावजूद मिड-डे-मील वर्कर्स के मानदेय में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं की गई है। किसान नेताओं मास्टर महेंद्र सिंह चौहान और धर्मचंद ने सरकार की बिजली नीति की आलोचना करते हुए कहा कि बिजली क्षेत्र में निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'एग्री डिस्काम' के नाम से नई कंपनी बनाकर किसानों को मिलने वाली क्रॉस सब्सिडी समाप्त करने की तैयारी की जा रही है।

# चंडीगढ़ में 'किलिंग कैंसर' पुस्तक का विमोचन, फार्मा उद्योग की गहराई उजागर

अनंत ज्ञान




**चंडीगढ़।** फार्मास्युटिकल उद्यमी दंपती अभिनव गर्ग और मेहक अग्रवाल ने अपनी पुस्तक 'किलिंग कैंसर: 13 सीक्रेट्स ऑफ द हाई-स्टेक्स ड्रग मैन्युफैक्चरिंग वर्ल्ड' का विमोचन किया। यह पुस्तक दवा निर्माण उद्योग की जटिल प्रक्रियाओं, नियमों, गुणवत्ता मानकों और नेतृत्व चुनौतियों को वास्तविक अनुभवों के आधार पर प्रस्तुत करती है। लेखकों ने कहा कि यह कोई तकनीकी मैनुअल नहीं, बल्कि फार्मा उद्योग की व्यावहारिक वास्तविकताओं का दस्तावेज है।

पुस्तक में रेगुलेटरी कंप्लायंस, सप्लाई चेन, गुणवत्ता प्रणाली, उत्पादन विफलताओं और ग्लोबल मार्केट की चुनौतियों जैसे विषयों को 13 अध्यायों में विस्तार से समझाया गया है। लेखकों ने कहा कि दवा निर्माण केवल लाइसेंस मिलने तक सीमित प्रक्रिया नहीं है, बल्कि इसमें निरंतर अनुपालन और उच्च मानकों का पालन जरूरी होता है। महक अग्रवाल ने कहा कि यह पुस्तक फार्मा उद्योग की वास्तविकता और आम धारणा के बीच की खाई को पाटने का प्रयास है। लेखकों ने भारत की वैश्विक जेनेरिक दवा आपूर्ति में भूमिका और बद्दी जैसे फार्मा हब्स के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

### सिरसा : योग केवल व्यायाम नहीं संपूर्ण जीवन पद्धति है : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि योग भारत की सनातन संस्कृति का अमूल्य उपहार है, जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली संपूर्ण जीवन पद्धति है। वह शुक्रवार को सिरसा स्थित डेरा बाबा भूमणशाह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योग आज वैश्विक पहचान बना चुका है और इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अहम भूमिका रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया, जिसे 177 देशों का समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि आज न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर पेरिस के एफिल टॉवर तक योग भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं बल्कि जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। प्रदेश सरकार गांवों में व्यायामशालाएं स्थापित कर रही है और योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति भी की जा रही है, जिससे युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। कार्यक्रम में गद्दीनशीन बाबा ब्रह्मदास महाराज ने नियमित योग को स्वास्थ्य और मानसिक शांति का आधार बताया।

# आकाश एजुकेशनल ने गुरु अर्जुन देव की शहादत के सम्मान में लगाई छबील




अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ।** आकाश एजुकेशनल ने पांचवें सिख गुरु, गुरु अर्जुन देव जी की शहादत को याद करने के लिए पंजाब, चंडीगढ़ और पंचकूला में 10 जगहों पर छबील लगाई। इस ड्राइव के हिस्से के तौर पर, वॉलंटियर्स ने पंजाब में अलग-अलग जगहों पररहने वालों, आने-जाने वालों, यात्रियों और राहगीरों को छबील बांटी। इस पहल में लोकल कम्युनिटीज ने बहुत हिस्सा लिया और यह हर तरह के लोगों के लिए गुरु अर्जन देव जी के इंसानियत के लिए दया और सेवा के हमेशा रहने वाले संदेश की याद में इकट्ठा होने का एक मौका था।

डिप्टी रीजनल डायरेक्टर, जसदीप सिंह बाबरा ने कहा, 'गुरुअर्जन देव जी की शिक्षाएं आज भी बहुत काम की हैं। उनकी शिक्षाएं हमें अटूट विश्वास, गहरी दया और कृपा की शक्ति देती हैं। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी बराबरी और बिना किसी स्वार्थ के सेवा की। आज, आकाश इंस्टीट्यूट सभी कोआराम और दान दिखाने के लिए छबील (ठंडा और मीठा पानी बांटना) के जरिए उनकी याद में सम्मान देता है। उनकी शिक्षा ने हमें सिखाया कि जब भी हम खतरे में हों, तब भी हमें अपने खास मूल्यों पर टिके रहना चाहिए।'

# गुरुग्राम पुलिस ने गठित की पांच लॉ-एंड-ऑर्डर कंपनियां

अनंत ज्ञान

**गुरुग्राम।** जिला में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं त्वरित बनाने के लिए गुरुग्राम पुलिस ने पांच विशेष लॉ-एंड-ऑर्डर कंपनियों का गठन किया है। इन कंपनियों का मकसद किसी भी आपातकालीन, संवेदनशील या कानून व्यवस्था से जुड़ी स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

गठित पांच कंपनियों में से चार कंपनियां जोन अनुसार बनाई गई हैं। इनमें पुलिस की पूर्व जोन, पश्चिम जोन, दक्षिण जोन और मानेसर जोन की एक-एक कंपनी शामिल है। पांचवीं कंपनी पुलिस उपायुक्त मुख्यालय गुरुग्राम के अधीन काम करेगी। जरूरत पड़ने पर इन कंपनियों को जिले के किसी भी हिस्से में तुरंत तैनात किया जा सकेगा। हर लॉ-एंड-ऑर्डर कंपनी में 107 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इस तरह कुल 500 से अधिक पुलिसकर्मी इन कंपनियों में शामिल हैं। प्रत्येक कंपनी का नेतृत्व एसीपी रैंक का अधिकारी कंपनी कमांडर के रूप में करेगा, जबकि इंस्पेक्टर रैंक का अधिकारी असिस्टेंट कमांडर बनकर संचालन और समन्वय देखेगा।

पुलिस के अनुसार इन कंपनियों का मुख्य काम अराजक स्थिति, धरना-प्रदर्शन, भीड़ नियंत्रण, साम्प्रदायिक तनाव, वीआईपी ड्यूटी, आपदा प्रबंधन और अन्य विशेष परिस्थितियों में तुरंत रिस्पांस देना है। प्रशिक्षित और संगठित स्वरूप में काम करने वाली ये कंपनियां कानून व्यवस्था भंग करने वाले हुड़दंगियों से सख्ती से निपटेंगी। गुरुग्राम पुलिस आयुक्त शिबास कबिराज के मुताबिक, भविष्य की जरूरतों और बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए पांच और लॉ-एंड-ऑर्डर कंपनियां गठित करने की योजना है। इनके बनने के बाद जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने, आपातकाल में त्वरित कार्रवाई करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की क्षमता और बढ़ेगी।

# सुपर-स्पेशलिटी डॉक्टर्स को मिलेगा नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउंस : सीएम

## स्वास्थ्य क्षेत्र में 3000 करोड़ रुपए के निवेश से बदलेगी चिकित्सा व्यवस्था, सभी मेडिकल कॉलेजों में मिलेंगी राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक आधुनिक, सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने घोषणा की है कि प्रदेश के सुपर-स्पेशलिटी चिकित्सकों को नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउंस (एनपीए) प्रदान किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करने, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार और विशेषज्ञ सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए कई दूरगामी पहल की गई हैं। इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अब प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों को केवल भवनों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ सेवाओं से सुसज्जित करना है।


स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सुधारों को लेकर सरकार लगातार चिकित्सकों और विशेषज्ञों के साथ संवाद कर रही है। आने वाले महीनों में वह स्वयं विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का दौरा करेंगे और चिकित्सकों से सीधा संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य क्षेत्र के आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण की व्यापक रूपरेखा तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों को पर्याप्त स्टाफ, आधुनिक उपकरण और बेहतर संसाधनों से लैस कर राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के समकक्ष विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आधुनिक चिकित्सा मशीनरी और अत्याधुनिक उपकरणों की खरीद पर लगभग 3000 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इसके अतिरिक्त जिन जिलों में मेडिकल कॉलेज उपलब्ध नहीं हैं, वहां के क्षेत्रीय और जोनल अस्पतालों की सुविधाओं को भी उन्नत बनाया जा रहा है ताकि लोगों को बेहतर उपचार के लिए प्रदेश से बाहर जाने की आवश्यकता न पड़े।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों, पैरामेडिकल कर्मचारियों तथा तकनीकी स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए विभिन्न भर्ती प्रक्रियाएं तेजी से संचालित की जा रही हैं। सरकार के प्रयासों से पहली बार हिमाचल प्रदेश में रोबोटिक सर्जरी जैसी अत्याधुनिक सुविधा शुरू हुई है, जिससे मरीजों को बेहतर और आधुनिक उपचार की सुविधा प्रदेश के भीतर ही उपलब्ध हो रही है।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा वैज्ञानिक विस्तार

**मुख्यमंत्री** ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का वर्गीकरण जनसंख्या के आधार पर किया जाए ताकि वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप चिकित्सक, स्टाफ और आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी घर के निकट गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। बैठक के दौरान विभाग में चल रही विभिन्न भर्ती प्रक्रियाओं तथा स्वास्थ्य परियोजनाओं की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, महाधिवक्ता अनूप रतन, विशेष सचिव डॉ. अश्विनी कुमार शर्मा, जितेंद्र सांजटा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रबंध निदेशक प्रदीप ठाकुर, हिमाचल प्रदेश मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक दिव्यांशु सिंगल सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से युवाओं को मिलेगा नया भविष्य : सुरेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप ने सीपीआरआई शिमला में आयोजित प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेते हुए कहा कि यह योजना युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का द्वार खोलेगी और उन्हें औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि लगभग 99,446 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस महत्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य देशभर में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार अवसर सृजित करना है। कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया, जबकि केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया तथा केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे भी ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बनकर उभरा है, जहां 1.8 लाख से अधिक स्टार्टअप लाखों युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, जनधन योजना तथा पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं से हिमाचल प्रदेश के लाखों परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। कश्यप ने विश्वास जताया कि विकसित भारत रोजगार योजना, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलें देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगी। अभाविप के प्रदर्शन से रुका मुख्यमंत्री का काफिला, छात्र मुद्दों पर जताया विरोध।

### उदयपुर-किलाड़ सड़क के पक्के होने से दो घंटे में पूरा होगा पांगी का सफर: हर्ष महाजन

**अनंत ज्ञान, चंबा/पांगी।** राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के मुख्य अभियंता राजीव कुमार से शिष्टाचार भेंट कर हिमाचल प्रदेश की महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में विशेष रूप से उदयपुर-किलाड़ सड़क के पक्कीकरण कार्य तथा चंबा-पांगी सड़क मार्ग के विकास को लेकर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श हुआ। हर्ष महाजन ने कहा कि उदयपुर से किलाड़ तक सड़क के पक्कीकरण का कार्य पूरा होने के बाद दोनों स्थानों के बीच यात्रा का समय घटकर लगभग दो घंटे रह जाएगा। इससे पांगी घाटी के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का संपर्क कुल्लू सहित अन्य इलाकों से और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से न केवल लोगों की आवाजाही आसान होगी, बल्कि पर्यटन, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। बैठक के दौरान चंबा-पांगी सड़क मार्ग की वर्तमान स्थिति और इसके उन्नयन कार्यों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता राजीव कुमार ने आश्वस्त किया कि इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने के लिए बीआरओ हरसंभव प्रयास करेगा। बीआरओ की ओर से जानकारी दी गई कि संगठन का वार्षिक बजट लगभग 800 करोड़ रुपए है। इस पर हर्ष महाजन ने इसे हिमाचल प्रदेश के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस बजट से सीमावर्ती एवं दुर्गम क्षेत्रों में सड़क संपर्क को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा तथा विकास कार्यों को नई रफ्तार मिलेगी।

### रिज पर विदेशी पर्यटक ने की अभद्रता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर शुक्रवार सुबह एक विदेशी पर्यटक की कथित अभद्र हरकतों का मामला सामने आने से लोगों में नाराजगी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उस समय रिज पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पर्यटक मौजूद थे। इसी दौरान विदेशी नागरिक ने सार्वजनिक स्थल पर अशोभनीय व्यवहार किया और लोगों के साथ अभद्रता की। घटना का वीडियो किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद शिमला पुलिस ने मामले का तुरंत संज्ञान लिया और संबंधित विदेशी नागरिक की पहचान कर उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी अमेरिकी नागरिक जोशुआ क्रिश्चियन के खिलाफ हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम की धारा 114 के तहत सार्वजनिक उपद्रव और अशोभनीय व्यवहार करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर कानून व्यवस्था भंग करने या अनुचित गतिविधियों में शामिल होने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। रिज शिमला का प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां प्रतिदिन हजारों पर्यटक और स्थानीय लोग पहुंचते हैं। ऐसे में सार्वजनिक स्थल पर हुई इस घटना को लेकर लोगों ने चिंता जताई है। शिमला पुलिस ने नागरिकों और पर्यटकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर मर्यादित और जिम्मेदार व्यवहार करें तथा शहर की गरिमा और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें।

# विकसित भारत 2047 के निर्माण में राष्ट्रीय विकास के इंजन बनें विश्वविद्यालय : अनुराग

## निजी विवि गुणवत्ता, नवाचार और किफायती शिक्षा को प्राथमिकता दें

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** सांसद एवं संसदीय स्थायी समिति (कोयला, खान एवं इस्पात) के अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर ने आज मोहाली स्थित चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित भारत उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन-2026 के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। भारतीय निजी विश्वविद्यालय परिसंघ द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का विषय विकसित भारत 2047 की ओर दृ राष्ट्रीय विकास के इंजन के रूप में विश्वविद्यालय रहा।

सम्मेलन में देशभर से 150 से अधिक कुलाधिपति, कुलपति, शिक्षाविद, सरकारी अधिकारी और उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने भाग लिया। अपने संबोधन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तीव्र गति से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने देश की विकास यात्रा को रिफॉर्म एक्सप्रेस की संज्ञा देते हुए कहा कि भारत आज रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की कार्यशैली पर आगे बढ़ रहा है। इसी दृष्टिकोण के कारण भारत विश्व की चैथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाइब्रेंसी रैंकिंग में भी विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंचा हउन्होंने कहा कि ग्रामीण भारत अभूतपूर्व स्तर पर विकास से जुड़ रहा है और नवाचार तथा उद्यमिता के नए केंद्रों के रूप में उभर रहा है। अनुराग ठाकुर ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में देश की शैक्षणिक संरचना में ऐतिहासिक विस्तार हुआ है।



उन्होंने बताया कि आईआईटी की संख्या 16 से बढ़कर 23 तथा आईआईएम की संख्या 13 से बढ़कर 21 हो गई है। वहीं देश में विश्वविद्यालयों की संख्या में लगभग 59.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संयुक्त संसदीय समिति द्वारा विचाराधीन विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक उच्च शिक्षा संस्थानों में संरचनात्मक सुधार और संस्थागत जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह विधेयक विश्वस्तरीय प्रतिभाओं के निर्माण में सहायक बनेगा। अपने संबोधन के समापन में अनुराग ठाकुर ने देश के लगभग 557 निजी विश्वविद्यालयों की शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की, साथ ही उन्हें उनके दायित्वों की भी याद दिलाई। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को मात्र संख्या बढ़ाने के बजाय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार पर विशेष ध्यान देना चाहिए। शिक्षा को अधिक किफायती और सुलभ बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि संस्थानों की पहचान अनुकरण नहीं बल्कि नवाचार से होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के युग में निजी विश्वविद्यालयों को परिवर्तन के वाहक बनकर देश को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभानी होगी।

### एबीवीपी ने की फीस वृद्धि वापस लेने मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के विश्वविद्यालय आगमन के दौरान जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के काफिले के समक्ष पोस्टर और काली पट्टियां दिखाकर प्रदेश सरकार की कथित छात्र एवं युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया। प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में कुछ समय के लिए माहौल गर्माया रहा और छात्रों की विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। अभाविप ने फीस वृद्धि के फैसले को तत्काल वापस लेने, प्रदेश में बंद किए जा रहे शिक्षण संस्थानों को बचाने, बिगड़ती कानून व्यवस्था पर अंकुश लगाने तथा विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए नई बस सेवाएं शुरू करने की मांग की। इकाई अध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने कहा कि इन मुद्दों को लेकर छात्र लंबे समय से परेशान हैं और प्रदेश का युवा भी सरकार की नीतियों से निराश है। उन्होंने बताया कि संगठन की ओर से मुख्यमंत्री को मांगपत्र सौंपा गया, जिस पर मुख्यमंत्री ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अभाविप ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में व्यापक छात्र आंदोलन चलाया जाएगा।

# नीट अभ्यर्थियों को एचआरटीसी बसों में मुफ्त सफर की सुविधा

अनंत ज्ञान

**ऊना।** नीट-2026 परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए प्रदेश सरकार ने एचआरटीसी की साधारण बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। परिवहन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के निर्देशों पर हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) मुख्यालय ने सभी इकाई अधिकारियों को पत्र जारी कर 20 से 22 जून तक नीट अभ्यर्थियों को मुफ्त यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। अग्निहोत्री ने बताया कि प्रदेश के अनेक विद्यार्थी दूरदराज क्षेत्रों से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचते हैं।



◆ **तनावमुक्त होकर परीक्षा दें अभ्यर्थीः उपमुख्यमंत्री**

विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परिवहन संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि विद्यार्थी बिना किसी अतिरिक्त चिंता और आर्थिक बोझ के तनावमुक्त होकर परीक्षा में शामिल हो सकें। एचआरटीसी के निर्देशों के अनुसार यह सुविधा निगम की साधारण बसों में उपलब्ध होगी। अभ्यर्थी अपने नीट एडमिट कार्ड के आधार पर अपने निवास स्थान से परीक्षा केंद्र तक एक बार जाने और एक बार वापस लौटने की निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे। एडमिट कार्ड ही उनकी पहचान, निवास स्थान और परीक्षा केंद्र के प्रमाण के रूप में मान्य होगा।

उपमुख्यमंत्री ने सभी नीट अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है और प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल का नाम रोशन करेंगे।

# बनाल-रियूर में एनएच निर्माण अवैध डंपिंग से घरों को खतरा

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमाचल किसान सभा के नेतृत्व में बनाल-रियूर क्षेत्र के प्रभावित परिवारों ने एसडीएम धर्मपुर के समक्ष एनएच निर्माण कार्य से उत्पन्न समस्याओं और आपदा प्रभावित परिवारों को राहत न मिलने का मुद्दा उठाया। किसान सभा के संयोजक भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि एनएच निर्माण और अवैध डंपिंग के कारण कई घर खतरे की जद में हैं। सुरक्षा दीवारों, रास्तों, नालियों और कलवर्टों का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम धर्मपुर ने निर्माण कंपनी को 30 जून तक सभी सुरक्षा कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार के नुकसान की जिम्मेदारी कंपनी और ठेकेदार की होगी। प्रतिनिधिमंडल ने लौंगिणी पंचायत के स्याठी गांव तथा तनियार पंचायत के हियूंण-बाल्ह गांव के आपदा प्रभावित परिवारों की समस्याएं भी उठाईं। प्रभावितों का कहना है कि घर उजड़ने के बाद भी उन्हें मकान निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध नहीं करवाई गई है तथा किराये की राशि भी सीमित अवधि की ही मिली है। किसान सभा ने प्रभावित परिवारों को भूमि, मुआवजा और वित्तीय सहायता शीघ्र उपलब्ध करवाने की मांग की।


एसडीएम को मांग पत्र सौंपते हिमाचल किसान सभा के पदाधिकारी एवं प्रभावित ग्रामीण। अनंत ज्ञान

### दिव्यांगजनों की पेंशन बढ़ाकर 3000 रुपए करेगी सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. धनी राम शांडिल ने शुक्रवार को ब्लाइंड पर्सन्स एसोसिएशन और नेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लाइंड्स के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं और मांगों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने 100 प्रतिशत दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1700 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से प्रदेश के करीब 7000 लाभार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों में दृष्टिबाधित व्यक्तियों के 311 पद रिक्त हैं, जिनमें से 174 पदों पर भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इनमें शिक्षा, पशुपालन, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों के पद शामिल हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में युवाओं और दिव्यांगजनों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। डॉ. शांडिल ने कहा कि हिम बस कार्ड के माध्यम से निशुल्क यात्रा, कौशल प्रशिक्षण, स्वतंत्र राज्य आयुक्त की नियुक्ति, सहारा पेंशन योजना तथा विशेष विद्यालयों से जुड़े मुद्दों पर भी सकारात्मक और सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

# हमीरपुर में अभी नहीं होंगे जिप-पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** जिले में पंचायत समिति और जिला परिषद की चेयरमैनी, वाइस चेयरमैन के चुनाव कब होंगे? इस पर लगातार संशय बना हुआ है। 6 पंचायत समितियों में से केवल भोरंज पंचायत समिति के ही चुनाव अभी तक हुए हैं। सुजानपुर पंचायत समिति के लिए प्रशासन ने 23 जून फिक्स कर दी थी। इसके लिए जोड़-तोड़ भी शुरू हो चुकी थी, लेकिन इस चुनावी प्रक्रिया को भी तकनीकी कारणों से शुक्रवार दोपहर बाद कैंसिल कर दिया गया है। यही स्थिति बिझड़ी की पंचायत समिति की रही।

◆ **सुजानपुर में चुनाव तकनीकी कारणों से कैंसिल, बिझड़ी में भी आगे खिसका चुनाव**

यही स्थिति जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव की है अभी तक इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई भी कुछ भी खाने के लिए तैयार नहीं है। दीगर बात यह है कि 19 सदस्यीय हमीरपुर जिला परिषद में कांग्रेस के खाते में केवल एक सीट गई है, वह भी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह विधानसभा क्षेत्र की अमलैहड़ सीट है। इस बार के जिला परिषद चुनावों में कांग्रेस को अच्छी खासी मार झेलनी पड़ी है। जो स्थिति इस बार जिला में बरकरार हुई है, वैसी स्थिति विपक्ष में रहते हुए भी कांग्रेस की नहीं देखी गई। पंचायत समितियां में भी कांग्रेस के पास गुदगुदाने के लिए कुछ खास नहीं है। लेकिन जोड़-तोड़ की राजनीति का दौर जारी है और शायद इसीलिए चुनावों को लेकर विलंब किया जा रहा है। जिला पंचायत अधिकारी बबीता गुलेरिया का कहना है कि इस बार अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। सरकार ने इसमें संशोधन किया हुआ है। इसीलिए फिलहाल अभी इंतजार करना पड़ेगा। उनका कहना है कि पंचायत समिति के लिए संबंधित एसडीएम और जिला परिषद के चुनाव के लिए डीसी मैडम ही तारीख तय करेंगी। सुजानपुर के एसडीएम विकास शुक्ला का कहना है कि 23 जून निर्धारित की गई थी लेकिन तकनीकी कारणों की वजह से फिलहाल चुनाव प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है।

# बगैण को मिले दो आधुनिक स्कूल भवन

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विद्यार्थियों को समर्पित की दोनों इमारतें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** ठियोग उपमंडल के बगैण क्षेत्र में शुक्रवार को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई, जब शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया। लगभग 1.12 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इन भवनों के शुरू होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और वर्षों से लंबित मांग पूरी हो गई है।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य के कुल बजट का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर खर्च किया जा रहा है ताकि दूरदराज क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू किया जा रहा है और भविष्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगैण को भी इससे जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। रोहित ठाकुर ने कहा कि सरकार ने शिक्षा विभाग में वर्षों से खाली पड़े पदों को भरने के लिए विशेष अभियान चलाया है। अब तक लगभग नौ हजार पद भरे जा चुके हैं जबकि हजारों पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। उन्होंने वाई.एस. परमार विद्यार्थी ऋण योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए 20 लाख रुपये तक का ऋण मात्र एक प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री ने विद्यालय के खेल मैदान, चारदीवारी, पुराने भवन की मरम्मत, फर्नीचर और कबड्डी मैट उपलब्ध करवाने की घोषणा की।



बगैण में लागों को संबोधित करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। अनंत ज्ञान

**बैठक** उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में परियोजना को लेकर चल रहे विवाद पर हुई चर्चा

# मालवा सिंचाई परियोजना का एक माह में तलाशे समाधान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 22वीं बैठक में मालवा बेल्ट सिंचाई परियोजना को लेकर चल रहे विवाद और विभिन्न राज्यों की चिंताओं पर गंभीर चर्चा हुई। शिमला में आयोजित बैठक में भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। परियोजना से जुड़े तकनीकी, जल उपलब्धता और प्रबंधन संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए परिषद ने सभी पक्षों को आपसी सहमति से समाधान निकालने की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया।

बैठक के दौरान पंजाब के प्रतिनिधियों ने मालवा क्षेत्र के चार जिलों की सिंचाई के लिए प्रस्तावित नई नहर परियोजना पर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। उनका कहना था कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के पास जलाशयों में उपलब्ध जल की मात्रा और भविष्य की जल उपलब्धता को लेकर पर्याप्त एवं संतोषजनक आंकड़े नहीं हैं। पंजाब ने परियोजना के दीर्घकालिक प्रभावों और जल संसाधनों के वैज्ञानिक मूल्यांकन की आवश्यकता पर बल देते हुए विस्तृत तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने की मांग उठाई।



इस पर बीबीएमबी अधिकारियों ने परिषद को अवगत कराया कि जल उपलब्धता और भंडारण क्षमता का वैज्ञानिक आकलन करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ को अध्ययन का कार्य सौंपा गया है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि अध्ययन रिपोर्ट के आधार पर परियोजना के तकनीकी पहलुओं का व्यापक विश्लेषण किया जाएगा, जिससे सभी पक्षों की शंकाओं का समाधान करने में सहायता मिलेगी। बैठक में हिमाचल के मुख्य सचिव पंत ने भी महत्वपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए कहा कि पंजाब सरकार और उसके प्रतिनिधियों को परियोजना से जुड़े तकनीकी तथ्यों, जल उपलब्धता तथा प्रबंधन संबंधी आंकड़ों के आधार पर संतुष्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और तथ्यात्मक जानकारी के माध्यम से ही अनावश्यक आशंकाओं को दूर किया जा सकता है तथा परियोजना को लेकर सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा सकता है। वहीं हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने भी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) उपलब्ध कराने की मांग करते हुए जल प्रबंधन संबंधी पहलुओं का गहन अध्ययन किए जाने पर जोर दिया।

### सहयोग के रास्ते आगे बढ़ने का आह्वान

**केंद्रीय** जल आयोग के अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ ऐतिहासिक रूप से एक साझा प्रशासनिक इकाई का हिस्सा रहे हैं और क्षेत्रीय विकास के लिए सभी राज्यों को सहयोग एवं सहमति की भावना से आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बीबीएमबी और पंजाब के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि लंबित मुद्दों का समाधान एक माह के भीतर खोजा जाए। साथ ही यह भी तय किया गया कि अगले दो सप्ताह के भीतर संबंधित पक्षों की एक और बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें उठाई गई आपत्तियों, तकनीकी प्रश्नों और जल प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर समाधान की दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित की जाएगी।